www.epaper.azadsipahi.in

10 दिसंबर, 2025
पौष, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00


कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 11, अंक 52

भाजपा देश में चुनाव सुधार नहीं चाहती : राहुल गांधी






# भारत को अपने विकास की राह खुद तय करनी होगी: गौतम अडानी

- धनबाद के आइआइटी (आइएसएम) शताब्दी समारोह में हुए शामिल
- छात्रों को दिया तोहफा, इंटर्नशिप और नौकरी का दिया भरोसा
- माइनिंग एक्सीलेंस सेंटर शुरू करने की भी घोषणा




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** आइआइटी (आइएसएम) धनबाद के शताब्दी समारोह के मौके पर अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज जब वैश्विक गठबंधन टूट रहे हैं और देश अपने हितों को सर्वोपरि मान रहे हैं, ऐसे समय में भारत को अपनी विकास की राह खुद तय करनी होगी। भारत की संप्रभुता अब दो स्तंभों पर निर्भर करती है। हमारे पैरों के नीचे की संपदा और वह ऊर्जा जो विकास को गति देती है।

**नैरेटिव कॉलोनाइजेशन से सतर्क रहने की जरूरत:** अडानी ने चेताया कि नैरेटिव कॉलोनाइजेशन से सावधान रहने की जरूरत है। जिन देशों ने ऐतिहासिक रूप से सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन किया है, वे अब भारत को यह बताना चाहते हैं कि उसे कैसे विकसित होना चाहिये, जबकि भारत की प्रति व्यक्ति उत्सर्जन दर दुनिया में सबसे कम है। उन्होंने देश को दूसरे स्वतंत्रता संग्राम के लिए तैयार रहने की बात कही। अडाणी ने कहा कि भारत को बाहरी दबावों के आगे नहीं झुकना चाहिए, जो हमारे सपनों को अवैध ठहराते हैं। यह समय भारत के लिए आर्थिक और संसाधन स्वतंत्रता का दूसरा स्वतंत्रता संग्राम है। उन्होंने कहा कि लोग खनन को पुरानी अर्थव्यवस्था कह सकते हैं। लेकिन इसके बिना, कोई नयी अर्थव्यवस्था नहीं है।

## आइआइटी (आइएसएम) की भूमिका को सराहा

गौतम अडानी ने इस मौके पर आइएसएम धनबाद के स्वर्णिम इतिहास को भी सराहा। उन्होंने कहा कि आइआइटी (आइएसएम) धनबाद की स्थापना देश की दूरदृष्टि का परिणाम थी। ब्रिटिश शासन के दौरान भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने इस संस्थान की स्थापना की सिफारिश की थी, ताकि भारत खनन और भूविज्ञान में अपनी क्षमताएं विकसित कर सके। अडानी ग्रुप की ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए उन्होंने बताया कि ग्रुप ने ऑस्ट्रेलिया के कारमाइकल प्रोजेक्ट को कई चुनौतियों के बावजूद सफलतापूर्वक संचालित किया और गुजरात के खावड़ा में दुनिया का सबसे बड़ा रिन्यूएबल एनर्जी पार्क विकसित किया।

## हर वर्ष 50 छात्रों को पेड इंटर्नशिप देंगे

इस मौके पर गौतम अडानी ने आइआइटी (आइएसएम) धनबाद में नया अडानी 3एस माइनिंग एक्सीलेंस सेंटर शुरू करने की घोषणा की। यह माइनिंग एक्सिलेंस सेंटर टेक्समीन के साथ साझेदारी में विकसित किया जायेगा, जिसमें मेटावर्स लैब, ड्रोन बेड़े, भूकंपीय सेंसिंग सिस्टम और सटीक खनन प्रौद्योगिकियां शामिल हैं। इस मौके पर गौतम अडानी ने छात्रों के लिए पेड इंटर्नशिप प्रोग्राम की घोषणा भी की। इसके तहत हर साल तीसरे वर्ष के 50 छात्रों को पेड इंटर्नशिप प्रदान की जायेंगी। इसके बाद, इनमें से कम से कम 25% छात्रों को अडानी समूह के लिए रोजगार-पूर्व प्रस्ताव प्राप्त मिलेंगे। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्भीक होकर सपने देखें, लगातार प्रयास करें, इनोवेशन को अपनायें और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दें।

(पेज-2 भी देखें)

### विधानसभा शीतकालीन सत्र : तीसरे दिन निर्बाध चली कार्यवाही

# स्वास्थ्य, शिक्षा और बालू पर गरमाया सदन

- नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल ने मेडिकल काउंसलिंग में गड़बड़ी पर रखी बात
- 7,721.25 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित
- बजट पर चर्चा के दौरान विपक्ष के सदस्यों ने सरकार को घेरा
- वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सरकार की तरफ से दिया जवाब

**मनीष सिंह**

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को कार्यवाही सुचारू रूप से चली। प्रश्नकाल, शून्यकाल और ध्यानाकर्षण पर सत्ता पक्ष और विपक्ष ने सरकार से सवाल किया। स्वास्थ्य, शिक्षा और बालू से जुड़े सवालों पर सदन गरमाया। वहीं, दूसरी पाली में सदन से 7,721.25 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट पारित हुआ। इससे पहले अनुपूरक बजट पर चर्चा हुई। इस दौरान विपक्ष ने सरकार को घेरने का प्रयास किया। वहीं, सरकार की तरफ से वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदस्यों के एक-एक बातों का जवाब दिया। उधर, विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने मेडिकल काउंसलिंग का मुद्दा उठाया।

**बालू का हो रहा अवैध खनन: शशि भूषण मेहता :** बाबूलाल की बातों के बाद प्रश्नकाल शुरू हुआ। भाजपा विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने बालू घाटों की नीलामी का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि माइंस डेवलपमेंट ऑपरेटर का चयन कम दर पर किये जाने के कारण राज्य को राजस्व का नुकसान हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में बालू खनिज से प्राप्त राजस्व की तुलना में अवैध खनन से दंड के रूप में राशि मिल रही है। इसके जवाब में प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि एमडीओ का कम दर पर चयन होने से राशि के नुकसान की बात बेबुनियाद है, बल्कि इससे सरकार को फायदा होता है। उन्होंने दावा किया के राज्य में 374 घाट ऐसे हैं, जहां केवल 100 रुपये में 100 सीएफटी बालू ग्राम सभा के माध्यम से दिया जा रहा है। उन्होंने स्वीकार किया कि पेसा नियमावली लागू नहीं होने की वजह से हाइकोर्ट के आदेश पर बालू घाट की नीलामी पर रोक लगी हुई है, फिर भी प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास के निर्माण के लिए बालू की कोई कमी नहीं है। इस पर भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने मंत्री से पूछा कि उन्हें बताना चाहिये कि किस जिला और किस शहर में 100 रुपये में 100 सीएफटी बालू मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा है तो एक ट्रैक्टर की कीमत महज 200 रुपये होनी चाहिये। विपक्ष ने मंत्री से बालू घाट से हुए राजस्व का डाटा सार्वजनिक करने की मांग की।

**मो. ताजुद्दीन ने ट्रॉमा सेंटर खोलने की मांग की:** विधायक मो. ताजुद्दीन ने राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर का संचालन नहीं होने से आम नागरिकों को दुर्घटना के समय आकस्मिक सुविधा नहीं मिलने का मामला उठाया। जिसकी वजह से लोगों को जान गंवाना पड़ता है। मंत्री इरफान ने कहा कि वह खुद स्पॉट पर जाकर मामले का निरीक्षण करेंगे। डॉक्टर की कमी की वजह से संचालन सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है, इसको गंभीरता से देखा जायेगा।

**शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों की कमी: अमित कुमार :** विधायक अमित कुमार यादव ने हजारीबाग के बरकट्ठा स्थित डिग्री कॉलेज में शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के नहीं रहने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि बिना कोई व्यवस्था किये बच्चों का दाखिला क्यों लिया गया। उनके भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है, उसके लिए जिम्मेदार कौन है। जवाब में मंत्री सुदिव्य ने कहा कि प्रभारी प्राचार्य को नियुक्त कर दिया गया है। छात्रों को दिक्कत जरूर हो रही है, लेकिन बहाली की प्रक्रिया में वक्त लगता है, इसको दुरुस्त कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि बहाली की प्रक्रिया शुरू होने पर सीबीआइ जांच और कोर्ट में मामला पहुंच जाता है। अगर अभिभावक चाहेंगे, तो बच्चों को दूसरी जगह एडजस्ट किया जायेगा।

**रागिनी सिंह ने किडनी रोगियों का मामला उठाया:** विधायक रागिनी सिंह ने एसएनएमसीएच के साथ-साथ धनबाद से सटे अन्य जिलों के किडनी रोगियों को मुकम्मल इलाज नहीं होने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में गंदगी है, मशीनें खराब पड़ी हैं, डायलिसिस नहीं हो पा रहा है। मंत्री इरफान ने कहा कि नयी बिल्डिंग में इसको शिफ्ट किया जाना है, इसको लेकर सरकार गंभीर है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह बहुत जल्द विधायक के साथ अस्पताल का निरीक्षण करेंगे और व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।




## पोर्टल लिंक नहीं होने से काउंसलिंग में धांधली हो रही: बाबूलाल

मंगलवार को सदन की कार्यवाही 11 बजे शुरू हुई। कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सोमवार को सारा दिन हंगमा किया तो सरकार ने किसानों से धान खरीद की राशि तय की। विपक्ष हंगामा करना नहीं चाहता। सरकार से समस्याओं का निदान चाहता है। उन्होंने कहा कि झारखंड संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा के पोर्टल को एनपीए के पोर्टल के साथ लिंक किया जाये। उन्होंने आरोप लगाया की दोनों पोर्टल के लिंक नहीं होने की वजह से काउंसलिंग में धांधली हो रही है। लिहाजा, मेडिकल काउंसिल के गाइडलाइन का पालन होना चाहिये।

## घोटाला नहीं, गड़बड़ी हुई, जांच जारी: इरफान

विधायक राज सिन्हा ने वृद्धों के बीच सपोर्टिंग डिवाइस ऑथोर्पेडिक कैलीपर्स की जगह मापने वाला वर्नियर कैलिपर्स खरीदने का मामला उठाया। मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि जांच चल रही है, रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि इसको घोटाला नहीं कहा जा सकता, क्योंकि महज 2 लाख 48 हजार 500 का सामान था। मंत्री ने माना कि लालदेव रजक नामक शख्स ने विभाग को गुमराह किया था।

## थैलेसीमिया के आंकड़ों पर इरफान और प्रदीप फिर भिड़े, गरमाया सदन

रांची (आजाद सिपाही)। सत्र में मंगलवार को ध्यानाकर्षण के समय थैलेसीमिया और बोन मैरो ट्रांसप्लांट को लेकर ममाला काफी गरमाया। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और उनकी ही पार्टी के विधायक प्रदीप यादव के बीच तीखी बहस हुई। स्थिति इतनी बिगड़ गयी कि स्पीकर रबींद्रनाथ महतो को मामला शांत कराना पड़ा। दरअसल विधायक प्रदीप यादव ने पूछा कि राज्य में थैलेसीमिया मरीजों की कुल संख्या कितनी है। बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा कहां उपलब्ध है। सरकार क्या आर्थिक मदद दे रही है। जवाब देते हुए मंत्री इरफान अंसारी उलझन में दिखे और माना कि सरकार के पास थैलेसीमिया मरीजों का अपडेटेड डेटा मौजूद नहीं है। इस पर भाजपा विधायकों ने 'शेम-शेम' कहकर हल्ला किया और सरकार पर सवाल उठाये। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि निजी अस्पताल बिना पैसे लिये इलाज नहीं करते, लेकिन मंत्री सवालों का सीधा जवाब नहीं दे रहे। प्रदीप यादव ने बार-बार पूछा कि क्या राज्य सरकार थैलेसीमिया मरीजों को मुफ्त रक्त देती है और क्या अन्य राज्यों की तरह 15-20 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता देने की योजना है। मंत्री इन सवालों पर भी स्पष्ट जवाब नहीं दे सके। लगातार बढ़ते विवाद को देखते हुए स्पीकर ने प्रदीप यादव से कहा कि वे मंत्री के चैंबर में जाकर विस्तृत जानकारी ले लें।

# परमवीर अलबर्ट एक्का की प्रतिमा तोड़ने के विरोध में 11 को गुमला बंद का एलान

- आजाद सिपाही ने 6 दिसंबर को उठाया था मामला
- रांची से लेकर गुमला तक के कई संगठन आये साथ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** आजाद सिपाही ने 6 दिसंबर को प्रकाशित अखबार में परमवीर अल्बर्ट एक्का की पुरानी प्रतिमा को अपमानजनक ढंग से तोड़े जाने का मामला उठाया था। इसके बाद सामाजिक संगठन आगे आये और परमवीर की प्रतिमा के साथ हुए अपमान पर अपनी नाराजगी जतायी और विरोध दर्ज कराया। इसके बाद कई संगठनों ने इस मामले को लेकर आंदोलन की घोषणा कर दी। परमवीर चक्र विजेता शहीद अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा को अपमानित अंदाज में तोड़े जाने के विरोध में 11 दिसंबर को गुमला बंद रखने का आह्वान किया गया है। यह घोषणा ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट, झारखंड, राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद, आदिवासी उलगुलान मंच, भूतपूर्व सैनिक कल्याण परमवीर अल्बर्ट एक्का फाउंडेशन, आदिवासी छात्र संघ, गुमला, गुमला जिला आदिवासी बुद्धिजीवी मंच, शहीद स्मारक समिति, झारखंड सहित और कुछ सामाजिक संगठनों ने की है।

**उपायुक्त को निलंबित करने की मांग:** यूनियनों के पदाधिकारियों ने कहा कि जिला उपायुक्त द्वारा गुमला जिला की पहचान शान और सम्मान परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का की ऐतिहासिक प्रतिमा को बुलडोजर चलवाकर तोड़ दिया गया है। यह पूरे देश, झारखंड और गुमला का अपमान है और देशद्रोही कृत्य है। इस अपमान के विरोध में गुमला जिला के उपायुक्त को निलंबित करने की मांग को लेकर दिनांक 11 दिसंबर को शांतिपूर्ण बंद का आह्वान किया गया है। यह जानकारी ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनोरिटी फ्रंट, झारखंड के महासचिव प्रवीण कच्छप अजीत तिर्की, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष त्योफिल बिलुंग, अरविंद कच्छप, जितेश मिंज, सुबेदार लक्ष्मण बड़ाइक, महावीर उरांव, रोबर्ट टोप्पो,इरेनियुस मिंज,होशियाना तिर्की, जेवियर किंडो, बेरनारड कुजूर, उत्तम बेक, हेमंत कुमार, अमित एक्का द्वारा दी जा रही है।

**अपमान या सम्मान : नयी मूर्ति लगाने के नाम पर जेसीबी से गिरा दी गयी परमवीर की प्रतिमा**




## संगठनों से मांगा समर्थन और सहयोग

गुमला बंद को सफल बनाने के लिए गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स, गुमला बस एसोसिएशन, गुमला व्यवसायी संघ, गुमला टेंपो एसोसिएशन एवं अन्य संस्थाओं स्कूल कालेज के संचालकों से भी अपील की गयी है कि गुमला शांतिपूर्ण बन्द का समर्थन कर परमवीर अल्बर्ट एक्का को सम्मान दें।

## प्रतिमा की गुणवत्ता की जांच होनी चाहिए

उधर, रांची से झारखंड आंदोलनकारी और जनजातीय परामर्शदातृ परिषद के सदस्य सह परमवीर अल्बर्ट एक्का फाउंडेशन के मैनेजिंग ट्रस्टी रतन तिर्की ने कहा कि जिला प्रशासन को परमवीर अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा की एनाटॉमी और गुणवत्ता की जांच करानी चाहिए, ताकि कोई भी कमी न रहे।

# शराब घोटाला: दुमका में श्रवण जालान के रिश्तेदार के घर पर एसीबी की रेड

- निलंबित आइएएस विनय चौबे से जुड़ा है मामला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**दुमका।** झारखंड शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने दुमका में बड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार की सुबह एसीबी की एक टीम ने व्यवसायी श्रवण जालान के एक करीबी रिश्तेदार नवीन पटवारी के आवास पर छापेमारी की। जानकारी के मुताबिक नवीन पटवारी और उनके तीन भाई आवास में रहते हैं। कार्रवाई के दौरान पटवारी के आवास के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी। पूरे क्षेत्र में सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी गयी और आवास के चारों ओर बैरिकेडिंग की गयी। खबर लिखे जाने तक एसीबी की टीम जांच में जुटी हुई थी। छापेमारी में एसीबी को क्या-क्या मिला इसका अधिकारिक रूप से कुछ भी खुलासा नहीं किया गया है। हालांकि सूत्रों की मानें तो टीम ने कुछ कागजात जब्त किये हैं। बताते चलें कि व्यवसायी श्रवण कुमार निलंबित आइएएस विनय चौबे के करीबी माने जाते हैं। श्रवण जालान के घर व ऑफिस में एसीबी ने सोमवार को छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान श्रवण जालान अपने आवास पर मौजूद नहीं थे। एसीबी जल्द ही श्रवण जालान को पूछताछ के लिए समन जारी करेगी।

### राजधानी रांची के पुराने दिन लौटेंगे

# हाइकोर्ट ने महाधिवक्ता की अध्यक्षता में बनायी कमिटी

- कोर्ट ने समग्र रूप से व्यवस्था सुधारने को लेकर दिया निर्देश
- कमेटी की आज होगी बैठक अगली सुनवाई 12 दिसंबर को

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राजधानी रांची की अव्यवस्थित स्थिति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए शहर के समग्र सुधार के लिए सरकार और संबंधित विभागों को तुरंत ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने साफ किया कि राजधानी की व्यवस्था सुधारना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है और अब देरी बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

**सभी हितधारकों को एक मंच पर लाना जरूरी:** चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने टिप्पणी की कि रांची शहर की समस्याओं के समाधान के लिए सभी हितधारकों को एक मंच पर लाना जरूरी है। इसी उद्देश्य से अदालत ने उच्चस्तरीय समिति के गठन की घोषणा की है। अदालत ने निर्देश दिया है कि समिति की पहली बैठक 10 दिसंबर 2025 को शाम 5 बजे महाधिवक्ता राजीव रंजन के कार्यालय में आयोजित की जाये। कोर्ट ने उम्मीद जतायी है कि सभी सदस्य व्यक्तिगत रूप से बैठक में शामिल होंगे, हालांकि आवश्यकता पड़ने पर वर्चुअल उपस्थिति की अनुमति भी दी गयी है। मामले की अगली सुनवाई 12 दिसंबर को होगी।




## समिति में ये लोग शामिल हैं

खंडपीठ द्वारा गठित इस महत्वपूर्ण समिति की अध्यक्षता राज्य के महाधिवक्ता राजीव रंजन करेंगे। समिति में मुख्य सचिव, झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), शहरी विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव, ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव, रांची स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन के चेयरमैन-कम-एमडी, रांची नगर निगम के नगर आयुक्त, उपायुक्त रांची, एसएसपी रांची, ट्रैफिक एसपी और झारखंड हाइकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव को शामिल किया गया है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 10 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने पहला कदम स्कूल का किया दौरा

## दिव्यांग बच्चों के लिए नयी उड़ान कैफे का शुभारंभ और 3 करोड़ के विशेष सहयोग की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मंगलवार को पहला कदम स्कूल नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित पहला कदम स्कूल आज उस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना, जब अडानी समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष गौतम अडानी ने स्कूल का दौरा किया, दिव्यांग बच्चों से मुलाकात की और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण घोषणा की। विद्यालय के भ्रमण के दौरान, बच्चों की क्षमताओं और ट्रस्ट के कार्य को समझने के उपरांत, गौतम अडानी ने नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट के लिए 3 करोड़ रुपये का विशेष सहयोग घोषित किया, जो अगले 3 वर्षों तक प्रति




वर्ष 1 करोड़ की राशि के रूप में प्रदान किया जायेगा। यह सहयोग दिव्यांग बच्चों की शिक्षा, थेरेपी, व्यावसायिक प्रशिक्षण और नये अवसरों के सृजनमें महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। यह घोषणा पहला कदम स्कूल के लिए एक मील का पत्थर है और झारखंड में दिव्यांग बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण सेवाएं बढ़ाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगी।इस विशेष अवसर पर गौतम अडानी ने दिव्यांग बच्चों के लिए तैयार नयी उड़ान कैफे का उद्घाटन भी किया। यह कैफे विभिन्न क्षमताओं वाले बच्चों को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करेगा, जिसमें कैफे संचालन, सर्विंग एवं ग्राहक सेवा, रसोई एवं खाद्य प्रबंधन, स्वच्छता एवं हाइजीन, व्यावहारिक कार्य अनुभव शामिल है। इस कैफे का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को स्वावलंबन, आत्मविश्वास, और रोजगार के अवसर प्रदान करना है। पहला कदम में गौतम अडानी ने बच्चों से आत्मीयता से बातचीत की, उनकी उम्मीदों और चुनौतियों को समझा, और उनके विकास हेतु विशेषज्ञों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा समाज के हर बच्चे को समान अवसर मिलना चाहिए। नयी उड़ान कैफे जैसे प्रयास बच्चों को कौशल, आत्मसम्मान और सामाजिक पहचान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। इस कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विशेषज्ञ, अभिभावक, समाजसेवी एवं अडानी समूह के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने इस ऐतिहासिक पहल की सराहना की।

**नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट की प्रतिबद्धता :** नयी उड़ान कैफेका शुभारंभ और 3 करोड़ का समर्थन दोनों मिल कर झारखंड में दिव्यांग बच्चों के जीवन में नये अध्याय का आरंभ करते हैं।नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट का बच्चों को गुणवत्तापूर्ण थेरेपी, समावेशी शिक्षा, व्यावसायिक कौशल,और जीवन में बराबरी का अवसर सुनिश्चित करना उद्देश्य है।

# मुर्शिदाबाद बाबरी मस्जिद : अब तक मिला ढाई करोड़ का दान

**लोग दान नकदी और आनलाइन दोनों तरीके से दे रहे हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** बंगाल में निलंबित टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर द्वारा बाबरी मस्जिद बनाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत अब तक करीब ढाई करोड़ रुपये का दान मिल चुका है। हुमायूं के करीबी लोगों ने बताया कि चंदे के लिए जगह-जगह लगाये गये दानपत्र लगभग भर चुके हैं और नकदी गिनने वाली मशीनों की मदद से रात भर चंदे की गिनती चलती रही। उन्होंने बताया कि लोग दान नकदी और आनलाइन दोनों तरीके से दे रहे हैं। कबीर ने शनिवार को मुर्शिदाबाद के रेजिनगर में मस्जिद की आधारशिला रखी। उन्होंने बताया कि मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में प्रस्तावित बाबरी मस्जिद के निर्माण पर लगभग 300 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पूरी राशि अल्पसंख्यकों द्वारा दान की जायेगी। एक व्यक्ति 80



करोड़ रुपये दान कर रहा है। हुमायूं के पास 25 बीघा जमीन है। उसमें से तीन के जमीन पर मस्जिद की आधारशिला रखी गयी है। 25 बीघा जमीन पर एक इस्लामिक अस्पताल, विश्वविद्यालय, हेलीपैड और एक यात्री लाउंज भी बनाया जायेगा। बता दें कि प्रस्तावित बाबरी मस्जिद के निर्माण में अपना योगदान देने के लिए कई लोग ईंट, सीमेंट, सरिया आदि लेकर भी बेलडांगा पहुंच रहे हैं।

## प्राथमिक विद्यालय हुआ शिक्षकविहीन, शिक्षा से वंचित हुए छात्र

# 92 बच्चों वाला विद्यालय में शिक्षक नहीं, ग्रामीण चिंतित

जितेंद्र कुमार यादव

**डंडई (गढ़वा) (आजाद सिपाही)।** डंडई प्रखंड अंतर्गत रारो पंचायत स्थित नव प्राथमिक विद्यालय पथलाही टोला इन दिनों गंभीर शैक्षणिक संकट से जूझ रहा है। स्थिति इतनी दयनीय हो चुकी है कि विद्यालय में एक भी शिक्षक उपलब्ध नहीं है। शिक्षा के अधिकार के युग में बच्चों को पढ़ाई से वंचित होना ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बन गया है।

विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशीष यादव ने इस संबंध में प्रखंड संसाधन केंद्र से तुरंत शिक्षक भेजने की मांग की है, ताकि बच्चों की शिक्षा बाधित न हो।

**एकमात्र शिक्षक के चले जाने के बाद हुई ऐसी स्थिति :** गौरतलब है कि प्राथमिक विद्यालय पतलाही टोला रारो में कुल नामांकित बच्चों की संख्या 92 है। उक्त प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक मनोज कुमार पदस्थापित थे।

लेकिन हाल ही में उनकी नियुक्ति सहायक आचार्य के रूप में हो गयी।

जिसके बाद वे पलामू के दूसरे विद्यालय में चले गये। उनके जाते ही विद्यालय पूरी तरह शिक्षक-विहीन हो गया।

इधर शुरू में 2-3 दिनों तक बीआरसी की ओर से अस्थायी रूप से शिक्षक भेजे गये। लेकिन बाद में यह व्यवस्था भी बंद हो गयी।

इसके कारण न तो बच्चों की कक्षाएं संचालित हो पा रहीं हैं और न ही विद्यालय का नियमित संचालन हो रहा है।




### भटक रहे हैं विद्यालय के बच्चे

शिक्षक नहीं होने के कारण बच्चों कि पढ़ाई बाधित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके बच्चे विद्यालय पहुंचते तो हैं, मगर कक्षा संचालन नहीं होने के कारण उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है। कई बच्चे स्कूल के परिसर में खेलकर समय व्यतीत कर रहे हैं, जबकि कई ने स्कूल जाना ही कम कर दिया है। यह स्थिति प्राथमिक शिक्षा के स्तर पर गंभीर असर डाल रही है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने इस विषय को गंभीर बताते हुए कहा कि यदि जल्द शिक्षक नहीं भेजा गया, तो बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जायेगा। उन्होंने बीआरसी से तत्काल स्थायी शिक्षक की नियुक्ति या वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि सरकार विद्यालयों में शिक्षा सुधार को लेकर कई योजनाएं चला रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर आज भी कई विद्यालय शिक्षक-विहीन होकर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं।

### बच्चों की पढ़ाई पर गंभीर प्रभाव

शिक्षक नहीं होने से बच्चों की शैक्षणिक प्रगति रुक गयी है। कई बच्चों के अभिभावकों ने बताया कि उनके बच्चे पहली से पांचवीं तक पढ़ते हैं, लेकिन नियमित कक्षाओं के अभाव में वे पिछड़ते जा रहे हैं। परीक्षा नजदीक आने के बावजूद भी बच्चों को पढ़ाई का माहौल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। कुछ बच्चे स्कूल जाते हैं और मध्याह्न भोजन कर लौट आते हैं। स्कूल में उन्हें देखने वाला कोई नहीं है। शिक्षा प्रेमियों का भी कहना है कि प्राथमिक स्तर पर निरंतर पढ़ाई बेहद जरूरी होती है। क्योंकि इसी नींव पर आगे की शिक्षा आधारित होती है। शिक्षक न होना बच्चों की सीखने की क्षमता पर गहरा प्रभाव डालता है।

### विद्यालय में जल्द स्थायी शिक्षक भेजा जायेगा: डीएसइ

मामले में जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज ने बताया कि विद्यालय में जल्द स्थाई शिक्षक भेजा जायेगा।

### ग्रामीणों में आक्रोश, समाधान की राह देख रहे

गांव में इस मुद्दे को लेकर अभिभावकों और ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि विद्यालयों में शिक्षक की कमी कोई नई समस्या नहीं है, लेकिन प्राथमिक विद्यालय जैसे बुनियादी संस्थानों का इस तरह होना बेहद चिंता का विषय है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता, तो वे सामूहिक रूप से बीआरसी और प्रखंड मुख्यालय जाकर प्रदर्शन करेंगे।

# एंबुलेंस नहीं मिली तो माची पर बैठा घर ले गये परिजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**लिट्टीपाड़ा।** प्रखंड के कुंजबोना पंचायत स्थित मालिपाड़ा गांव की जर्जर सड़कें आज भी ग्रामीणों की सबसे बड़ी परेशानियों का समस्या बनी हुई हैं। जानकारी के अनुसार सोमवार को एक बीमार महिला को घर तक पहुंचाने के लिए परिजन को समय पर एंबुलेंस मिला और न ही कोई वाहन मिली, जिससे परिजन काफी परेशान हो गये। उसके बाद परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से माची पर बैठा कर कच्चे एवं टूटे रास्तों से होकर घर ले जाते देखा गया। मालीपाड़ा गांव की सड़क जर्जर एवं पत्थरीला होने के कारण बीमार महिला तालामोई किस्कू को माची से घर लेकर गयी।

### गांव के लोगों को कब मिलेगी सड़क और वाहन

ग्रामीणों के अनुसार सड़क कई वर्षों से पूरी तरह बदहाल है। गहरे गड्ढे, कीचड़ और दलदली रास्तों के कारण बरसात में एंबुलेंस तो दूर, बाइक से जाना भी मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों ने बार-बार प्रशासन से सड़क निर्माण की मांग की है, लेकिन अब तक प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि सड़क निर्माण को लेकर कोई पहल नहीं कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यदि सड़क की मरम्मत जल्द शुरू नहीं की गयी, तो आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# घुसपैठियों को जल्द से जल्द जाति, जनजाति प्रमाण पत्र देने के लिए शिविर लगा रही बंगाल सरकार : सुवेंदु

- भाजपा नेता ने ममता सरकार पर लगाया बड़ा आरोप- निर्वाचन आयोग से जांच का आग्रह किया
- कहा- एसआइआर प्रक्रिया टीएमसी के मतदाता धोखाधड़ी रैकेट को बेनकाब करने वाली है

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने मंगलवार को गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार घुसपैठियों और फर्जी दावेदारों को जल्द से जल्द अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) प्रमाण पत्र जारी करने के लिए शिविर लगा रही है। सुवेंदु ने मुर्शिदाबाद जिले के कांदी में पंचायत कार्यालयों में आठ से 12 दिसंबर तक ऐसे तीन शिविरों के बारे में जारी प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) के एक ज्ञापन को साझा करते हुए निर्वाचन आयोग से 24 जून के बाद जारी सभी प्रमाण पत्रों की बारीकी से जांच करने का आग्रह किया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया, यह हड़बड़ी इसलिए क्योंकि आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) प्रक्रिया उनके (टीएमसी के) मतदाता धोखाधड़ी रैकेट को बेनकाब करने वाली है।

नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के वोट बैंक का एक बड़ा हिस्सा 2002 की मतदाता सूची से अपना नाम नहीं जोड़ पा रहा है इसलिए हताशा में ये कदम उठाए जा रहे हैं।

भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि यह ऐसे अयोग्य मतदाताओं को प्रमाण पत्रों जारी करने का खुला प्रयास है, जो निर्वाचन आयोग के दस्तावेजों की सूची से मेल खाते हैं। उन्होंने इसे फर्जी एससी, एसटी, ओबीसी प्रमाण पत्रों की बाढ़ लाकर लोकतंत्र का मजाक उड़ाने का प्रयास करार दिया। अधिकारी ने कहा कि इस प्रयास से वास्तव में हाशिए पर खड़े समुदायों को उनके लाभों से वंचित होना पड़ेगा।

उन्होंने निर्वाचन आयोग से प्रत्येक प्रमाण पत्र की गहन जांच करने और केंद्र द्वारा सूचीबद्ध समुदाय से उनके मिलान को सुनिश्चित करने का आग्रह किया। भाजपा नेता ने कहा कि बंगाल सरकार अयोग्य लोगों को ओबीसी प्रमाण पत्र जारी करती रही है, जिसे माननीय अदालतों ने भी रद्द किया है।

## बंगाल में चलनी शुरू हो गयी है सत्ता विरोधी लहर : सुवेंदु

**नेता प्रतिपक्ष ने कहा : राज्य के लोगों का ममता सरकार से उठ गया है भरोसा**



**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** भाजपा विधायक एवं नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को कहा कि बंगाल के लोगों का ममता बनर्जी की सरकार से भरोसा उठ गया है। राज्य में सत्ता विरोधी लहर चलनी शुरू हो गयी है। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी प्रासंगिक बने रहने के लिए अब विज्ञापनों का सहारा लेने की रणनीति अपना रही है। मोदी सरकार ने बंगाल में 30,000 करोड़ रुपये की लागत से 40 लाख घरों का निर्माण करवाया है। राज्य की जनता को ममता सरकार से पूछना चाहिए कि उन्हें वे घर क्यों नहीं मिले? मोदी सरकार ने 'हर घर नल से जल- योजना के लिए 8,000 करोड़ भेजे हैं, इसके बावजूद यहां की जनता को पानी का कनेक्शन नहीं मिल पाया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सरकारी स्कूलों में होने वाली प्रार्थना के तौर पर राष्ट्रगीत को हटा कर राज्य गीत कर दिया है। यह राष्ट्रगीत एवं इसके रचयिता बंकिम चंद्र चटर्जी का अपमान है। नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि भाजपा का लक्ष्य बंगाल में अपना वोट प्रतिशत 39 से बढ़ाकर 51 प्रतिशत करना है और 50 लाख नये वोट को अपने पक्ष में लाना है, ताकि यहां सही मायने में बदलाव किया जा सके।

वहीं भाजपा के आइटी सेल के प्रमुख एव बंगाल में पार्टी के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने कहा कि तृणमूल भाजपा पर बंगाल के मनीषियों के अपमान का आरोप लगाती है जबकि उसके अपने कार्यकर्ताओं ने गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के जोड़ासांको स्थित पैतृक घर पर अतिक्रमण कर वहां अपना कार्यालय खोल लिया था। हाइकोर्ट के आदेश पर वहां से पार्टी कार्यालय हटाना पड़ा था। इस मामले में मुख्यमंत्री की चुप्पी उनकी सहमति को दर्शाती है। ममता सरकार ने शांतिनिकेतन के पास विश्व बांग्ला विश्वविद्यालय की स्थापना करके गुरुदेव की विरासत को चुनौती देने का भी प्रयास किया। मलवीय ने आगे कहा कि भाजपा बंगाल की ही पार्टी है। इसके संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंगाल की धरती के पुत्र हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में 2.3 करोड़ से अधिक बंगालियों ने भाजपा के समर्थन में मतदान किया था। क्या वे दूसरे ग्रहों के प्राणी थे?

# बांग्लादेश में हिरासत में लिये गये बंगाल के 47 मछुआरे पांच महीने बाद हुए रिहा

## 32 बांग्लादेशी मछुआरों को भी पांच माह बाद रिहा किया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा का उल्लंघन करने के आरोप में दोनों देशों में हिरासत में लिये गये कुल 79 भारतीय और बांग्लादेशी मछुआरों को रिहा कर दिया गया है। इनमें से 47 भारतीय और 32 बांग्लादेशी मछुआरे हैं। कैदी प्रत्यर्पण समझौते के अनुसार दोनों देशों के उच्चायोगों के बीच हुई बातचीत के आधार पर मछुआरों को सोमवार रात और मंगलवार सुबह दोनों देशों के तट रक्षकों को सौंप दिया गया।

समुद्र में अंतरराष्ट्रीय जल सीमा पार करने और बांग्लादेशी जल सीमा में प्रवेश करने के आरोप में लगभग पांच महीने तक बांग्लादेश में हिरासत में रहने के बाद, तीन ट्रालरों सहित 47 भारतीय मछुआरों को बांग्लादेशी जेल से रिहा कर दिया गया। ये सभी दक्षिण 24 परगना के काकद्वीप के निवासी हैं।

दूसरी ओर बांग्लादेश के दो ट्रालरों सहित 32 बांग्लादेशी मछुआरों को भी रिहा कर दिया गया। उन्हें तीन महीने तक हिरासत में रखा गया था।

13 जुलाई को काकद्वीप के दो ट्रालर, एफबी मा मंगलचंडी - 38 और एफबी झड़, और दो अगस्त को, काकद्वीप के एक अन्य ट्रालर, एफबी परमिता को बंगाल की खाड़ी में अंतरराष्ट्रीयजल सीमा पार करने और बांग्लादेश में प्रवेश करने के आरोप में बांग्लादेश की नौसेना ने हिरासत में लिया था। तीनों ट्रालरों पर सवार कुल 48 भारतीय मछुआरों पर बांग्लादेशी अदालतों में मुकदमा चल रहा था। इस बार, बाकी 47 को रिहा कर दिया गया है। इसी तरह, बांग्लादेशी ट्रालर बाबर आशीर्वाद और मेयेर दोआ को भारतीय क्षेत्र में मछली पकड़े के आरोप में हिरासत में लिया गया था। इन पर सवार 32 बांग्लादेशी मछुआरों को भी रिहा कर दिया गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 22.6 °c | 10.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.03 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.19 बजे | |



## मुख्यमंत्री से अंडर-14 फुटबॉल टीम ने की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की अंडर-14 बालक फुटबॉल टीम ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप जीतने पर शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और राज्य सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा और अवसर देने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड के युवा अपनी मेहनत और लगन से राज्य का नाम देश में रोशन कर रहे हैं। खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि राज्य सरकार की खेल नीतियों और प्रोत्साहन योजनाओं से उन्हें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल रही है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश के उमरिया में 1 से 6 दिसंबर 2025 तक आयोजित 69वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय स्कूली फुटबॉल चैंपियनशिप में झारखंड की अंडर-14 टीम ने शानदार प्रदर्शन किया था। फाइनल में टीम ने पंजाब को रोमांचक पेनल्टी शूटआउट में 6-5 से हराकर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के बैनर तले आयोजित हुई थी।

## मुख्यमंत्री से मिला खो-खो महासंघ का प्रतिनिधिमंडल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा में मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआइ) और कॉमनवेल्थ खो-खो महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधियों ने आगामी 9 से 14 मार्च 2026 तक रांची में आयोजित होने वाली पहली कॉमनवेल्थ खो-खो प्रतियोगिता से जुड़े सभी आयोजनात्मक प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए हर संभव सहयोग देगी। उन्होंने बताया कि 2026 झारखंड के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष होगा, क्योंकि पहली बार राज्य किसी अंतरराष्ट्रीय खो-खो टूनार्मेंट की मेजबानी करेगा। यह प्रतियोगिता 23 देशों के बालक और बालिका वर्ग के खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ आयोजित की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में कॉमनवेल्थ खो-खो महासंघ (केकेएफआइ) के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल, अंतरराष्ट्रीय तकनीकी सचिव एमएस त्यागी, और महासचिव उपकार सिंह विरक शामिल थे। राज्य स्तरीय प्रतिनिधियों में विधायक और झारखंड राज्य खो-खो संघ के महासचिव मथुरा प्रसाद महतो, संरक्षक विधायक सीपी सिंह, चेयरमैन संतोष प्रसाद, महासचिव नवीन कुमार ठाकुर, उपाध्यक्ष विनय कुमार जायसवाल, संयुक्त सचिव आलोक कुमार, डॉ. सुभाष साहू, रोहित कुमार सिंह, रांची जिला सचिव सुनील कुमार यादव, संयुक्त सचिव रवि मुंडा, मोनू शुक्ला, अमित कुमार यादव एवं तपन राउत मौजूद थे।

## जामताड़ा में 5 साइबर अपराधी गिरफ्तार

जामताड़ा (आजाद सिपाही)। जिले को पुलिस द्वारा लगातार साइबर क्राइम मुक्त जिला बनाने को लेकर छापेमारी जारी है। इसी अभियान के तहत नारायणपुर थाना अंतर्गत हीरापुर गांव में छापेमारी की गई। एक स्कूल के निकट पेड़ के नीचे से पांच साइबर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए साइबर अपराधियों में सद्दाम अंसारी, तस्लीम रजा, समीर अंसारी, सलामत अंसारी, तजाउल अंसारी शामिल हैं। ये सभी पेड़ के नीचे बैठकर साइबर अपराध को अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने पकड़े गए साइबर अपराधियों के पास से 9 मोबाइल और 12 फर्जी सिम कार्ड बरामद किए हैं। पकड़े गए साइबर अपराधियों द्वारा फर्जी सिम कार्ड का प्रयोग कर ठगी के लिए किया जा रहा था। बताया जाता है कि उनके मोबाइल से जब्त सिम कार्ड दूसरे राज्य ओड़िशा और पश्चिम बंगाल के हैं। जिसको लेकर पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि ये सभी साइबर अपराधी व्हाट्सएप के जरिए एपीके फाइल भेजते थे। इसके बाद व्हाट्सएप कॉल करके झांसा दे कर फाइल को इंस्टॉल करने के लिए बोलते थे।

### झारखंड विधानसभा में शीतकालीन सत्र का तीसरा दिन

# ध्वनिमत से 7721.25 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पास

### हम आंतरिक संसाधन को मजबूत कर रहे हैं: राधाकृष्ण किशोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा में चल रहे शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन सदन में ध्वनिमत से 7721.25 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पास हो गया। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर का सदन में जवाब शुरू होते ही प्रमुख विपक्षी दल भाजपा वॉकआउट कर गया। वित्त मंत्री ने कहा कि एक अप्रैल से 30 नवंबर तक 67,696.37 करोड़ रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई, जिसमें 66,871 करोड़ रुपये खर्च किए गये। कुल 98.8 फीसदी खर्च किया गया है। स्टेट ऑन टैक्स के लिए टारगेट 41600 करोड़ रुपये का था, जिसमें 30 नवंबर तक 23,897 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है। वहीं स्टेट टैक्स से 19456 करोड़ वसूली का लक्ष्य है, जिसमें 8565.63 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है। हम आंतरिक संसाधन को मजबूत कर रहे हैं। एडिशनल रेवेन्यू मोबलाइजेशन से पैसे की प्राप्ति कर लेंगे।

**केंद्र से 28,863. 64 करोड़ रुपये नहीं मिले हैं :** वित्त मंत्री ने कहा कि 30 नवंबर तक केंद्र सरकार से केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी में 47040 करोड़ में से 30971 करोड़ रुपये ही मिले हैं। वहीं केंद्रीय अनुदान में 17057 करोड़ में 4261.70 करोड़ ही मिला है। इस तरह केंद्र से 28,863. 64 करोड़ रुपये नहीं मिले हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि अगर केंद्र सरकार पैसे देती को 450 रुपये में गैस सिलेंडर भी देते। उज्जवला गैस योजना के तहत 65 लाख लाभुक हैं। हर महीने इतने लाभुकों को गैस सिलेंडर देने में 12 महीने में 2100 करोड़ रुपये खर्च होगा। झारखंड में भाजपा की सरकार नहीं है, इसलिए सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। जल जीवन मिशन का 6300 करोड़ रुपये नहीं मिला है। समाज कल्याण का 890 करोड़ रुपये नहीं मिला है। पेंशन का 132 करोड़ रुपये भारत सरकार ने नहीं दिया है।



#### किसी भी विभाग में पैसे की कमी नहीं है

वित्त मंत्री ने कहा कि किसी भी विभाग में पैसे की कमी नहीं है। एफआरबीएम की सीमा तीन फीसदी से नीचे 2.2 फीसदी है। इंटरनल रिर्सोस डेवलप कर राज्य को आगे ले जा रहे हैं। राज्य के विकास के लिए 16800 करोड़ रुपये ऋण लेंगे। मंईयां सम्मान योजना में 13 हजार 500 करोड़ का बजट है। इसके अलावा 78 हजार करोड़ रुपये जेनरल स्कीम के लिए पड़े हैं पैसों की कोई कमी नहीं है। यहां के सरकारी कर्मियों को 30 नवंबर को ही वेतन मिल चुका है। लॉ एंड आर्डर प्रति कमिटेंट है। भ्रष्टाचार में लिप्त लोग हेमंत सरकार में जेल के सलाखों के पीछे हैं। हम सिस्टम को कमिटमेंट फॉर पब्लिक बनाना चाहते हैं। पुलिसिंग को मजबूत करना चाहते हैं। नक्सल नियंत्रित हुआ है खत्म नहीं। भारत सरकार ने एसइआर फंड बंद कर दिया है। पिछले दो साल में नक्सल क्राइम कम हुआ है।

#### किस विभाग को कितनी राशि

- महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा - 2082.25 करोड़
- ग्रामीण कार्य - 1324.82 करोड़
- गृह, आपदा प्रबंधन-970.12 करोड़
- स्वास्थ्य - 729.75 करोड़
- वन व पर्यावरण-500.55 करोड़
- स्कूली शिक्षा- 339.6 करोड़
- ऊर्जा - 303.23 करोड़
- नगर विकास- 285.41 करोड़
- जल संसाधन - 216.53 करोड़
- कल्याण - 149.48 करोड़

## राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बदतर : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को 7721 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट सदन से पारित हुआ। इससे पूर्व कटौती प्रस्ताव पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज हम सभी लोग महसूस करते हैं कि कानून व्यवस्था बदतर है। गृह विभाग में आपने ज्यादा खर्च नहीं किया है। इसके बाद भी पैसे मांग रहे हैं। पुलिस को गाड़ी ठेलते हुए देखता हूं। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग को ठीक कीजिए। झारखंड आतंकवादियों का गढ़ बनता जा रहा है। कई की गिरफ्तारी हुई है। इस पर ध्यान देना चाहिये। उन्होंने कहा कि सभी को पता है गौ हत्या पर प्रतिबंध है। रांची में अवैध रूप से बुचड़खाना चल रहा है। संचालक भागने में सफल हो गये थे। झारखंड पुलिस उन्हें अब तक पकड़ नहीं सकी। पुलिस विभाग को ठीक कीजिए वरना आप पैसे लेकर क्या करेंगे। पहले से पैसे आपके पास पड़े हुए हैं। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है।आप युवाओं को ठग रहे। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शिक्षा में 30 हजार पद आज भी रिक्त है। माध्यमिक शिक्षा में भी 6 हजार पद रिक्त है। आप युवाओं को ठग रहे हैं। दुमका के बच्चों ने आवेदन देकर कहा कि छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है। जनता देख रही है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कुछ ठेकेदारों ने पत्र दिया, जिसमें लिखा है कि 2024-25 और 2025-26 में करीब आठ हजार करोड़ रुपए की योजनाओं का टेंडर किया गया और एग्रीमेंट भी किया गया। अब तक मात्र दो हजार करोड़ रुपये का ही पेयमेंट हुआ है। उन्होंने पशुपालकों की हालत क्या है, ये देखना चाहिए। रांची में दो हजार लोग सूअर पालन से जुड़े हुए हैं। पालक होटल से जो वेस्टेज लेकर जाते थे, नगर निगम ने बंद कर दिया। इस पर सरकार को संज्ञान लेना चाहिए।

## शीतकालीन सत्र : सीपी सिंह, संसदीय मंत्री राधाकृष्ण किशोर और मंत्री सुदिव्य सोनू हुए आमने-सामने

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान सीपी सिंह, संसदीय मंत्री राधाकृष्ण किशोर और मंत्री सुदिव्य सोनू आमने-सामने हो गये। सीपी सिंह ने झामुमो विधायक समीर मोहंती के उस बयान पर पलटवार करते हुए उन पर व्यक्तिगत टिप्पणी कर दी। इस पर मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि हर व्यक्ति का एक अतीत है। उसे कुरेदा न जाये। स्पीकर से आग्रह किया कि सीपी सिंह से जो आक्षेप लगाए हैं, उसे स्पंज कर दिया जाए। संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि विधानसभा की अपनी मयार्दा है। सभी का सम्मान बराबर है। सीपी सिंह यहीं नहीं रुके उन्होंने पंडित जवाहर लाल नेहरू पर भी टिप्पणी की। इस पर राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू के व्यक्तिगत जीवन पर प्रश्न उठाते हैं ये बर्दाश्त करने लायक नहीं है। स्पीकर ने इन सभी व्यक्तिगत टिप्पणियों को स्पंज करने का आदेश दिया। फिर सीपी सिंह ने कहा कि झारखंड में गोवंश हत्या पर प्रतिबंध लगाना चाहिये। इस पर मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि पिछले 11 साल के कालखंड में भारत बीफ निर्यातक देशों में एक है। भाजपा ने गो मांस का चंदा लिया है। सीपी सिंह ने सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में युवक की सुसाइड मामले की जांच कराने की मांग की।

### अनुपूरक बजट की कटौती प्रस्ताव पर चर्चा

## सालभर में एक कदम आगे नहीं बढ़ी है राज्य सरकार: नवीन



आजाद सिपाही संवाददाता


**रांची।** विधानसभा में शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को अनुपूरक बजट पर कटौती प्रस्ताव भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने लाया। कटौती प्रस्ताव के चर्चा पर नवीन जायसवाल ने कहा कि सरकार सालभर में एक कदम भी आगे नहीं बढ़ी है। ग्रामीण विकास का 18 महीने में टेंडर नहीं हुआ। यह सरकार है या सर्कस। साल भर से पूरा काम धाम ठप है। छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है। स्मार्ट मीटर जब से लगा है चार गुना ज्यादा बिल आने लगा है। महिलाओं को धोखा देने का काम किया गया। सरकार किसानों के पीठ में खंजर घोंप रही है। छत्तीसगढ़ में यहां का धान बिक रहा है। झारखंड को 25 साल पीछे कर दिया गया है।

#### झारखंड में सीएम की वेकेंसी नहीं है : हेमलाल



अनुपूरक बजट के कटौती प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि झारखंड में सीएम का वेकेंसी नहीं है। विपक्ष के औकात को हम लोग पहचान चुके हैं। पिछले दिनों भ्रम फैलाया गया कि झामुमो और भाजपा सरकार बनाएगी। सभी असमंजस में पड़ गये, ये शगुफा एक नेरेटिव था। सत्ता की भूख में अंधे अफवाह उड़ाते हैं। उन्होंने कहा कि सच की रोशनी आते ही खुद मिट जाते है। सीएम हेमंत के नेतृत्व में 28 हजार लोगों को नियुक्ति पत्र मिल चुका है। केंद्र के दमनात्मक नीति के कारण आदिवासी सीएम को कुचलने का कुत्सित प्रयास किया गया। ये लोग रिमोट के द्वारा गैर आदिवासी को यहां का सीएम बनाना चाहते हैं। विपक्ष गतिरोध उत्पन्न करता रहा है। अनुपूरक से कई लंबित योजनाओं को गति मिलेगी। 15 दिसंबर से धान की खरीद शुरू हो जायेगी। किसानों को एकमुश्त भुगतान होगा। विपक्ष को छपास की बीमारी लगी हुई है। इडी, सीबीआइ के सहारे राज्य के विकास को बाधित करते हैं। विपक्ष मुद्दा विहीन हो गया है। ये लंबे समय तक सत्ता से बाहर रहेंगे।

#### गड्ढा खोदो योजना चलाये, सैकड़ों डूब कर मर गये : सुरेश पासवान



राजद विधायक सुरेश पासवान ने कहा कि विपक्ष ने कभी सच नहीं बोला पहली बार जब बाबूलाल मरांडी सीएम बने तो गड्ढा खोदो योजना चलाये, जिसमें सैकड़ों लोग गड्ढा में डूब कर मर गये। गुरू ही झूठ बोल रहा है तो चेला क्यों नहीं बोलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा था कि हर साल दो करोड़ नौकरी देंगे। बाबूलाल जब सीएम थे को एक को भी नौकरी नहीं दिया। बिहार में 10 हजार रुपये देकर खरीदने का काम किया। उन्होंने कहा कि डालडा चर्बी की फैक्ट्री में भाजपा के ही लोग थे। सीएम हेमंत दिल्ली गये तो हल्ला कर दिया कि भाजपा के साथ सरकार बनेगा। झारखंड में इन लोगों को कुर्सी नहीं मिलने वाली है।

## विधानसभा में ध्यानाकर्षण: विधायकों ने कई मुद्दे उठाये, मिला जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण रही। सदन में विभिन्न दलों के विधायकों ने कई मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। इन मुद्दों पर सरकार की ओर से जवाब दिया गया।

**आंगनबाड़ी बहाली का मुद्दा :** विधायक स्टीफन मरांडी ने आंगनबाड़ी में बहाली के लिए सरकार द्वारा अनारक्षित वर्ग-35 वर्ष, पिछड़ा वर्ग-38 वर्ष और एसटी/एससी वर्ग- 40वर्ष निर्धारित किये जाने के प्रति सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। इसके जवाब में सरकार द्वारा कहा गया कि वर्तमान में इस संबंध में कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

**पारंपरिक पदाधिकारियों को सम्मान राशि नहीं मिलने का मुद्दा:** विधायक अरूप चटर्जी ने धनबाद और बोकारो जिले में स्थानीय पारंपरिक पदाधिकारियों को अब तक सरकार द्वारा तय सम्मान राशि नहीं मिल पाने का मुद्दा उठाया। इस पर जवाब दिया गया कि उपायुक्त के द्वारा प्रतिवेदन प्राप्त होने पर इस संबंध में विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।



#### डीवीसी विस्थापितों का मुद्दा: धनबाद में बैठक 15 को

इस दौरान धनबाद विधायक राज सिन्हा ने डीवीसी द्वारा विस्थापित परिवारों को सरकारी योजनओं का लाभ न मिल पाने का मुद्दा उठाया। इस पर जवाब देते हुए सरकार की ओर से कहा गया कि यह मामला 1954 का है। प्रभावित परिवारों को अधिकार दिलाने के लिए प्रभावित परिवारों की सूची व विस्थापन नीति पर विशेष चर्चा किया जाना आवश्यक है। मामले को लेकर 15 दिसंबर को धनबाद के उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गयी है।

#### खरौंधी में भू-अर्जन के 12.60 करोड़ की अवैध निकासी

विधायक अनंत प्रताप देव ने गढ़वा जिले के खरौंधी प्रखंड अंतर्गत बराज निर्माण कार्य में भू- अर्जन पदाधिकारी के खाते से 12.60 करोड़ रुपये की अवैध निकासी और हजारों किसानों को भू-अर्जन की राशि नहीं मिल पाने का मुद्दा उठाया। सरकार द्वारा यह बताया गया कि संबंधित अधिकारी को 10 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है।

**हजारीबाग में रिंग रोड निर्माण का मुद्दा :** विधायक प्रदीप प्रसाद ने हजारीबाग जिले में रिंग रोड निर्माण का मुद्दा उठाया, जिस पर जवाब दिया गया कि वर्तमान में इस योजना की अलाईनमेंट स्वीकृति का कार्य मंत्रालय स्तर पर प्रक्रियाधीन है।

#### रामगढ़ कॉलेज को विवि में अपग्रेड करने की मांग

इसके साथ ही विधायक ममता देवी, लुईस मरांडी और श्वेता सिंह ने रामगढ़ कालेज को विश्वविद्यालय में अपग्रेड करने की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। इस पर सरकार की ओर से जवाब दिया गया कि इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

#### बरही में पेयजल व्यवस्था का मुद्दा

विधायक मनोज कुमार यादव ने बरही में पेयजल की व्यवस्था कराये जाने की तरफ सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया, जिस पर सरकार की ओर से पेयजल मंत्री ने कहा कि मार्च-2026 तक कार्य पूर्ण कर लिये जाने की संभावना है।

#### खरसावां गोलीकांड के शहीदों की पहचान के लिए न्यायिक आयोग की मांग

विधायक दशरथ गागराई ने खरसावां गोलीकांड में शहीद हुए लोगों की पहचान के लिए न्यायिक आयोग के गठन करने को लेकर ध्यान आकृष्ट कराया। इसके जवाब में सरकार की ओर से कहा गया कि न्यायिक आयोग के गठन पर विचार किया जायेगा।

## सगे पुत्र को जंजीर से बांधा, मामला पहुंचा थाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के तिलैया थाना में दिल को झकझोर देने का एक मामला सामने आया है। पिता ने क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए अपने सगे बेटे को जंजीरों से बांधकर पिटाई की है। मामले की जानकारी देते हुए पीड़ित बच्चे मो. फैज ने बताया कि बीती रात करीब डेढ़ बजे उसके पिता मो. मुख्तार अंसारी व उसके अन्य बड़े भाइयों ने मिलकर उसे जंजीरों में बांध दिया और उसकी पिटाई की। इसके बाद उनलोगों ने उसे एक कमरे में बंद कर दिया। इधर मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे वह किसी प्रकार से अपने घर से भाग निकला और भागते हुए कोडरमा थाना क्षेत्र के छतरबर गांव के मुखिया गुलाम मुस्तफा के पास पहुंचा और सारी घटना बताई। गुलाम मुस्तफा ने बिना विलंब किए मो. फैज को तिलैया थाना पहुंचाया और उसे थाना प्रभारी को सुपुर्द कर दिया। वहीं गुलाम मुस्तफा ने थाना प्रभारी से मो. फैज के पिता मो. मुख्तार अंसारी पर कार्रवाई की भी मांग की। इधर तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार द्वारा मो. फैज के पिता को जंजीर में लगे ताले की चाभी लेकर थाना बुलाया गया। जहां मो. मुख्तार से चाभी लेकर मो. फैज के हाथों में बंधे जंजीर का ताला खोला गया और उसे अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। मो. मुख्तार अंसारी को थाने में ही रखकर उससे पूछताछ की जा रही है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार को पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह नेता संसदीय दल सोनिया गांधी के जन्मदिन झुमरी तिलैया नगर कमेटी के महासचिव मुकेश कुमार की मौजूदगी में सादा समारोह में मनायी गयी। झुमरीतिलैया नगर के इमाम क्लिनिक में आयोजित जन्मदिन कार्यक्रम का संचालन करते हुए युवा नेता सदूद खान ने सोनिया गांधी के फोटो को केक खिलाते हुए जन्मदिन की शुभकामना दी और कार्यकताओं के बीच केक, मिठाई का वितरण किया। इस दौरान झारखंड प्रदेश सचिव मनोज सहाय पिंकू ने कहा कि पार्टी द्वारा त्याग, तपस्या, बलिदान, सादगी, हौसला और देश के प्रति कुर्बानियों के लिए सोनिया गांधी का नाम हमेशा याद किया जायेगा। मौके पर डॉ एस अली इमाम, पूर्व नगर अध्यक्ष प्रभात कुमार राम, मो वसीम, नीरज कुमार, सोनी, सुबोध कुमार, मो आसिफ, शालु, संजय कुमार दीपक यादव ने सोनिया गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और सदैव स्वस्थ रहने की कामना किया। धन्यवाद ज्ञापन सहूद खान ने किया।

## आदर्श + 2 उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने केटीपीएस में देखा विद्युत उत्पादन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** विद्यार्थियों के सैद्धांतिक ज्ञान को व्यवहारिक अनुभव से जोड़ने के उद्देश्य से आदर्श +2 उच्च विद्यालय मधवाटांड़ ने कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन केटीपीएस का ज्ञानवर्धक शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया। यह भ्रमण प्रशासक दीपक कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें विज्ञान शिक्षक सनोज कुमार और बिट्टू कुमार पूरे समय विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान केटीपीएस के अत्यंत अनुभवी और दक्ष अभियंताओं ने विद्यार्थियों को विद्युत उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया को सरल, रोचक और वैज्ञानिक तरीके से समझाया। कोयले से भाप बनने, टर्बाइन के संचालन और जनरेटर के माध्यम से विद्युत ऊर्जा के निर्माण और उसके वितरण तक की प्रत्येक कड़ी का छात्रों ने प्रत्यक्ष अवलोकन किया। टर्बाइन, बॉयलर, जनरेटर और कंट्रोल रूम जैसे महत्वपूर्ण संयंत्रों को देखकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह और जिज्ञासा देखने को मिली। विद्यार्थियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का अभियंताओं ने धैर्यपूर्वक उत्तर देकर उनकी वैज्ञानिक समझ को और अधिक मजबूती प्रदान की। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ, बल्कि उनके कैरियर और भविष्य निर्माण की दिशा में भी अत्यंत प्रेरणादायक रहा। विद्यालय परिवार ने इस भ्रमण के लिए केटीपीएस प्रबंधन का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के उपयोगी शैक्षणिक आयोजनों को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

## स्वास्थ्य विभाग की हुई समीक्षा बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त ऋतुराज ने मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक की शुरुआत पूर्व में लिए गये निर्णयों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा से हुई। इसके उपरांत विभिन्न स्वास्थ्य सूचकांकों की विस्तृत समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने स्वास्थ्य उपकेंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सकों के साथ संवाद करते हुए उन्हें निर्देश दिया कि सभी नोडल पदाधिकारी अपने-अपने केंद्र का भौतिक आकलन कर विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध करायें। जर्जर स्वास्थ्य उपकेंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की सूची शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया गया। साथ ही सभी स्वास्थ्य उपकेंद्रों में सोलर लाइट स्थापित करने के लिए विकास शाखा को प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यकताओं का आकलन कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने और मॉडल निक्षय मित्र बनने की प्रक्रिया को सुनिश्चित करने को कहा गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आयुष और स्वास्थ्य विभाग के सीएचओ को स्कूलों से टैग कर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने का निर्देश दिया गया। आयुष सीएचओ के प्रशिक्षण पर भी जोर दिया गया। वहीं फाइलेरिया और मलेरिया से संबंधित प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश किये गये। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पी. मिश्रा, उपाधीक्षक डॉ. रंजीत, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## डीएवी कोडरमा के होनहारों का परचम लहरा




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल, झुमरीतिलैया के मेधावी छात्र उदय शंकर यादव (कक्षा 10) और प्रिंस कुमार (कक्षा 9) ने भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित भारत को जानो क्विज प्रतियोगिता में क्षेत्रीय स्तर (पूर्वी भारत) पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, जिला और राज्य को गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता 7 दिसंबर को राउरकेला (उड़ीसा) में आयोजित की गयी थी, जिसमें पूर्वी भारत के सात राज्यों बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश और अंडमान निकोबार द्वीप समूह के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस राष्ट्रीय क्विज प्रतियोगिता में पूरे देश से लगभग 15 लाख विद्यार्थियों ने सहभागिता की थी। कठिन प्रश्नों के समक्ष उदय शंकर यादव और प्रिंस कुमार ने अपनी बौद्धिक, तार्किक क्षमता और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हुए सभी प्रतिभागियों को पराजित किया और चैंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया। उनकी यह शानदार उपलब्धि विद्यालय के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गयी है। इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने प्रार्थना सभा में दोनों विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने विद्यालय परिवार की ओर से दोनों विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और विद्यालय के कुशल क्विज मास्टर दिनेश कुमार दुबे को इस उल्लेखनीय सफलता के लिए बधाई और साधुवाद दिया। विद्यालय परिसर में इस उपलब्धि को लेकर हर्ष और गर्व का वातावरण व्याप्त है। अब यह दोनों प्रतिभाशाली विद्यार्थी 11 जनवरी 2026 को पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित होने वाली मेगा ऑल इंडिया फाइनल भारत को जानो क्विज प्रतियोगिता में पूर्वी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय परिवार ने दोनों विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सफलता की कामना की है।

### हजारीबाग जिलों के हजारों की संख्या में छात्रों ने सड़क पर उतरकर भरी हुंकार

# एसटी, एससी, ओबीसी छात्रों की लंबित छात्रवृत्ति के भुगतान की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** शिक्षा के लिए भिक्षा : जनाक्रोश मार्च में आजसू छात्र संघ ने अपनी ताकत दिखायी। गांधी मैदान मटवारी से निकलकर छात्रों ने उपायुक्त कार्यालय तक जनाक्रोश मार्च के रूप में पहुंचा इसके बाद आजसू कार्यकर्ता ने उपायुक्त कार्यालय के समीप बैठ गये और हेमंत सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इसके बाद जिला प्रशासन ने आजसू छात्र संघ को उपायुक्त महोदय को ज्ञापन देने के लिए आमंत्रित किया। उपायुक्त महोदय को आजसू नेताओं ने उनके कार्यालय में ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को गांधी मैदान मटवारी से आजसू छात्र संघ के हजारों कार्यकर्ता उपायुक्त कार्यालय के लिए जनाक्रोश मार्च शुरू किया। मार्च में हजारीबाग के सैकड़ों कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के हजारों छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में मार्च में शामिल होकर लंबित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति भुगतान के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। जनाक्रोश मार्च का नेतृत्व आजसू छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो, वरीय उपाध्यक्ष ऋतुराज शाहदेव, पीयूष चौधरी, सत्यम सिंह और अन्य नेताओं ने किया। इस मौके पर वरीय नेता संजय मेहता भी उपस्थित रहे। उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर छात्र प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा और आग्रह किया कि लंबित 2024-25 छात्रवृत्ति के तत्काल भुगतान किया जाये और e-Kalyan पोर्टल पर सभी लंबित आवेदनों की स्थिति सार्वजनिक किया जाये। जिला स्तर पर हुई गंभीर देरी की जांच हो और पारदर्शी और समयबद्ध प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए तुरंत हस्तक्षेप किया जाये। छात्र नेताओं का सरकार पर सीधा सवाल छात्र जिला अध्यक्ष सत्यम सिंह ने कहा आज की वर्तमान सरकार अगर हर अंतिम छात्र को उसकी पूर्ण छात्रवृत्ति नहीं देती है, तो यह आंदोलन एक पल के लिए भी नहीं रुकेगा। न एक छात्र छूटेगा, न एक मांग अधूरी रहने दी जायेगी। आज सत्ता मौन है, इसलिए हमारी आवाज और प्रखर होगी। यह लड़ाई छात्रवृत्ति की नहीं, न्याय, अधिकार और जवाबदेही की है। पीयूष चौधरी ने तीखे शब्दों में कहा की छात्रवृत्ति कोई दया नहीं, यह हमारा अधिकार है। सरकार की चुप्पी ने लाखों विद्यार्थियों का अकादमिक वर्ष खतरे में डाल दिया है। अगर समाधान नहीं मिला तो छात्रों की आवाज और ऊंची होगी। यह लड़ाई शिक्षा बचाओ की है और इसे पूरे दमखम के साथ लड़ा जायेगा। इसके अलावा कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो वरीय उपाध्यक्ष ऋतुराज शाहदेव,राजेश महतो, मोहित यादव, विशाल प्रजापति, शुभम राणा, राहुल यादव, ऋतिक, राहुल सिंह शिव, अंकित, आतिश, कृष पांडे विशु नायक रोहित सोनी, देवा महतो, दीपक शर्मा आदि नेताओं ने जनाक्रोश मार्च को सफल बनाने में योगदान किया।


### छात्र आजसू का आंदोलन व्यापक तौर पर सफल : संजय मेहता

आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव संजय मेहता ने कहा की आजसू छात्र संघ का छात्रवृति की मांग को लेकर आंदोलन व्यापक तौर पर सफल रहा। सरकार छात्रों की बातों को सुने और संज्ञान में ले। यह आंदोलन स्वतः स्फूर्त था। आजसू छात्र संघ के आह्वान पर कैंपस से छात्र स्वयं आंदोलन में सम्मिलित होने पहुंचे। इस आंदोलन ने यह साबित कर दिया है की सरकार आवेदन के जरिये किसी की बात नहीं सुन रही। समाज के सभी वर्गों को सरकार ने सड़क पर उतरने को मजबूर कर दिया है। लाखों छात्रों के छात्रवृति को पेंडिंग रखना युवा पीढ़ी को पढ़ाई से वंचित करने जैसा है। सरकार छात्र और युवाओं की भावनाओं को समझे। एक तरफ सरकार बड़े - बड़े इवेंट में खर्च कर रही है दूसरी तरफ छात्र-छात्रवृत्ति से वंचित हैं। लाखों मेधावी छात्र-छात्राओं की पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति महीनों से पेंडिंग पड़ी है। इसका सीधा मतलब है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को उच्च शिक्षा से वंचित किया जा रहा है। एक तरफ सरकार बड़े-बड़े आयोजनों, विज्ञापनों और इवेंटों में करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा रही है, दूसरी तरफ हमारे बच्चे दो वक्त की रोटी व किताब-कॉपी के लिए मोहताज हो रहे हैं। यह दोहरा चरित्र बर्दाश्त से बाहर है।

### डीसी के जनता दरबार में कई मामले आये

# समस्याएं सुन डीसी ने दिये त्वरित समाधान के निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** डीसी शशि प्रकाश सिंह ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने आवेदन और शिकायतों के साथ उपस्थित हुए। डीसी ने प्रत्येक आवेदक की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित पदाधिकारियों को मामलों के त्वरित और संवेदनशील निपटारे का निर्देश दिया।

जनता दरबार में मुख्य रूप से पेंशन स्वीकृति, राशन कार्ड त्रुटि सुधार, आवास, आपूर्ति व्यवस्था, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, रोजगार और विभिन्न योजनाओं से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदन निर्धारित समयसीमा में निष्पादित किये जायें।

**जनता दरबार में आये प्रमुख मामले :** जमीन अधिग्रहण से जुड़ा मामला केरेडारी : मोहन कुमार ने एनटीपीसी द्वारा अधिग्रहित भूमि के बाद विस्थापन मुआवजा दिलाने का अनुरोध किया। डीसी ने एनटीपीसी को रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। भूमि विवाद और अतिक्रमण दाड़ी मनोहर साव ने पैतृक भूमि पर जबरन अतिक्रमण और दबंगई की शिकायत दर्ज कराई। डीसी ने एसडीओ, को मामले की जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने का आदेश दिया। बरही के पंचम महतो ने पीएम-कुसुम योजना के तहत सोलर पंप उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इस पर कृषि विभाग को आवश्यक सहयोग करने का निर्देश दिया। बड़कागांव रोशन कुमार ने गरीबी और बेरोजगारी से निजात दिलाने और एनटीपीसी द्वारा अधिग्रहित भूमि के बाद बाहरी स्रोत से रोजगार की मांग की। डीसी ने इस पर डीएएलओ और एसडीओ को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। सदर प्रखंड से एक आवेदक ने खाशमहल भूमि का लीज नवीकरण न होने की शिकायत की। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान करना है। सभी अधिकारी जनता की शिकायतों को प्राथमिकता पर लेकर निर्धारित समयसीमा में निष्पादित करें।

## जयनगर में फिर से चालू होगा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर

**जयनगर(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पेठियाबागी स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मंगलवार को विद्यालय समिति की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से विभाग प्रमुख हजारीबाग के ब्रजेश कुमार सिंह, कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरीतिलैया के प्रधानाचार्य आनंद मोहन, उप प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह और सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जनता जरीडीह, बिरनी के प्रधानाचार्या अरुण कुमार उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि विद्यालय जो बंद की स्थिति में पड़ी हुई है उसे पुनः एक बार समिति के सहयोग से चालू किया जायेगा। यह भी निर्णय लिया गया कि 25 दिसंबर तक विद्यालय का रंग रोगन और साफ सफाई का कार्य कर लिया जायेगा। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि अभी फिलहाल विद्यालय का देखरेख छोटन साव और निशा कुमारी के द्वारा किया जा रहा है। समिति के पदाधिकारियों ने विभाग प्रमुख ब्रजेश कुमार सिंह से इस विद्यालय को यथाशीघ्र प्रधानाचार्य देने की मांग की ताकि विद्यालय का विकास तीव्र गति से हो सके। इस पर श्री सिंह ने शीघ्र ही विद्यालय को प्रधानाचार्य देने का आश्वासन दिया। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के संरक्षक सुरेंद्र प्रसाद मोदी ने की। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार साहू, कोषाध्यक्ष सुनील सिंह, सदस्य विनोद कुमार बर्णवाल, शशिकांत प्रसाद, रंजीत भारती, छोटन साव आदि कई लोग उपस्थित थे।

### विभावि में छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग तेज

# एनएसयूआइ ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में बीते सात वर्षों से छात्र संघ चुनाव का लंबित है, इसको लेकर एनएसयूआइ विश्वविद्यालय परिसर में एक व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर चुनाव की तत्काल घोषणा की मांग को और अधिक मजबूत किया।

हस्ताक्षर अभियान के दौरान एनएसयूआइ के जिला अध्यक्ष अभिषेक राज कुशवाहा ने कहा कि सात वर्षों तक छात्रों की आवाज को अनसुना करना किसी भी लोकतांत्रिक संस्था के लिए बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि छात्र संघ चुनाव केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि यह छात्रों के अधिकारों, जवाबदेही और विश्वविद्यालय में पारदर्शी व्यवस्था की गारंटी है।

अभिषेक राज कुशवाहा ने यह भी कहा कि आज के अभियान में छात्रों की भारी भागीदारी इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि अब छात्र उपेक्षा और अनदेखी को किसी भी हालत में स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। यदि विश्वविद्यालय प्रशासन ने तुरंत चुनाव की घोषणा नहीं की, तो एनएसयूआई मजबूर होकर बड़े स्तर पर आंदोलन शुरू करेगी। छात्र संघ चुनाव और भी आवश्यक हो जाता है, ताकि छात्र अपनी समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठा सकें। एनएसयूआई ने स्पष्ट रूप से मांग की है कि विश्वविद्यालय प्रशासन बिना किसी देरी के छात्र संघ चुनाव की घोषणा करे और पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से पूरा करे।

हस्ताक्षर अभियान ने यह संदेश मजबूत रूप में दे दिया है कि छात्र अब संगठित होकर अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं और अपने अधिकारों की लड़ाई को अंतिम परिणाम तक पहुंचाने के लिए पूरी तरह संकल्पित हैं।

## एटीएम बदलकर चोर ने महिला के खाते से उड़ाये 20 हजार रुपये



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बांडी के अफसान खातुन पति फिरोज अंसारी का धोखे से एटीएम बदल कर चोर ने 20 हजार रुपये निकाल लिए। इसको लेकर पीड़ित ने टाटीझरिया थाने में आवेदन दिया है। मंगलवार को पीड़ित टाटीझरिया के बैंक ऑफ इंडिया बैंक में लगे एटीएम से पैसे निकालने गये थे। इतने में ही एक व्यक्ति आया और कहने लगा कि आप से पैसे नहीं निकल रहे तो मैं निकाल देता हूं। महिला ने पुलिस को बताया कि उस व्यक्ति ने उससे एटीएम कार्ड ले लिया और वह पैसे निकालने कि कोशिश करने लगा लेकिन उससे भी पैसे नहीं निकले। व्यक्ति ने पीडित महिला को झांसे में ले लिया। इतने में वह युवक महिला से बोला कि आपका एटीएम ब्लाक है, इससे पैसा नहीं निकलेगा। इतने में युवक धोखे से मनोहर नाम के व्यक्ति का एटीएम महिला को दे दिया और बाद में पीड़ित महिला के एटीएम से 20 हजार रुपये निकाल कर भाग गया। सीसीटीवी कैमरे की निशानदेही पर पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश आज हजारीबाग में



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** संगठन सृजन 2025 के अंतर्गत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश आज बुधवार को हजारीबाग आयेंगे। हजारीबाग जिला कांग्रेस कमिटी के मीडिया अध्यक्ष निसार खान ने बताया कि एक दिवसीय कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश तीन जिला का भ्रमण करेंगे। आज बुधवार को पूर्वाह्न 7 बजे लोवाडीह स्थित अपने निजी आवास से चतरा जिला के लिए प्रस्थान कर पूर्वाह्न 10.30 बजे चतरा जिला कार्यक्रम में भाग लेकर दोपहर के 1 बजे हजारीबाग पहुंच कर जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में ग्राम पंचायत कांग्रेस कमिटी का गठन और वार्ड कांग्रेस कमिटी का गठन और बीएलए चयन फार्म 2 भरने की समीक्षात्मक बैठक में भाग लेंगे।

## एनटीपीसी में पकरी बरवाडीह नॉर्थ वेस्ट कोयला परियोजना से कोयला का पहला ट्रक निकाला



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड ने एक ऐतिहासिक सफलता हासिल करते हुए पकरी बरवाडीह नॉर्थ वेस्ट कोयला खनन परियोजना से कोयला प्रेषण के पहले ट्रक को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही एनटीपीसी की नवीनतम खनन विस्तार परियोजना से कोयला प्रेषण गतिविधियों की आधिकारिक शुरुआत हो गयी। यह समारोह पीबी नॉर्थवेस्ट परियोजना के माइन व्यू प्वाइंट पर आयोजित किया गया। जिसमें एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक मंडल, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के निदेशक मंडल और क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (खनन) और CEO, एनएमएल और कोयला खनन मुख्यालय की टीम ने वर्चुअल माध्यम से जुड़ी। इस मौके पर पकरी बरवाडीह, पीबी नॉर्थवेस्ट और हजारीबाग क्षेत्र की अन्य एनटीपीसी कोयला खनन परियोजनाओं के कर्मचारी और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे और इस महत्वपूर्ण अवसर के साक्षी बने। 138.96 मिलियन मीट्रिक टन की खनन योग्य भंडार क्षमता और प्रति वर्ष 3 मिलियन मीट्रिक टन की योजना बद्ध उत्पादन क्षमता के साथ पीबी नॉर्थवेस्ट परियोजना आने वाले 49 वर्षों तक संचालित रहेगी। यह परियोजना एनटीपीसी की दीर्घकालिक ईंधन सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ भारत की ऊर्जा स्थिरता और आत्मनिर्भरता के लक्ष्यों में एक महत्वपूर्ण योगदान देगी।

## बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पेटो पंचायत में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र चट्टी पेटो और आंगनबाडी केंद्र डंभाबागी के नन्हे मुन्ने बच्चों के बीच स्वेटर और स्कूल बैग का वितरण पेटो पंचायत मुखिया प्रतिनिधि गुरदयाल साव के द्वारा किया गया। इस अवसर मुखिया प्रतिनिधि गुरदयाल साव एनटीपीसी कहा की भीषण ठंड से बचाव के लिए छोटे बच्चों को स्वेटर दिया गया है ताकि बच्चे ठंडा से बच सकें। मौके पर पंचायत समिति सदस्य अरबिंद साव, चट्टी पेटो आंगनबाड़ी सेविका सोनी देवी और डंभाबागी आंगनबाड़ी सेविका रेनू देवी और कई बच्चे भी मौजूद थे।

## विभावि अंतर महाविद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** दो दिवसीय विभावि अंतर महाविद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट का मंगलवार को दो सेमीफाइनल और फाइनल मैच संपन्न हुआ। प्रथम सेमी फाइनल मैच जेजे कॉलेज और गिरिडीह कॉलेज, गिरिडीह के बीच हुआ। इस रोमांचक मैच में पेनाल्टी शूटआउट में जेजे कॉलेज, झुमरीतिलैया ने गिरिडीह कॉलेज, गिरिडीह को 3-0 से हराया। दूसरा सेमीफाइनल मैच जेएम कॉलेज भुरकुंडा और टीएम कॉलेज विष्णुगढ़ के मध्य हुआ। इस रोमांचक मैच में जेएम कॉलेज भुरकुंडा ने टीएम डिग्री कॉलेज को 3-0 से हराया। फाइनल मैच जेजे कॉलेज झुमरीतिलैया और जेएम कॉलेज भुरकुंडा के बीच हुआ, जो 1-1 से बराबर रहा। पेनाल्टी शूटआउट में जेएम कॉलेज भुरकुंडा 4- 2 से विजयी हुआ। मैच के रेफरी मृत्युंजय कुमार, सोनू कुमार और बालगोविंद कुमार थे। बतौर मुख्य अतिथि बरकट्ठा डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ बलदेव राम थे। टूर्नामेंट का आयोजन प्राचार्य डॉ मिथिलेश कुमार, आयोजक सचिव प्रो शैलेन्द्र कुमार और प्रो इंचार्ज डॉ रविन्द्र कुमार सिन्हा के नेतृत्व में हुआ। इसे सफल बनाने में डॉ निखत परवीन, डॉ ऋचा तिग्गा, डॉ एलिस मिंज, डॉ विजेंद्र कुशवाहा, डॉ प्रेमी मोनिका टोपनो, डॉ कनिका, डॉ रिमझिम रुखैयार, डॉ संतोष कुमार, डॉ आशुतोष महतो, डॉ पवन कुमार, डॉ अनिमेष गौतम, डॉ आरएन सिंह, डॉ सुखदेव यादव, डॉ संजय कुमार, रीतेश माधव, घनानंद, राजेंद्र राम, आत्मा कुमार, क्रांति सिंह, मानवेंद्र सिंह, अखिलेश मिश्रा, आनंद, समृद्धि श्रीवास्तव, मोनालिसा विश्वास, अनामिका, डॉ शमशाद आलम, डॉ संजय कुमार, संजय चौधरी, संजय यादव , बालेश्वर यादव, राहुल कुमार, रामजी कुमार, विमलेश राम, तिलक यादव और कृष्णा कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि डॉ बलदेव राम, जेजे कॉलेज के प्राचार्य, आयोजन सचिव प्रो शैलेन्द्र कुमार और प्रो इंचार्ज डॉ रविन्द्र सिन्हा ने किया।

## पीवीयूएनएल ने यक्ष्मा रोगियों को मुक्त पोषण आहार किट का वितरण किया



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पीवीयूएनएल पतरातू में आयोजित प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के अवसर पर गोद लिए गये 25 एम डी आर यक्ष्मा रोगियों को पोषण आहार किट वितरण किया गया। साथ ही लोगों को टीबी होने के लक्षण और बचाओ के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर पीवीयूएनएल के सीईओ अशोक कुमार सहगल जिला यक्ष्मा पदाधिकारी रामगढ़ डॉक्टर स्वराज डॉ तन्मय मिश्रा पीवीयूएनएल एचआर हेड जियाउर रहमान डॉ मनोज कुमार गुप्ता, सम्बेद कुमार, जितेन्द्र प्रसाद सहित स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट, कई घायल

**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू चट्टी स्थित बाजार टांड के निकट जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच रविवार को मारपीट की घटना हो गयी। घटना में दोनों पक्ष के कई लोग घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू ले जाया गया। वहीं घटना के बाद दोनों पक्षों ने मांडू थाना में अलग-अलग आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। जिसमें घायल सुमित्रा देवी ने आवेदन देकर दूसरे पक्ष के विरूद्ध घर में घुसकर मारपीट की और झुमका छीन लेने का आरोप लगाया है। इस संबंध में लगभग एक दर्जन लोगों के खिलाफ मांडू थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जिसमें आरोपितों में संतोष कुमार गुप्ता, रोहित गुप्ता, रंजन गुप्ता, मुकुल गुप्ता, मनोहर गुप्ता, ध्रुव कुमार गुप्ता, ज्ञान रंजन गुप्ता, रजत कुमार गुप्ता, निशिकांत गुप्ता और शशिकांत गुप्ता शामिल हैं। वहीं दूसरे पक्ष के शशिकांत गुप्ता ने थाना में दिये गये आवेदन में कहा है कि जमीन पर पाइपलाइन ले जाने से रोकने पर उनके साथ मारपीट की गयी। उनके आवेदन के आधार पर पुलिस ने बालेश्वर साहू, विक्की कुमार, विशाल कुमार और सुमित्रा देवी के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की है। इस संबंध में मांडू पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दोषी पाये जाने पर दोनों ही पक्षों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## दिगवार का आकाश जेएसएससी सीजीएल में चयनित, परिजन में खुशी की लहर



**कुजू (आजाद सिपाही)।** दिगवार निवासी आकाश कुमार ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रौशन किया। वहीं, दिगवार उच्च विद्यालय के शिक्षक निरंजन कुशवाहा के पुत्र आकाश कुमार का सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के पद पर चयनित किया गया है। बताया जाता है कि आकाश शुरू से ही होनहार छात्र रहा है और कई प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पायी है। फिलहाल बिहार में विकास और योजना विभाग में पदाधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। वहीं, पिता निरंजन कुशवाहा व माता सुनीता देवी ने पुत्र आकाश कुमार की सफलता पर खुशी व्यक्त किया। साथ ही, ग्रामीणों ने भी हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है।

## समाजसेवी ने लोगों के बीच बांटे कंबल



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** डुमरीकला पंचायत के पूर्व मुखिया सह समाजसेवी कंचन यादव ने तुलसीपुर गांव स्थित अपने आवास पर मंगलवार को कड़ाके की ठंड से ठिठुरते असहाय जनों के बीच लगभग 500 कंबल का वितरण किया। इस मौके पर कई गांवों की महिलाएं और बुजुर्ग काफी संख्या में पहुंचे थे। ठंड में कंबल मिलते ही सभी के चेहरे खिल गये। समाजसेवी श्री यादव ने कहा कि गरीबों और असहायों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मुखिया नहीं हूं फिर भी गरीबों को का हक दिलाने के लिए हमेशा तत्पर रहता हूं। इस कार्यक्रम में पंचायत समिति प्रतिनिधि कृष्णकांत कुमार यादव, सुनील यादव, भुनेश्वर यादव, रघु यादव, अशोक यादव, गिरीश पासवान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## ड्राइंग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखायी शानदार प्रतिभा




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** एसएससी कैंपस स्थित अनमोल बचपन प्ले स्कूल में मंगलवार को नन्हे-मुन्ने बच्चों के बीच ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को रंगों में ढालते हुए एक से बढ़कर एक सुंदर चित्र बनाकर सबका मन मोह लिया। बच्चों ने अपने छोटे-छोटे हाथों को रंग-बिरंगे रंगों में डुबोकर सफेद कागज पर मनमोहक आकृतियां बनायी। किसी ने सुबह के मनोरम दृश्य, तो किसी ने पेड़-पौधे, पशु-पक्षी और राष्ट्रीय ध्वज का चित्र बनाकर अपनी कल्पनाशक्ति और सृजनशीलता का प्रदर्शन किया। कुछ बच्चों ने फूल, रॉकेट, गेंद और क्राफ्ट डिजाइनिंग के जरिये पेड़ की आकृति बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों में उत्साह और उमंग पैदा करती हैं और उनकी कला को निखारने में सहायक होती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उनके अंदर छिपी प्रतिभा को बाहर लाने का माध्यम बनते हैं। निदेशक श्री सिंह ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में छिपी प्रतिभा को उजागर करना, उनके मनोबल को बढ़ाना और उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना था। बच्चों के चेहरों पर प्रतियोगिता के दौरान झलकती खुशी को शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल था। प्रतियोगिता में संध्या, आरोही, सृष्टि, रिया, शौर्य भारती, आयुष सिंह, आस्था, मानवी, अक्षत, अनुराग गौरव, प्रियांशु, सक्षम, समृद्धि शर्मा, यश पटेल, प्रज्ञान, शिवांश, इशिका, कृष ठाकुर, रुद्र प्रताप, आरव पासवान, वेदांशु कुमार, जेसन जोन ओरिया सहित दर्जनों बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उर्मिला कुमारी, नमिता मिश्रा, भूमि कुमारी, दिव्या कुमारी, प्रिया कुमारी, नैना कुमारी, तारा कुमारी, बिपाशा कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, निधि सिंह और सुशीला एंथोनी आदि शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा। सबों ने कहा कि यह आयोजन बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव साबित हुआ, जिसने उनके बचपन को रंगों की खुशबू से महका दिया।

## विधायक ने झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में महत्वपूर्ण मुद्दे उठाये

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** विधायक ममता देवी ने झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में चितरपुर प्रखंड के लारी स्थित महिला महाविद्यालय के अपग्रेडेशन और छात्राओं की निर्बाध व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए तारांकित प्रश्न काल के माध्यम से सरकार से मांग रखी। महाविद्यालय के अपग्रेड होने से क्षेत्र की बेटियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। साथ ही शून्य काल प्रश्न के माध्यम से झारखंड में इस वर्ष हुई अत्यधिक वर्षा से किसानों की फसल को हुई भारी क्षति का मुद्दा मजबूती से उठाया उठाई। अब तक कृषि विभाग द्वारा किसानों को किसी प्रकार का मुआवजा उपलब्ध नहीं कराया गया है।

# सोसो कलां में हुए पथराव का विवाद सुलझा

## पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने किया अथक प्रयास

आजाद सिपाही संवाददाता




**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के सोसोकलां गांव में विगत वर्ष मूर्ति विसर्जन के दौरान दो समुदाय के बीच उत्पन्न हुआ विवाद को सुलझा लिया गया है। सोमवार को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में दोनों पक्षों की बैठक पंचायत सचिवालय सोसो कलां में हुई। इसकी अध्यक्षता अंचल अधिकारी सीताराम महतो और संचालन गोला थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने किया। प्रशासन की पहल पर हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों ने सौहार्दपूर्ण रवैया अपनाया। तय हुआ कि दोनों पक्ष अपने-अपने पर्व त्योहार शांति पूर्ण तरीके से मनायेंगे और एक-दूसरे के साथ प्रेम भाव से रहेंगे। दोनों समुदाय से रायशुमारी के बाद विवादित मार्ग पर मां सरस्वती की प्रतिमा विसर्जन जुलूस और बारह रवीउल अव्वल का जुलूस नहीं ले जाने का फैसला लिया गया। बाकी धार्मिक आयोजनों का जुलूस पहले से तय रास्ते पर पूर्व की तरह निकाला जायेगा। इसमें दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए आपसी सहमति भाईचारगी के साथ सभी पर्व त्योहार मनाने पर सहमति जतायी। इसके बाद तय फैसले पर लिखित रुप में समझौता हुआ। इस बैठक में मुख्य रूप से गोला मध्य के जिप सदस्य जलेश्वर महतो, पूर्व मुखिया बजरंग कुमार महथा, प्रभारी मुखिया लईक आलम, पंचायत समिति सदस्य अमीरुन निशा, अनमोल कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार दास, सचिव विजय महतो, सदर गुलाम सरवर, सेंक्रेट्री तनवीर आलम, उलफत हुसैन, एनुल होदा, अनील सिन्हा, पंचम दास निरंकारी, साकीर अंसारी, गौरी शंकर महतो, अवैस अंसारी, राजकिशोर ठाकुर, अदरुद्दीन अहमद, स्नेहलता चौधरी, मुजीबुर्रहमान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# प्रखंड प्रशासन ने की अलाव की व्यवस्था, लोगों को मिली ठंड से राहत

आजाद सिपाही में छपी खबर का असर

आजाद सिपाही संवाददाता



### अंचल निरीक्षक ने कराया अलाव की व्यवस्था

अलाव की व्यवस्था अंचल निरीक्षक कन्हैया कुमार के द्वारा की गयी। उन्होंने बताया कि ठंड बढ़ने के साथ ही प्रशासन लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। क्षेत्र के अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर भी आवश्यकता अनुसार अलाव की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है।

**मांडू।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रही ठंड और शीतलहरी से आमजन बेहाल थे। इसी बीच आजाद सिपाही में 8 दिसंबर को प्रकाशित समाचार कड़ाके की ठंढ से ठिठुर रहा मांडू, अलाव व्यवस्था नहीं होने से बढ़ी परेशानी का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला। समाचार प्रकाशित होने के 24 घंटे के भीतर ही प्रखंड प्रशासन हरकत में आया और मंगलवार की संध्या मांडू चट्टी चौक में अलाव की समुचित व्यवस्था कर दी गयी। स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली और प्रशासनिक सक्रियता की सराहना की।

**स्थल पर जुटे ग्रामीण, लिया अलाव का आनंद :** अलाव जलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुटने लगी। लोगों ने आग तापकर राहत महसूस की। मौके पर कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव मो. मिस्टर आलम, रविंद्र कुमार मुर्मू, इम्तियाज खान, विकास कुमार मोदी, मो. जमील, विक्की खान, आलम कुरैशी, मो. खलील सहित अंचल के कई कर्मी और ग्रामीण उपस्थित थे। इधर ग्रामीणों ने कहा कि पिछले कई दिनों से ठंड के कारण रात में बाहर निकलना मुश्किल हो रहा था। अलाव की व्यवस्था होने से अब उन्हें राहत मिलेगी। प्रशासन से यह भी अपेक्षा की गयी कि ठंड बढ़ने के साथ अन्य चौक-चौराहों पर भी अलाव उपलब्ध कराया जाये।

# उपायुक्त ने सुनीं आमजनों की समस्याएं




आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त कीर्तिश्री ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे आमजनों की समस्याएं सुनीं। भूमि विवाद, आवास, सड़क मरम्मत, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा विभाग से जुड़े मुद्दों सहित अनेक मामलों को लोगों ने उपायुक्त के समक्ष विस्तार से रखा। उपायुक्त ने उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी मामलों का त्वरित, निष्पक्ष और समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाये, ताकि आमजन को शीघ्र समाधान मिल सके। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक समाहरणालय में नियमित रूप से जनता दरबार आयोजित किया जाता है। इस दौरान आमजन अपनी समस्याएं सीधे जिला प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक लोगों से जनता दरबार का लाभ उठाने की अपील की है।

## सनातनियों के लिए होगा भव्य श्रीमद भागवत कथा का आयोजन : विधायक




**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पीटीपीएस स्थित विधायक के आवासीय कार्यालय में श्रीमद भागवत कथा के आयोजन सफलता पूर्वक सफल संचालन को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता विधायक रोशनलाल चौधरी और संचालन वीरेंद्र कुमार झा ने की। बैठक में विधायक ने कहा कि सभी क्षेत्रवासियों और सनातनियों के लिए 21 दिसंबर से 28 तक भव्य भागवत कथा का आयोजन पीटीपीएस आवासीय कार्यालय में किया जा रहा है। जिसकी तैयारी को लेकर संयोजक मंडली का गठन किया गया। संयोजक मंडली में जिप सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राजा राम प्रजापति, भुनेश्वर सिंह, वीरेंद्र झा, किशोर कुमार महतो, राहुल रंजन, धर्मेन्द्र सिंह, मनोज कुमार सिंह, राजू कुमार, अशोक पाठक, अजय रवि मोहित कुमार, मोंती यादव, अजित कुमार, धनेश्वर महतो, गंगाधर महतो, सुरेश महतो, लक्ष्मी महतो, उज्ज्वल कुमार सिंह, शिव प्रसाद मुंडा, संजय सिंह, भरत महतो, अमरेश कुमार, वकील महतो, गणेश ठाकुर, जानकी मुंडा सदस्य बनाये गये हैं। भागवत कथा वाचक के रूप में अयोध्या निवासी पूज्य श्री सत्य प्रकाश तिवारी जी महराज और आचार्य के रूप में सत्येन्द्र दुबे जी को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर राजेश पटेल, अविनाश कुमार, विकास कुमार, अमित कुमार सिंह, कैलाश महतो, अमन कुमार, सिकंदर कुमार, कालेश्वर महतो, कुंदन सिंह, मोहित कुमार, छोटू करमाली, उमेश कुमार, अरुण कुमार, गणेश राम सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## डीसी ने की पर्यटन विकास और जिला खेल कार्यालय के कार्यों की समीक्षा

# इनडोर और आउटडोर स्टेडियम के लिए सीओ से प्राप्त करें भूमि प्रतिवेदन : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिला और प्रखंड स्तर पर इनडोर और आउटडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाना है। जिला खेल पदाधिकारी पर्यटन विकास और खेल विकास को ध्यान में रखकर तत्परता दिखायें। वे स्टेडियम निर्माण के लिए भूमि प्रतिवेदन प्राप्त करने के लिए अंचल अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करें। यह बातें मंगलवार को डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने पर्यटन विकास और जिला खेल कार्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान कही। बैठक के दौरान जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार ने डीसी को बताया कि विभागीय स्तर से जिला और प्रखंड स्तर पर इंडोर और आउटडोर स्टेडियम निर्माण किया जाना है।



**पर्यटन स्थलों का विकास जल्द हो पूरा :** डीसी ने पर्यटन स्थलों पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। साथ ही उन्हें जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मौके पर डीसी ने जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले के अलग-अलग क्षेत्र में जिला और प्रखंड स्तरीय खेल स्टेडियम निर्मित करने, सांस्कृतिक दृष्टिकोण से अखरा निर्माण करने की चर्चा की।

### जिला अनाबद्ध निधि के तहत हो रहे विकास कार्यों की डीसी ने की समीक्षा

रामगढ़। रामगढ़ डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने मंगलवार को अनाबद्ध निधि से हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत से चल रही योजनाओं की जानकारी ली। साथ ही विभिन्न कार्यकारी एजेंसीयों द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जाना। डीसी ने योजनाओं में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। डीसी ने अब तक हुए कार्यो की विस्तार से जानकारी ली। वित्तीय वर्ष 2023-24 , 2024-25 और 2025-26 में स्वीकृत योजनाओं को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। डीसी ने उपस्थित सभी सहायक अभियंता को योजनाओं का समय-समय पर निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी प्रक्रियाएं पूर्ण करने के उपरांत ही योजनाओं में निर्माण कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंताओं, सहायक अभियंताओं सहित अन्य उपस्थित थे।

## भू-माफिया जालसाजी कर गैरमजरुआ जमीन पर जमा रहे कब्जा, सीओ ने रोका काम

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिले में भू-माफिया काफी सक्रियता दिखा रहे हैं। नये अधिकारियों की आंखों में धूल झोंककर उनके पीठ पीछे सरकारी जमीन पर अपना कब्जा जमाने का प्रयास कर रहे हैं। समाहरणालय के समीप छत्तरमांडू में वात्सल्य धाम के सामने ऐसे ही एक गैर मजरूर जमीन को हड़पने का प्रयास किया जा रहा था। रामगढ़ अंचल अधिकारी रमेश रविदास को जैसे ही भू-माफियाओं की हरकतों का पता चला उन्होंने कार्रवाई की। सबसे पहले उन्होंने जीएम लैंड पर चलाये जा रहे हैं जेसीबी का काम रुकवाया। इसके बाद दस्तावेजों की मांग की। साथ ही जांच पूरी होने तक किसी भी प्रकार का काम नहीं करने का आदेश दिया। पूर्व उप मुखिया ने की वरीय अधिकारियों को दिया दस्तावेज: छत्तरमांडू के पूर्व उप मुखिया दिलीप कुमार सिंह ने डीसी, एसडीओ और अंचल अधिकारी को सरकारी जमीन के सारे दस्तावेज सौंपे हैं। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि रामगढ़ सदर अंचल के हल्का नंबर 04, मौजि छत्तरमांडू, थाना नंबर 116, खाता नंबर 190, प्लॉट नंबर 1860 रकबा 49 डेसिमल, प्लॉट नंबर 1862 रकबा 67 डेसिमल, कुल रकबा 1.16 एकड़ भूमि जो सर्वे खतियान में गैर मजरूआ अनाबाद परती पत्थर दर्ज है। यह एक लोक उपयोगी भूमि है। रामगढ़-बोकारो मार्ग एनएच 23 पर रामगढ़ समाहरणालय के ठीक बगल में स्थित इस जमीन पर भू-माफियाओं की नजर है। कुछ वर्ष पूर्व भू माफिया और जमीन दलालों ने अंचल कार्यालय से सांठ-गांठ कर प्लॉट नंबर 1860 और 1862 को खाता संख्या 86 जो तेजन सिंह पिता भूवन सिंह का रैयती खाता है, उसमें दर्ज करवा लिया। इसके बाद कई लोगों के बीच इसकी बिक्री की गयी। पूर्व उप मुखिया दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में गांव के ही कुछ दबंग भू माफिया और दलालों के द्वारा पुन: वैसा ही कृत्य किया जा रहा है। जमीन को जेसीबी मशीन लगाकर समतलीकरण किया जा रहा है, ताकि उसकी बिक्री आसानी से की जा सके। उन्होंने पूरे दस्तावेजों की जांच करने की मांग की है, ताकि लोक उपयोगी भूमि को भू माफियाओं के चंगुल से बचाया जा सके।

## इनरव्हील क्लब रामगढ़ ने पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता अभियान का किया आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** इनर व्हील क्लब रामगढ़ ने पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ब्रिगेडियर पुरी पार्क में एक सुंदर और उपयोगी औषधीय पौधों का उद्यान विकसित किया है। इस उद्यान में कुल 20 औषधीय पौधों का रोपण सावधानीपूर्वक किया गया। जिनमें आंवला, नींबू, धतूरा, पाथरचट्टा, अश्वगंधा, रोजमेरी, पलाश, नीम, करी पत्ता, हल्दी, अदरक, गुड़हल, तुलसी, गिलोय आदि प्रमुख हैं। प्रत्येक पौधे के साथ जानकारीपूर्ण प्लाकार्ड लगाये गये हैं। जिन पर पौधे का वैज्ञानिक नाम उसके मुख्य औषधीय उपयोग और इनर व्हील का नाम व लोगो अंकित है। साथ ही प्लाकार्ड पर लगे दफकोड के माध्यम से लोग सीधे क्लब के इंस्टाग्राम पेज से जुड़ सकते हैं। जिससे अधिक से अधिक लोगों तक प्रकृति और स्वास्थ्य से जुड़े संदेश पहुंच सकें। उद्यान में एक आकर्षक मुख्य साइनिज बोर्ड भी स्थापित किया गया है, जो आगंतुकों को इस पहल के उद्देश्य और औषधीय पौधों के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान करता है। ब्रिगेडियर पुरी पार्क शहर का एक प्रसिद्ध स्थल है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग मॉर्निंग वॉक, व्यायाम और मनोरंजन के लिए आते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण स्थल पर औषधीय पौधों का उद्यान की स्थापना न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक कदम है, बल्कि लोगों को प्रकृति की उपचार शक्ति से भी परिचित कराता है। इनर व्हील क्लब रामगढ़ की यह सार्थक पहल समाज में स्वास्थ्य जागरूकता, प्रकृति संरक्षण और समुदाय सहभागिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान है। मौके पर नमिता श्रॉफ, जनेशा वडेरा, निधि चौधरी, नीरु साहनी, अनुराधा श्रॉफ, रंजू अग्रवाल, राजिंदर बुधवाल, दीपा वडेरा, मनबीर कौर, जसमीत सोनी, श्वेता जैन, जसबिंदर होरा, मधु अग्रवाल, हरमीत कौर, नवालजीत कौर, पिंकी बंसल आदि उपस्थित थे।

## अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय



**चतरा (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल स्थित उपाधीक्षक कार्यालय में अस्पताल प्रबंधन जिला समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी ने की। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने बढ़ते ठंड को देखते हुए सदर अस्पताल के सभी वार्डों में रूम हीटर लगाने का निर्णय लिया। वहीं नव पदस्थापित शिक्षकों से मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने के नाम पर अवैध रूप से राशि लिए जाने के मामले की जांच सदर अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम ने की। उन्होंने कई कर्मियों से पूछताछ भी की। इसके अलावा शल्य कक्ष के सामने एएनसी रूम विकसित करने, जेम पोर्टल पर तकनीकी कारणवश मेडिसिन का आर्डर कैंसिल करने के कारण जनहित में दवा का क्रय सीमित अलग-अलग फर्म से ली गयी थी। उक्त बकाए के भुगतान हेतु जिला कार्य समिति द्वारा अनुमोदित एल वन दर पर घटनोत्तर स्वीकृति हेतु समिति को निर्णय लेने का निर्देश दिया गया। सदर अस्पताल में खराब पड़े जीवन उपयोगी उपस्कर के मरमती के लिए किसी फर्म से संबंध स्थापित करने, परिवार नियोजन कक्ष, ट्रामा सेंटर चालू करने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक के पश्चात उपस्थित अधिकारियों ने सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान बनाये गये नये रजिस्ट्रेशन काउंटर, हर्बल पार्क, एएनसी कक्ष, आईसीयू वार्ड, जेनरल वार्ड आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान साफ सफाई में सुधार सहित अन्य निर्देश दिये गये। बैठक में एसडीओ जहूर आलम के अलावा जिप उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आशीष कुमार, उपाधीक्षक डॉक्टर पंकज कुमार, रेड क्रॉस के सचिव धर्मेंद्र पाठक सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। बरबीघा के प्रसिद्ध समाजसेवी सह व्यवसायी रहे स्वर्गीय सीता साहू के 16वीं पुण्यतिथि पर नाती अमित साहू और परिवारों के द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। अमित साहू ने बताया कि हमारे नाना स्वर्गीय सीता साव बरबीघा के बहुत ही प्रखर समाजसेवी और प्रसिद्ध व्यवसायी रहे। उनके ही बताएं मार्ग पर हम लोग चलकर समाज के जरूरतमंद अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के लिए कटिबद्ध है और रहेंगे। इसी क्रम में स्वर्गीय सीता साव के 16वीं पुण्यतिथि पर इस कड़ाके की ठंड में कंबल वितरण किया गया और स्वर्गीय सीता साव को पुष्पांजलि अर्पित किया गया।

**AFFIDAVIT**

I, SANJITA KUMARI W/o Nakul Mahto, resident of Village- Nandpur, PO & PS: Maniharpur, Distt. West Singhbhum, Jharkhand do hereby solemnly affirm & declare as follows:- 1, That POMMI KUMARI D/o Nakul Mahto is my daughter, her actual & correct date of birth is 15-09-2017. 2. That in the Birth Certificate, vide Registration No:45616 date of registration: 30-07-2018 issued by the Registrar (Birth & Death) Gram Panchayet Nandpur, Distt,. West Singhbhum, in the name of my said daughter in which her date of birth has been mentioned as 15-09-2017 which is correct and genuine. 3. That in the Aadhar Card vide No: 6470 0029 7078 of my said daughter in which her name has been wrongly entered as Pammi Kumari. 4. That my above named daughter's actual & Correct name is "Pommi Kumari". 5. That I swear this affidavit to confirm the above facts and produce before the concerning authority for the purpose of correction the name of my said daughter i,e, from Pammi Kumari to Pommi Kumari in her Aadhar Card.

Sl. No-10, Date-21.11.2025

# इंडिगो संकट

इंडिगो की वजह से भारत के विमानन क्षेत्र में पैदा हुए हालिया संकट ने फिर से एकाधिकार के खतरे को उजागर कर दिया है। इंडिगो का मामला लापरवाही, बाजार में अपनी मजबूत स्थिति का बेजा फायदा उठाने की कोशिश और जिम्मेदारियों से भागने का बड़ा उदाहरण है। संकट के दौरान भी, जब तक सरकार ने दखल नहीं दिया, कंपनी का रवैया ठीक नहीं रहा।

**सरकारी कमिटी :** डीजीसीए के नये फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) नियम सभी एयरलाइंस पर लागू होने थे और इसके लिए सभी को पर्याप्त समय भी दिया गया था। लेकिन, इंडिगो ने नये नियमों के हिसाब से स्टाफ की भर्ती नहीं की, जिससे मौजूदा संकट इतना बड़ा हो गया। सरकार ने एक कमिटी बनायी है, जो इस बात की जांच करेगी कि कहीं इंडिगो ने जानबूझकर तैयारियों में देरी तो नहीं की, ताकि अथॉरिटीज पर प्रेशर बनाया जा सके।

**इंडिगो का दबदबा :** यह आशंका इस वजह से उठती है, क्योंकि केबिन क्रू और पायलटों की कमी को एकाएक पूरा नहीं किया जा सकता। क्या एयरलाइंस इस बात का इंतजार कर रही थी कि क्राइसिस हो, ताकि उसे नियमों में छूट मिल सके? भारतीय विमानन क्षेत्र में इस समय इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी 65% है। उसके बेड़े में 417 विमान हैं और सामान्य दिनों में हर दिन 2200 उड़ानें भरी जाती हैं।

> मौजूदा संकट याद दिलाता है कि किसी भी क्षेत्र में एकाधिकार होना कितना खतरनाक हो सकता है, जबकि कंपनियों के बीच अच्छी प्रतिस्पर्धा हो तो ग्राहकों को वाजिब कीमत पर अच्छी सर्विस मिलती है।

**समझौता न हो :** संकट खड़ा होने पर पहली प्रतिक्रिया भी हैरान-परेशान करने वाली रही। हजारों यात्री जहां-तहां फंस गये, रिफंड के लिए परेशान होते रहे, जबकि कंपनियां मनमाना किराया वसूलने लगीं। सरकार की तरफ से फिलहाल नए नियमों में थोड़ी रियायत दी गयी है, ताकि स्थिति सामान्य हो सके। फौरी तौर पर जनता को राहत देने के लिए यह भले सही हो, लेकिन नये एफडीटीएल नियमों से किसी सूरत में समझौता नहीं किया जाना चाहिए। ये नियम अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप और पायलटों की सेहत व उड़ान सुरक्षा के लिए जरूरी हैं।

**एकाधिकार टूटे :** सरकार ने इंडिगो से जवाब भी मांगा है, लेकिन यह समय नीतियों के मूल्यांकन का भी है। अगर कंपनी नये नियमों के लिए तैयारी नहीं कर रही थी, तो क्या अथॉरिटीज को इसकी खबर नहीं थी? क्या डीजीसीए के निगरानी सिस्टम में सुधार की जरूरत है? मौजूदा संकट याद दिलाता है कि किसी भी क्षेत्र में एकाधिकार होना कितना खतरनाक हो सकता है, जबकि कंपनियों के बीच अच्छी प्रतिस्पर्धा हो तो ग्राहकों को वाजिब कीमत पर अच्छी सर्विस मिलती है। देश में हवाई क्षेत्र की तरक्की की रफ्तार बहुत अच्छी है। यह आगे बनी रहे और यात्रियों को भी अच्छी सेवा मिले, इसके लिए और क्या कदम उठाये जा सकते हैं, इस पर भी केंद्र को गौर करना चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगर 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की याद दिलाते हुए ध्वजारोहण के साथ संबंध किया, तो भारत को समझने वालों के लिए यह बिल्कुल स्वाभाविक है, जिन्हें समझ नहीं या समझते हुए भी राजनीतिक रूप से विरोध करना है उनके लिए यह उपहास और विरोध का ही विषय होगा। बात अत्यंत सरल है। किसी भी समाज के अंदर यह भाव बिठा दिया जाये कि आपकी संपूर्ण सभ्यता जो धर्म से निर्धारित है, वह कपोल कल्पनाओं, मिथकों और बहुत हद तक अंधविश्वासों से भरी है, तो उसके अंदर एक समाज और राष्ट्र के रूप में बड़े लक्ष्य पाने की प्रेरणा का स्रोत पैदा होना कठिन हो जायेगा।**

# भारत विश्व के लिए आदर्श और प्रेरणादायी देश बनेगा

**अवधेश कुमार**



**भारत को अपनी विपुल आध्यात्मिक ऊर्जा, सभ्यता और संस्कृति की शक्ति से विश्व के लिए नेतृत्वकारी आदर्श महाशक्ति के रूप में खड़ा करना है, तो प्रेरणा यहीं से मिलेगी, तो संघर्ष से लेकर मंदिर निर्माण, प्राण प्रतिष्ठा और ध्वजारोहण तक के पूरे पुरुषार्थ को देखें तो समझ में आता है कि हर भारतवासी के लिए यह मंदिर और उसके ऊपर लहराता हुआ धर्म ध्वज अपनी संस्कृति की व्यापकता एवं संघर्ष की प्रभाव प्रखरता की सतत प्रेरणा देता रहेगा।**

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण के साथ शास्त्रीय परंपरा के अनुसार निर्माण कार्य पूर्ण हो गया। विरोधियों की प्रतिक्रियाएं वैसी ही हैं, जैसी 22 जनवरी 2024 के प्राण प्रतिष्ठा के समय थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंचालक डॉ मोहन भागवत के बटन दबाने के साथ ध्वज का धीरे-धीरे ऊपर चढ़ना और अंततः मंदिर के शिखर पर विराजमान होकर लहराना भारत के बहुत बड़े वर्ग के लिए वेदनाओं से पूर्ण संघर्ष के युग के समापन और नये युग के सूत्रपात का साक्षात स्वरूप बन गया।

सच है कि राजनीतिक और गैर-राजनीतिक विपक्ष ने कभी भी श्रीराम मंदिर निर्माण कार्य तो छोड़िए, इसके विचार का समर्थन नहीं किया। प्रत्यक्ष और परोक्ष इसके मार्ग में जितनी अड़चनें डाली जा सकती थीं डाली गयीं। जिन लोगों ने शास्त्रों में वर्णित अयोध्या को ही काल्पनिक साबित करने के लिए इतिहास के नाम पर पुस्तकें लिखवाईं, अभियान चलाया न्यायालय में इसके विरुद्ध मुकद्दमे लड़े और इलाहाबाद उच्च न्यायालय से लेकर उच्चतम न्यायालय के निर्णय पर आज तक प्रश्न खड़ा करते रहे हैं, उनसे हमें सकारात्मक प्रतिक्रिया या समर्थन करने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए।

> विश्वकर्मा वास्तु शास्त्र के अध्याय 42 में ध्वजाओं के लक्षणों का विस्तृत वर्णन है।

ध्यान रखिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत के उद्बोधनों के भाव में बिल्कुल समानता थी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वर भी ऐसा ही था? भारत की सही समझ और राष्ट्र के लक्ष्य की यथार्थ कल्पना के कारण स्वर में समानता बिल्कुल स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगर 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की याद दिलाते हुए ध्वजारोहण के साथ संबंध किया, तो भारत को समझने वालों के लिए यह बिल्कुल स्वाभाविक है, जिन्हें समझ नहीं या समझते हुए भी राजनीतिक रूप से विरोध करना है उनके लिए यह उपहास और विरोध का ही विषय होगा। बात अत्यंत सरल है। किसी भी समाज के अंदर यह भाव बिठा दिया जाये कि आपकी संपूर्ण सभ्यता जो धर्म से निर्धारित है, वह कपोल कल्पनाओं, मिथकों और बहुत हद तक अंधविश्वासों से भरी है, तो उसके अंदर एक समाज और राष्ट्र के रूप में बड़े लक्ष्य पाने की प्रेरणा का स्रोत पैदा होना कठिन हो जायेगा। श्रीराम मंदिर आंदोलन केवल एक सामान्य मंदिर के लिए नहीं था, बल्कि उसका लक्ष्य सांस्कृतिक, धार्मिक, राष्ट्रीय पुनर्जागरण तथा स्थायी प्रेरणा स्रोत खड़ा करने के लिए था, ताकि भारत जागृत रहे और हम सब देश को शीर्ष पर ले जाने के लिए प्राणपण से संकल्पित हो। सनातन परंपरा में शिखर पर लहराते ध्वज को मंदिर का रक्षक, ऊर्जा का वाहक और पूर्णता तथा ईश्वर की उपस्थिति का प्रतीक माना जाता है। ध्वजा से ही मंदिर को पूर्णता प्राप्त होती है। कौन सा निशान रामलला के धाम की पवित्रता और युगों तक कायम रहने वाली सनातन परंपरा का प्रतिनिधित्व करेगा इसके चयन के लिए अनेक ग्रंथों को खंगाला गया। रामचरितमानस,भारत की सभी भाषाओं के रामायण देखे गये। विश्वकर्मा वास्तु शास्त्र के अध्याय 42 में ध्वजाओं के लक्षणों का विस्तृत वर्णन है। महाभारत, ऋग्वेद, विष्णुधर्मोत्तर पुराण में ध्वज का वर्णन है। इसमें भगवान विष्णु के ध्वज का रंग पीला और सुनहरा बताया गया है, जो इनके अवतार होंगे उनके ध्वज का रंग केसरिया और पीतांबरी होगा। सूर्यवंशी होने के कारण सूर्य का निशान अंकित है। सूर्य जीवंतता और ऊर्जा का भी प्रतीक होता है। रघुकुल का राजकीय निशान होने के कारण कोविदार वृक्ष को अंकित किया गया है। हरिवंश पुराण में उल्लेख है कि महर्षि कश्यप ने पारिजात के पौधे में मंदार के गुण मिला कर इसे तैयार किया था। वाल्मीकि रामायण के अयोध्या कांड के अनुसार चित्रकूट में वनवास के दौरान भगवान राम ने लक्ष्मण को ध्वजों से विभूषित अश्व और रथों से आती हुई सेना की सूचना दी और इसके बारे में पता लगाने को कहा। इसे देख कर लक्ष्मण ने कहा कि निश्चय ही दुष्ट दुर्बुद्धि भरत स्वयं सेना लेकर आया है। यह कोविदार युक्त विशाल ध्वज उसी के रथ पर फहरा रहा है। इसी प्रसंग से स्पष्ट हुआ कि कोविदार वृक्ष युक्त ध्वज अयोध्या की पहचान और प्राचीन धरोहर रही है। प्राण प्रतिष्ठा के समय ही राम मंदिर परिसर में कोविदार वृक्ष लगाये गये हैं, जो इस समय लगभग 8 से 10 फुट के हो चुके हैं। इतनी सूक्ष्मता से एक-एक पहलू का ध्यान रखने की सोच और इसके पीछे के दर्शन को विरोधी समझ ही नहीं सकते। अगर प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि अयोध्या की भूमि आदर्श आचरण का स्वरूप है और राम आदर्श एवं अनुशासन तथा जीवन के सर्वोच्च चरित्र के प्रतीक जो हमें तभी प्रेरित करेंगे जब हम अपने भीतर के राम को जगायें। मैकाले शिक्षा प्रणाली की गुलाम मानसिकता से मुक्ति के लिए 10 वर्षों का लक्ष्य देने के लिए निश्चय ही यह उपयुक्त जगह और समय था। अयोध्या एवं राम-सीता को काल्पनिक बनाने की सोच इसी गुलाम मानसिकता से निकली थी।

भारत को अपनी विपुल आध्यात्मिक ऊर्जा, सभ्यता और संस्कृति की शक्ति से विश्व के लिए नेतृत्वकारी आदर्श महाशक्ति के रूप में खड़ा करना है, तो प्रेरणा यहीं से मिलेगी, तो संघर्ष से लेकर मंदिर निर्माण, प्राण प्रतिष्ठा और ध्वजारोहण तक के पूरे पुरुषार्थ को देखें तो समझ में आता है कि हर भारतवासी के लिए यह मंदिर और उसके ऊपर लहराता हुआ धर्म ध्वज अपनी संस्कृति की व्यापकता एवं संघर्ष की प्रभाव प्रखरता की सतत प्रेरणा देता रहेगा। हम इससे प्रेरणा लेते हुए सामूहिक रूप से भारत के लक्ष्य का ध्यान रखते हुए काम करेंगे, तो यह देश विश्व के लिए आदर्श और प्रेरणादायी देश बनेगा। यही भारत का मुख्य ध्येय है।

## कोल्हान की खबरें

### कामगार कांग्रेस की बैठक में केंद्र सरकार पर साधा निशाना



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** कदमा स्थित प्रकृति विहार में जिला असंगठित कामगार और कर्मचारी कांग्रेस की बैठक आयोजित की गयी। मंगलवार को बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अंजनी पांडेय ने की। बैठक में झारखंड प्रदेश कामगार कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेश पांडेय ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किये गये चार नये श्रम कोड को पूंजीपतियों के हित में बनाये जाने की बात कही। उन्होंने कहा यह मजदूर–विरोधी कानून है।केंद्र सरकार के कानून मजदूर वर्ग पर बड़ा प्रहार है और लंबे संघर्ष से हासिल श्रमिक अधिकारों को कमजोर कर देगा। अंजनी पांडेय ने कहा नये कोड हायर एंड फायर नीति को बढ़ावा देते हैं, कार्य समय, अवकाश और ठेका प्रथा में बड़े बदलाव मजदूरों के लिए नुकसानदायक हैं। यूनियन गठन, आंदोलन और श्रम न्याय प्रक्रिया कठिन हो जायेगी। बैठक में तय किया गया जल्द जिला मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन कर इन कानूनों को वापस लेने का दबाव बनाया जायेगा। मौके पर राकेश गुप्ता, मनीष चंद्रवंशी, रवि राज, अजित सिंह और महेश यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सेल गुवा का भविष्य स्वर्णिम होगा और कई मूलभूत समस्याओं का होगा समाधानः शालू



**चाईबासा (आजाद सिपाही)।** नव नियुक्त सेल गुवा संबद्ध महिला समिति अध्यक्ष शालू कुमार ने कहा महिला समिति द्वारा नारी सशक्तिकरण, जनकल्याण और क्षेत्रीय विकास के कार्यों से स्थानीय लोगों को निरंतर लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़े पैमाने पर पौधरोपण और वन संरक्षण की पहल जारी है, जबकि फिटनेस पार्क में स्थापित राष्ट्रीय व्यक्तित्वों की प्रतिमाएं लोगों के लिए प्रेरणा बन रही हैं। उन्होंने कहा सेल गुवा में सेफ्टी वीक और खान सुरक्षा सप्ताह की तैयारियां चल रही हैं। लौह अयस्क उत्पादन में भी श्रमिकों और अधिकारियों की संयुक्त मेहनत से वृद्धि हो रही है। सीएसआर के तहत विभिन्न गांवों में मेडिकल कैंप, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और स्कूलों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार स्थानीय विकास को गति दे रहा है। शालू कुमार के अनुसार क्षेत्र में जारी व्यापक विकास कार्य इस बात का संकेत हैं सेल गुवा का भविष्य स्वर्णिम होगा और कई मूलभूत समस्याओं का समाधान भी होगा।

### चोरी की कोशिश नाकाम, दो हिरासत में

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** बीते रात रोड नंबर 13 पर नशे में धुत युवकों ने प्रेम ज्वेलर्स सहित दो घरों में चोरी का प्रयास किया। लेकिन स्थानीय लोगों की सतर्कता से वारदात विफल हो गयी। आरोपितों ने दो घरों के स्प्लिट एसी के कॉपर कॉइल काटने और ज्वेलर्स दुकान का ताला तोड़ने की कोशिश की। घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी। स्थानीय लोगों के अलर्ट होने पर युवक मौके से फरार हो गये। सुबह सूचना मिलने पर आरआईटी पुलिस ने जांच शुरू की। इस दौरान पार्क में नशा कर रहे संदिग्ध युवकों को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। सीसीटीवी फुटेज में दोनो युवकों को चोरी करने की कोशिश के लिए पुष्टि हुई। फिलहाल पुलिस पूछताछ कर रही है और अन्य सहयोगियों की तलाश में जुट गयी है।

## 25 साल से बंद है केबुल कंपनी, साढ़े तीन करोड़ के बकाये के लिए मजदूर हलकान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शहर की प्रमुख और दुनिया की अग्रणी केबुल निर्माता कंपनी (केबल कंपनी) बीते 25 वर्षों से बंद पड़ी है। बंद होने के दौरान लगभग 2000 मजदूर कंपनी में कार्यरत थे। जो अब बकाया वेतन और सामाजिक सुरक्षा राशि के लिए संघर्षरत हैं। कंपनी को बेचने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और वेदांत कंपनी इसे अधिग्रहण करने वाली है। मंगलवार को मजदूर संघर्ष समिति ने स्पष्ट किया जब तक सभी 2000 मजदूरों का बकाया वेतन, पीएफ और इएसआइ सहित लगभग 3.5 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं होगा वे अपनी मांग पर अड़े रहेंगे। मौके पर पूर्व कर्मचारी के पुत्र शिव शंकर सिंह ने बताया बीते 35 साल से केबल कंपनी के क्वार्टर में राह रहे है। यहां कर्मचारियों की जो स्थिति है वह किसी से छुपा नहीं है। कई बार बंद कंपनी में कार्यारत कर्मचारी को वेतन भुगतान के लिए आश्वासन मिला। लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। फिलहाल वेदांत कंपनी 16 करोड़ देने को तैयार है, लेकिन संघर्ष समिति का कहना है मजदूरों का बकाया ही मान्य होगा। अन्यथा मजदूर संघर्ष समिति सुप्रीम कोर्ट में जाने को तैयार है। केबूल संघर्ष समिति के महामंत्री बीके शर्मा और समाजसेवी शिव शंकर सिंह ने मजदूरों के समर्थन में अपनी चिंता व्यक्त की।

## गुवा सेल में बाहरी बहाली विवाद पर हंगामा तेज, उत्पादन व डिस्पैच ठप

> यूनियनों का आरोप है स्थानीय युवाओं की अनदेखी कर बाहर के लोगों को नौकरी दी जा रही है
>
> केवल सात लोगों की बहाली हुई है और सभी झारखंड के हैं : सेल प्रबंधन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाईबासा।** गुवा सेल में 20 बाहरी व्यक्तियों की कथित बहाली के विरोध में संयुक्त यूनियनों का आंदोलन दूसरे दिन और उग्र हो गया। मंगलवार को जनरल ऑफिस के समक्ष मजदूरों ने नारेबाजी जताते हुए चेतावनी दी बाहरी बहाली पर रोक लगने तक उत्पादन और डिस्पैच अनिश्चितकालीन बंद रहेगा। बीते रात से बसें रोक दिये जाने के कारण कामकाज पूरी तरह ठप है। यूनियनों का आरोप है स्थानीय युवाओं की अनदेखी कर बाहर के लोगों को नौकरी दी जा रही है। वहीं सेल प्रबंधन का कहना है केवल सात लोगों की बहाली हुई है और सभी झारखंड के हैं। यूनियनों ने इसे भी अस्वीकार करते हुए सातों की नियुक्ति रद्द करने की मांग की। आंदोलन में कई यूनियन नेता, पंचायत प्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्य, ग्रामीण मुंडा-मानकी और बड़ी संख्या में मजदूर और युवा शामिल हुए। यूनियनों ने चेताया कि यह रोजगार अधिकार की लड़ाई है और निर्णय न होने पर आंदोलन और तीव्र होगा।

### विधायक ने किया पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास



**जमशेदपुर(आजाद सिपाही)।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी की अनुशंसा से स्वीकृत जिला अनबद्ध निधि योजना अंतर्गत जमशेदपुर प्रखंड के पश्चिम कालीमाटी पंचायत स्थित को-ऑपरेटिव सोसाइटी कॉलोनी, चर्च रोड में पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक प्रतिनिधि पलटन मुर्मू ने नारियल फोड़कर किया। मौके पर स्थानीय मुखिया अरुणा एक्का, कालिदास टुडू सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्थानीय निवासियों ने सड़क निर्माण कार्य की सराहना करते हुए कहा इससे आवागमन में सुविधा बढ़ेगी और वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा।

### राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत 78 बुजुर्गों के बीच सहायक उपकरण का वितरण



**पोटका (आजाद सिपाही)।** रसूनचोपा पंचायत भवन में राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत एएलआइएमसीओ द्वारा 10 गांवों के 78 बुजुर्गों के बीच व्हीलचेयर, स्टिक, कमर व घुटने के बेल्ट और कान की मशीन समेत विभिन्न सहायक उपकरण का वितरण किया गया। उपकरण मिलने पर बुजुर्गों के चेहरों पर खुशी साफ झलकने लगी। इससे पहले 18 नवंबर को पंचायत में जांच शिविर लगाया गया था। मुखिया सिमती सरदार ने कहा गरीब ग्रामीण परिवार महंगे सहायक उपकरण नहीं खरीद पाते, इसलिए जरूरतमंद बुजुर्गों को सहारा देना पंचायत का प्रयास है। मौके पर किशन रजक सहित सभी ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की।

### गुवा में सिविक एक्शन प्रोग्राम और मेडिकल कैंप का किया गया आयोजन



**गुवा (आजाद सिपाही)।** रोवाम ग्राम स्थित एफ/197 बटालियन कैंप परिसर में सिविक एक्शन प्रोग्राम और मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। मंगलवार को कार्यक्रम की अध्यक्षता कमांडेंट सुरेश कुमार ने की। मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी प्रमेन्द्र नारायण, सहायक कमांडेंट ओंकार महतो, एसडीपीओ अजय केरकेट्टा और जयदीप लकड़ा, गुवा थाना प्रभारी नितीश कुमार, छोटानागरा थाना प्रभारी सैनिक समद सहित सिविल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत रोवाम, गंगदा और घाटकुरी के जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच साड़ी, बेडशीट, मच्छरदानी, स्टील बर्तन, कंबल, लुंगी, सोलर लैंटर्न, खेल सामग्री और स्कूल किट वितरित किये गये। मेडिकल कैंप में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयां दी गयी। कमांडेंट सुरेश कुमार ने ग्रामीणों को जागरूक रहकर अधिकारों की रक्षा करने और नक्सलवाद के खिलाफ आवाज उठाने का संदेश दिया। बच्चों को शिक्षा व खेल–कूद में सक्रिय रहने की प्रेरणा भी दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन और सामग्री वितरण से ग्रामीणों में खुशी की लहर देखी गयी।

# अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासनिक टीम का ग्रामीणों ने किया विरोध, कार्रवाई बाधित

**जमीन विवाद उच्च न्यायालय में लंबित सरकारी कार्य में बाधा पर 8 नामजद, 150 अज्ञात पर प्राथमिकी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा।** विशुनपुरा अंचल के ग्राम सारो स्थित हाल सर्वे खाता संख्या 220, प्लॉट संख्या 215 को अतिक्रमणमुक्त कराने पहुंची पुलिस-प्रशासन की टीम को गुरुवार को ग्रामीणों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। विरोध के चलते प्रशासन को कार्रवाई बीच में ही रोकनी पड़ी।

अनुमंडल पदाधिकारी बंशीधर नगर द्वारा जारी निर्देश के अनुसार प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी प्रभारी अंचल निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता, थाना प्रभारी राहुल सिंह और सुरक्षा बल निर्धारित समय पर भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने पहुंचे थे। गुलाम मैनुद्दीन अंसारी ने कहा कि यह हमारी पुश्तैनी भूमि, रसीद भी कटती आई है।

कार्रवाई शुरू होते ही ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए कहा कि उक्त भूमि गुलाम मोइनुद्दीन का निजी है और वर्षों से जोत-कोड़ में रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुराना खाता संख्या 03 और प्लॉट संख्या 48 में कुल 1 एकड़ 80 डिसमिल दर्ज है। यह जमीन उनके पूर्वजों मकसूदन मियां और सुधु मियां के नाम रजिस्टर-टू में दर्ज है। पूर्व में इस भूमि की नियमित रसीद कटती आई है।

हाल सर्वे में इसे गलत तरीके से अनावाद सर्वसाधारण दिखा दिया गया है। गुलाम मैनुद्दीन अंसारी ने बताया कि भूमि विवाद को लेकर मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, जहां 15 दिसंबर 2025 को अगली तिथि निर्धारित है। उन्होंने कहा कि कोर्ट में मामला लंबित रहते प्रशासनिक कार्रवाई उचित नहीं है।

मैनुद्दीन ने बताया कि उक्त खाता-प्लॉट से अपने हिस्से से रैयत्ती 07 डिसमिल भूमि मुबारक अंसारी को घर निर्माण के लिए एग्रीमेंट पर दी थी, जिसमें घर बनाकर लोग रह भी रहे हैं। जिसे अतिक्रमण बता कर घर को तोड़ने आई है। पहले हमें नापी कर संतुष्ट कर लें, तब मैं घर को तोड़ने दूंगा।

### नेजामुद्दीन की शिकायत के बाद शुरू हुई थी कार्रवाई

पतिहारी निवासी नेजामुद्दीन अंसारी ने उक्त भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत अंचल और अनुमंडल कार्यालय में की थी। अंचल कार्यालय ने जांच के बाद मुबारक अंसारी को 15 दिनों में अतिक्रमण हटाने का निर्देश भी दिया था। निर्देश का पालन न होने पर नेजामुद्दीन ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, जहां दोनों पक्षों के दस्तावेज प्रस्तुत किये जा चुके हैं।

### प्रशासनिक टीम से दुर्व्यवहार का आरोप 8 नामजद और 150 अज्ञात पर प्राथमिकी

वहीं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी जयप्रकाश गुप्ता (अंचल निरीक्षक) अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान सरकारी कर्मी से सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने और सरकारी कर्मी के साथ दुर्व्यवहार करने को लेकर 8 नामजद और 150 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कराई है।

# अनुपूरक बजट के नाम पर झामुमो सरकार ने जनता को ठगने का काम किया है : रितेश चौबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने कहा है कि अनुपुरक बजट के नाम पर झामुमो सरकार ने जनता को ठगने का काम किया है। विभागों के 13400 करोड़ के मांग पर मात्र 7700 करोड़ फंड देने का मतलब सरकार का दिवालियापन नजर आ रहा है जब विभागों में पैसा नहीं होगा तो विकास का काम ठप हो जायेगा। उन्होंने कहा कि अनुपुरक बजट में जनहित में कोई योजना नहीं है अबुआ आवास से लेकर पेयजल विभाग तक ठप पड़ चुका है स्वास्थ्य व्यवस्था फेल हो चुका है। गांव शहर हर जगह जनता त्राहिमाम कर रही है। ठंड के मौसम में गरीब जनता को कंबल वितरित नहीं हो रहा है। छात्रों को छात्रवृत्ति तक नहीं मिल पा रहा है यह सरकार की भारी नाकामी है। झामुमो को सत्ता में आने से जनता अफसोस कर रही है, क्योंकि जनता का कोई काम नहीं हो रहा है।

किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा ने कहा कि झामुमो सरकार में किसानों के साथ भारी धोखा हुआ है। 2024 के विधानसभा चुनाव में झामुमो ने वादा किया था कि 3200 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीद होगा, लेकिन 2450 रुपये धान खरीद की घोषणा हुई और वह भी समय पर धान खरीद नहीं हो रहा है, जिससे किसानों को औने-पौने दाम पर लोकल व्यापारी के हाथों धान बेचना पड़ रहा है, इससे किसान आक्रोशित हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष धान बिक्री का पैसा समय पर भुगतान नहीं होने से जनता परेशान हैं। बारिश के कारण बड़े पैमाने पर धान की फसल खराब होने पर बीमा का राशि किसानों को नहीं मिल रहा है, सरकार उसे तत्काल देने का काम करे। मौके पर संजय जायसवाल सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## बाबू दिनेश सिंह विवि ने बीएचएमएस परीक्षा का परिणाम घोषित किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने मंगलवार को बीएचएमएस चतुर्थ वर्ष (सत्र 2020-25) की परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित किया। घोषित परिणामों के अनुसार इस वर्ष विश्वविद्यालय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए इवा अंजलि तिर्की ने 1166 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।

इसके अतिरिक्त सुर्भिश्री ने 1152 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, तथा प्रीति कुमारी ने 1120 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों ही मेधावी छात्रायें देवकी महावीर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च हॉस्पिटल से हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत, समर्पण और शैक्षणिक अनुशासन से यह सफलता प्राप्त की।

इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर देवकी महावीर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च हॉस्पिटल के प्राचार्य प्रो (डॉ) केशवेंद्र कुमार तिवारी ने बीएचएमएस चतुर्थ वर्ष (सत्र 2020-25) के सभी छात्र-छात्राओं को सफल परिणाम के लिए हार्दिक बधाई दी।

कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण का परिणाम है, बल्कि संस्थान के शैक्षणिक स्तर का भी प्रतिनिधित्व करती है और चिकित्सा के क्षेत्र में समाज की सेवा करते हुए नए मानक स्थापित करें।

# लमारी कला पंचायत में ट्रेंच खुदाई से फसल बर्बाद, किसान परेशान

**किसानों ने उपायुक्त से रोक लगाने की गुहार लगायी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** लमारी कला पंचायत के सननी गांव स्थित जतकुटवा टोला में वन विभाग द्वारा खेतों में जेसीबी से ट्रेंच खुदाई का ग्रामीणों ने जोरदार विरोध किया है। किसानों का आरोप है कि खरीदगी जमीन पर लगी फसलें नष्ट की जा रही हैं, जिससे लगभग डेढ़ दर्जन गरीब परिवारों की आजीविका पर संकट उत्पन्न हो गया है।

पीड़ित किसानों ने जिला उपायुक्त को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। किसानों के अनुसार थाना नंबर 208 के पुराने खाता संख्या 76, प्लॉट संख्या 343 तथा नए खाता संख्या 103, प्लॉट संख्या 824 की जमीन 40 वर्ष पूर्व प्रतिफल देकर खरीदी गई थी, जिस पर वे मकान बनाकर बसे हैं। कई को वन विभाग से पट्टा मिला है, पर कई अब भी वंचित हैं। इसी भूमि पर लगी चना, सरसों आदि फसलें जेसीबी से क्षतिग्रस्त हो गईं। रेंजर प्रमोद कुमार ने कहा कि कार्य सर्वे के आधार पर शुरू हुआ है और जिसके पास कागजात हैं, वे प्रस्तुत करें। किसानों ने पट्टा दिलाने और ट्रेंच निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है।

## ठंड में मानवता की मिसाल पेश कर रहे हैं पिता-पुत्र



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** अनेक नि:शुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान और संचालक साजिद खान गरीबों के बिच प्रतिदिन कम्बल और गर्म कपड़ों का वितरण लगातार दस वर्षों से भी अधिक समय से करते आ रहे हैं। अपने कपड़ा बैंक गढ़वा के माध्यम से और अभी ठंड का मौसम है और ठंड भी अपने पुरे रंग में है ऐसे हालात में गरीबों के लिए फरिश्ते बन जाते है। ये दोनों पिता पुत्र दिन में कपड़ा बैंक से कंबल और गर्म कपड़ों का वितरण करते हैं तो वहीं रात में पुरे शहर में कार से घुम घुमकर जरुरतमंदों खोज खोजकर उन्हें कंबल उपलब्ध कराते हैं। शौकत खान के रात्रि कम्बल वितरण अभियान में इनके परिवार के छोटे-छोटे बच्चे भी निकलते हैं।

# गढ़वा : मछली पकड़ने गये युवक की डूबने से मौत

**अथक प्रयास से 26 घंटा बाद जलाशय से निकाला गया शव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा ।** चिनियां थाना क्षेत्र के परशुखाड़ गांव में सोमवार को मछली पकड़ने गए एक युवक की गहरे पानी में डूबने से हुई मौत के 26 घंटा बाद अथक प्रयास से शव को निकाला जा सका। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी प्रमोद कोरवा (45 वर्ष) के रूप में किया गया। जानकारी के अनुसार गांव के बड़ा तालाब में सोमवार की सुबह करीब 10:00 बजे प्रमोद मछली मारने गया था, इसी दौरान वह गहरे पानी में डूब गया जिससे उसकी मौत हो गयी। तालाब की अत्यधिक गहराई के कारण शव को निकालना बेहद चुनौतीपूर्ण साबित हुआ। सूचना मिलते ही चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और तलाशी अभियान शुरू कराया, लेकिन देर शाम तक भी सफलता नहीं मिल पायी। करीब 26 घंटे तक जारी संयुक्त प्रयास के बाद सुबह 11 बजे भंवर-जाल की मदद से शव बरामद किया गया। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक प्रमोद कोरवा अपने पीछे दो पुत्र और तीन पुत्रियों को छोड़ गये हैं।

## सीजीएल परीक्षा में सफल होकर साकेत एएसओ और पीयूष एमओ बने



साकेत कुमार चौबे और पीयूष कुमार पानी का फोटो।

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखंड सीजीएल परीक्षा में भवनाथपुर प्रखंड अंतर्गत सिंघीताली गांव के साकेत कुमार चौबे पिता स्व. चंद्रकेतु चौबे तथा पीयूष कुमार पानी पिता सुशील कुमार चौबे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए साकेत ने एएसओ पद एवं पीयूष ने एमओ पद पर सफलता हासिल की है। एक ही परिवार से दो युवकों को मिली इस उपलब्धि से परिवार के साथ साथ पूरे गांव और प्रखंड में उत्साह का माहौल है। जानते चले कि सीजीएल परीक्षा का रिजल्ट घोषित होते ही साकेत और पीयूष के घर पर शुभचिंतकों का तांता लगा रहा, इससे उनके परिजनों के चेहरे पर गर्व की चमक साफ दिखाई दे रही है। ग्रामीणों ने कहा कि कठिन परिश्रम, निरंतर अध्ययन और मजबूत इच्छाशक्ति से सफलता प्राप्त कर दोनों युवकों ने अपने क्षेत्र का नाम रौशन किया है। अपनी सफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए साकेत और पीयूष ने कहा कि इस उपलब्धि का श्रेय वह अपने माता पिता, भाई के साथ गुरूजनों को देते है, जिनके सानिध्य में नियमित अध्ययन और आत्म अनुशासन के द्वारा इस मुकाम को हासिल कर सके है।

## भवनाथपुर, केतार और खरौंधी प्रखंड के डीलरों के बीच किया 4 जी इ-पॉस मशीन का वितरण

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को भवनाथपुर, केतार और खरौंधी प्रखंड के सभी डीलरों के बीच नये 4जी पॉक्स मशीन का वितरण किया गया। वितरण कार्य पॉक्स मशीन टेक्नीशियन अमित उपाध्याय और विजन टेक्स कंपनी के प्रतिनिधि कुलदीप मंडल की देखरेख में संपन्न हुआ। दोनों विशेषज्ञों ने डीलरों को मशीन के संचालन, फिंगरप्रिंट वेरिफिकेशन और नेटवर्क सेटिंग्स से संबंधित महत्वपूर्ण प्रशिक्षण भी दिया। जानकारी के अनुसार भवनाथपुर प्रखंड में 77 डीलर, केतार में 31, जबकि खरौंधी में 34 डीलर को नई मशीन उपलब्ध कराई गयी है। अधिकारियों ने बताया कि अब पुराने 2जी सिस्टम की जगह 4जी तकनीक मिलने से नेटवर्क की दिक्कतें काफी हद तक खत्म होंगी। अब लाभुकों को राशन लेने के लिए लंबे समय तक लाइन में खड़ा नहीं रहना पड़ेगा, क्योंकि नई मशीन तेज नेटवर्क पर आधारित है और वेरिफिकेशन प्रक्रिया भी पहले से काफी तेजी से होगी। इससे डीलरों के काम में आसानी के साथ सार्वजनिक वितरण प्रणाली की पारदर्शिता और दक्षता दोनों बढ़ेगी।

## वाहन में लाल-ब्लू लाइट लगाकर वाहन चलाना युवक को पड़ा महंगा, थार जब्त



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** वाहन में लाल ब्लू लाईट लगाकर वाहन चलाना युवक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने मंगलवार की शाम वाहन जांच के दौरान महिंद्रा थार को जब्त कर लिया है। साथ ही बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाये जा रहे पांच बाईक को भी जब्त कर लिया है। जब्त किया गया उक्त थार श्री बंशीधर नगर के व्यवसायी ऋतिक जायसवाल का बताया जा रहा है। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने कहा कि वाहन में लाल ब्लू लाईट लगाकर वाहन चलाना कानूनन जुर्म है। उन्होंने वाहन चालकों से अपने वाहन में लाल ब्लू लाईट नहीं लगाने की अपील की है।

# सुप्रिया की सफलता पर शशांक ने किया सम्मानित



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के शिवरी गांव की प्रतिभाशाली बेटी सुप्रिया सोनी को उनकी अद्भुत उपलब्धि पर दृष्टि यूथ ऑर्गेनाइजेशन के प्रधान सचिव शशांक शेखर ने घर पहुंचकर अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा मिठाई खिलाई। इस अवसर पर शशांक शेखर ने कहा कि साधारण पृष्ठभूमि से उठकर इतनी बड़ी सफलता प्राप्त करना किसी प्रेरणा से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि सुप्रिया ने सोशल मीडिया के आकर्षण, शहर की चकाचौंध और विभिन्न ध्यान भटकाने वाले साधनों से स्वयं को दूर रखकर मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन को ही अपना लक्ष्य बनाया।

सुप्रिया की इस उपलब्धि में उनके परिवार का विशेष योगदान रहा। मां की प्रेरणा, पिता का विश्वास और भाई का सहयोग उनके सफर की मजबूत नींव बना। शशांक शेखर ने कहा कि सुप्रिया की सफलता पूरे कांडी प्रखंड के लिए गौरव की बात है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगी। उन्होंने सुप्रिया को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें भी दीं।

## गोविंद प्रसाद गुप्ता बने अंचल निरक्षक



गोविंद प्रसाद गुप्ता।

**रमना (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय बाजार निवासी स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद गुप्ता के पुत्र गोविंद प्रसाद गुप्ता ने झारखंड कर्मचारी चयन द्वारा जारी सीजीएल परीक्षा में सफलता हासिल की। गोविंद प्रसाद गुप्ता इसके पहले रेलवे में तृतीय श्रेणी में पिछले तीन वर्षों से मुगलसराय में कार्य करते हुए तैयारी कर रहे थे। उन्होंने अंचल निरक्षक सह कानूनगो के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। माता पिता नहीं होने के बावजूद कम संसाधन में अपनी एकाग्रता के साथ पढ़ाई में अपना ध्यान केंद्रित किया और इसके पहले भी कई सफलता पायी, लेकिन अंतिम चरण में सफलता नहीं मिलने के कारण रेलवे के तृतीय श्रेणी में कार्य करते हुए अपना पढ़ाई जारी रखा। इस सफलता का श्रेय अपने बड़े भाई अजय गुप्ता, बबलू गुप्ता के साथ अपने दोस्त को दिया। इस सफलता के बाद लोगों ने बधाई दी, जिसमें स्थानीय सेवी मुन्ना प्रसाद गुप्ता, धनंजय गुप्ता, टुनटुन सोनी, दिनेश गुप्ता, विश्वजीत कुमार, मदन प्रसाद, ओमप्रकाश सोनी, मंटू गुप्ता, अरविंद कुमार सहित कई लोगों ने बधाई दी।

# भुसूआ में स्वीकृत की गयी पीसीसी पथ को दूसरे वार्ड में भेजे जाने पर आक्रोश

**ग्रामीण बोले 'हमारे साथ सौतेला व्यवहार क्यों?'**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव (गढ़वा)।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 स्थित भुसूआ गांव में स्वीकृत पीसीसी सड़क को निर्माण शुरू होने से पहले ही दूसरे गांव में स्थानांतरित किये जाने का मामला गरमाता जा रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और संवेदक पर अनियमितता व मनमानी का आरोप लगाते हुए तीखा आक्रोश व्यक्त किया है।

ग्रामीणों ने बताया कि मदरसा से लेकर सिराज खान के घर तक प्रथम चरण, सिराज खान के घर से तीन मुहान पाल टोला तक द्वितीय चरण और वहां से क्लॉक पाल के घर तक तृतीय चरण में तीन संवेदकों द्वारा पीसीसी पथ बनाए जाने की स्वीकृति नगर विकास सह आवास विभाग द्वारा दी गई थी। इसके बावजूद योजना को बिना जानकारी और बिना सहमति के अचानक दूसरे वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया।

ग्रामीणों ने कहा कि संवेदक के द्वारा विभागीय अधिकारी को यह कहकर गुमराह किया गया कि गांव में भारी विरोध है, जबकि हकीकत यह है कि गांव में निर्माण सामग्री तक नहीं गिराई गई थी। ऐसे में विरोध का सवाल ही नहीं उठता। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि सही स्थल पर निर्माण बहाल नहीं किया गया तो वे क्षेत्रीय विधायक और जिला उपायुक्त से मिलकर औपचारिक शिकायत करेंगे।

इधर, कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने कहा कि स्वीकृत स्थल विवादित होने के कारण पीसीसी सड़क योजना को दूसरे वार्ड में भेजा गया है।

# बच्चों को विद्यालय जरूर भेजें : एसडीएम

**'आइये खुशियां बाँटें' : डंडई के मुसहर टोला में एक घंटे रहे एसडीएम**

**बच्चों- बुजुर्गों, सभी से किया संवाद उपहार में दिए ऊनी वस्त्र**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी की पहल पर सामाजिक-प्रशासनिक समन्वय से संचालित मानवीय पहल 'आइये खुशियां बाँटें' अभियान के तहत मंगलवार को डंडई प्रखंड के मुसहर टोला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार स्वयं स्थल पर पहुंचे और लगभग एक घंटा समुदाय के बीच रहकर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों से बातचीत की।

एसडीएम ने विभिन्न परिवारों की स्थिति, जरूरतों और दैनिक कठिनाइयों को ध्यानपूर्वक सुना। मौके पर मौजूद बच्चों को उन्होंने विद्यालय जाने के लिए समझाया। वयस्कों और बुर्जुगों से कहा कि वे अपने बच्चों को विद्यालय जरूर भेजें। एसडीएम से महिलाओं और बुजर्गो ने अपनी कई समस्यायें साझा कीं।

इसके बाद एसडीएम संजय कुमार ने मुसहर समुदाय के बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को उपहार स्वरूप गर्म कपड़े जैसे स्वेटर, जैकेट, टोपी, मोजे और अन्य ऊनी वस्त्र उपलब्ध कराए। ठंड से राहत पाते ही कई बच्चों ने वहीं अपनी नई जैकेट पहनकर खुशी जाहिर की। संजय कुमार ने बताया कि 'आइये खुशियां बाँट' अभियान प्रतिदिन अलग-अलग वंचित टोले बस्तियों में चलाया जा रहा है, और इसके माध्यम से अब तक बड़ी संख्या में जरूरतमंद परिवारों तक सहायता पहुंचाई जा चुकी है।

**बीडीओ को कैंप लगाकर समस्याएं सुनने का निर्देश :** मुसहर परिवारों की आर्थिक-शैक्षणिक स्थिति एवं उनके बेहतर स्वास्थ्य को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी डंडई को निर्देश दिया गया कि वे समय-समय पर यहां कैंप आयोजित कर उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारित करेंगे।

## शेखर गुप्ता बने सहायक प्रशाखा पदाधिकारी



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा आयोजित सीजीएल परीक्षा का परिणाम सोमवार देर शाम जारी होते ही विशुनपुरा प्रखंड में उत्साह की लहर दौड़ गयी। प्रखंड क्षेत्र के विशुनपुरा गांव निवासी शेखर गुप्ता उर्फ छोटू का ओबीसी वर्ग से सहायक प्रशाखा पदाधिकारी पद पर चयन होने की खबर मिलते ही गांव में खुशी का माहौल बन गया। शेखर गुप्ता, मनिधर प्रसाद गुप्ता के पुत्र हैं। परिणाम जारी होते ही घर पर रिश्तेदारों, मित्रों और ग्रामीणों का तांता लग गया। अपनी सफलता पर शेखर ने कहा कि यह उपलब्धि उनके माता-पिता, बहन, गुरुजनों और शुभचिंतकों के आशीर्वाद, मार्गदर्शन और निरंतर प्रेरणा का परिणाम है। चयन की खबर सुनते ही कुलु गुप्ता, मुकुंद लाल, राजु सिंह, मानिक गुप्ता, अंकित सिंह, उदय चौरसिया, अनिल, रंजन सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

## 15वें वित्त आयोग की योजनाओं का शिलान्यास कर राजनीतिक लाभ लेना बंद करें विधायक : कमलेश

आजाद सिपाही संवाददाता



भाजपा ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष कमलेश यादव।

**डंडई।** डंडई प्रखंड में 15वें वित्त आयोग की राशि से बनने वाले बीपीएचवी भवन के विधायक द्वारा किये गये शिलान्यास को लेकर भाजपा ओबीसी मोर्चा के डंडई मंडल अध्यक्ष कमलेश यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नाराजगी जतायी है। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप उर्फ छोटा राजा पर नियमों की अनदेखी और पंचायतीराज के जनप्रतिनिधियों के अधिकारों की अनदेखी का आरोप लगाया है। कमलेश यादव ने कहा कि यह योजना जिला परिषद मद की है, जो पंचायतीराज व्यवस्था के अंतर्गत आती है। ऐसे में इस भवन का शिलान्यास जिला परिषद अध्यक्ष और संबंधित जिला परिषद सदस्य द्वारा किया जाना चाहिए था, लेकिन विधायक द्वारा शिलान्यास किया गया। उन्होंने कहा कि शिलान्यास के समय जिला परिषद अध्यक्ष मौके पर मौजूद थीं, लेकिन उन्होंने केवल ताली बजाती रही। विधायक ने स्वयं शिलान्यास कर नियमों की अनदेखी की है। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि विधायक ने पंचायतीराज से चुने गये जनप्रतिनिधियों के अधिकारों को ठेस पहुचाने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग की राशि एक तय व्यवस्था के तहत सीधे पंचायतीराज संस्थाओं को दी जाती है, ऐसे में जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में यह पहली बार है जब कोई विधायक 15वें वित्त आयोग की योजनाओं का शिलान्यास कर रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वर्तमान विधायक पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही के कार्यकाल में स्वीकृत पुल, पुलिया और सड़कों का भी शिलान्यास कर रहे हैं, जो केवल राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास है।

## कुडू में घर के बाहर खड़ी बोलेरो चोरी



कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सोमवार - मंगलवार की मध्यरात्रि अज्ञात वाहन चोरों ने कुडू रांची मुख्य पथ एनएच-75 स्थित जिलिंग गांव के उदित गुप्ता, पिता स्व. बसंत गुप्ता की घर के बाहर खड़ी बोलेरो को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही कुडू पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है, लेकिन फिलहाल कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग पाया है। उदित गुप्ता ने बताया कि हमेशा की तरह सोमवार को भी अपना बोलेरो रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच 01 बीएच 2072 को घर के बाहर खड़ा किया था। सुबह उठने पर बोलेरो गायब पाया। पीड़ित परिवार का रोजगार का एकमात्र सहारा रही बोलेरो की चोरी ने घरवालों की कमर तोड़ दी है। गृहस्वामी के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। उल्लेखनीय है कि एक ओर पुलिस अपराधियों पर शिकंजा कसने में लगातार सक्रिय है। अभी 4 दिसंबर को चोरी हुई बाइक को मात्र 24 घंटे के भीतर रांची से बरामद कर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा था। लेकिन उसी के तीसरे दिन बोलेरो चोरी की इस वारदात ने पुलिस को एक खुली चुनौती दे डाली मानो अपराधी कहना चाह रहे हों कि पुलिस डाल-डाल तो हम पात-पात।

## महुआडांड़ में मोबाइल छिनतई के आरोप में एक गिरफ्तार, दो फरार



महुआडांड (आजाद सिपाही)। महुआडांड थाना क्षेत्र में मोबाइल छिनतई के एक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, मामले में शामिल दो अन्य आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहे हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि मोबाइल छिनतई के आरोप में महुआडांड़ थाना में कांड संख्या- 53/25, दिनांक- 08/12/2025 को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा- 304/3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान आकिब अली (उम्र- करीब 19 वर्ष), ग्राम गुड़गुटोली, थाना महुआडांड़, जिला लातेहार के रूप में हुई है। आकिब अली को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जिसके पश्चात उन्हें न्यायिक हिरासत में मंडल कारा, लातेहार भेज दिया गया है। इस मामले में नामजद दो अन्य अभियुक्त साहिल उर्फ चिल्ड, ग्राम जरहाटोली और खलील अंसारी, ग्राम अंबवा टोली, दोनों थाना- महुआडांड़ घटना को अंजाम देने के बाद गिरफ्तारी के डर से फरार हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि फरार अपराधियों को भी जल्द ही पकड़ कर जेल भेजा जायेगा। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के पास से छिनतई किया गया मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।

## बीडीओ ने प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ की बैठक, कई निर्देश दिये



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने मंगलवार को प्रखंड सभागार में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में संचालित प्रज्ञा केंद्र संचालकों एवं अन्य सीएससी वीएलई के साथ बैठक की बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को समय पर लाभुकों तक पहुंचाने तथा डिजिटल सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित करने को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये गये। बीडीओ ने 60 वर्ष से अधिक आयु वाले पेंशनधारी लाभुकों के डेटा बेस्ड ट्रांसफर को समय पर उनके खातों में सुनिश्चित कराने पर जोर दिया। साथ ही पेंशनधारियों के केवाईसी, वेरिफिकेशन कार्य को भी शीघ्रता से पूरा करने का निर्देश दिया। इसके अलावा पंचायत स्तर के वीएलई को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, स्कूल द्वारा जारी किए जाने वाले जाति प्रमाण पत्र के फॉर्म तथा मंईयां सम्मान योजना से जुड़े लाभुकों के आवश्यक ऑनलाइन कार्य समय पर पूरा करने को कहा गया। बैठक में मौजूद राजस्व कर्मचारी ने स्पष्ट किया कि जाति प्रमाण पत्र फॉर्म को ऑनलाइन करते समय स्कूल द्वारा उपलब्ध यू-डाइस कोड का उल्लेख अनिवार्य रूप से किया जाये। प्रज्ञा केंद्र संचालकों को सभी ऑनलाइन प्रक्रियाओं में सावधानी और पारदर्शिता बरतने की सलाह दी है बैठक में ई- ब्लॉक मैनेजरअमित कुमार, प्रज्ञा केंद्र संचालक शर्मिला कुमारी, अख्तर खान, बबन कुमार पासवान, राकेश कुमार सोनी, परवेज आलम, किशोर कुमार सिंह, अरविंद सिंह, नरेश सिंह खरवार, अकरम अंसारी, शहनाज बानो, आधार ऑपरेटर जसोदा कुमारी और कंप्यूटर ऑपरेटर विजय कुमार पप्पू सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## मनिका में पीडीएस दुकानदारों के बीच 4जी पॉस मशीनों का वितरण



मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)। जनवितरण प्रणाली में पारदर्शिता और सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से मनिका प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार कक्ष में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार तथा प्रखण्ड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी जितेंद्र पाठक ने प्रखंड के कुल 68 पीडीएस दुकानदारों को नई 4जी पॉस मशीनें सौंपी। कार्यक्रम के दौरान प्रखण्ड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी जितेंद्र पाठक ने बताया कि नयी 4जी पॉस मशीनें जनवितरण कार्डधारकों को पहले की तुलना में तेज और बेहतर सेवा प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि पुराने सिस्टम में नेटवर्क बाधाओं के कारण कई बार राशन वितरण की प्रक्रिया प्रभावित होती थी। नयी मशीनों के माध्यम से तेज नेटवर्क कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी, जिससे राशन वितरण की पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुगम बनेगी। उन्होंने आगे कहा कि 4जी पॉस मशीनों के उपयोग से लाभुकों को समय पर और बिना परेशानी के राशन उपलब्ध हो सकेगा। इस अवसर पर जीतन यादव, चंदन पांडे समेत कई पीडीएस दुकानदार मौजूद रहे।

## तरवाडीह पंचायत समिति सदस्य चमन परहिया का निधन



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार सदर प्रखंड के तरवाडीह पंचायत समिति सदस्य चमन परहिया का आज उनके निवास स्थान कुडपानी में दुखद निधन हो गया। आदिम जनजाति से आने वाले चमन परहिया अत्यंत गरीबी में पले-बढ़े, लेकिन अपनी सादगी, ईमानदारी और जनसेवा की भावना से उन्होंने लोगों के दिलों में एक विशेष स्थान बनाया। बिना धन, बूथ समिति या एजेंट के उन्होंने कई दिग्गज प्रत्याशियों को हराकर पंचायत समिति सदस्य का चुनाव जीता था। यह लोकतंत्र की सच्ची शक्ति और जनता के विश्वास का अनोखा उदाहरण था। परिजनों के अनुसार घोर ठंड में पर्याप्त गर्म कपड़ों और कंबल के अभाव के कारण उनकी मृत्यु हुई, जो बेहद दुखद और समाज की उपेक्षा को दर्शाने वाली घटना है। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

# डीसी ने विकास योजनाओं को गति देने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



लोहरदगा। उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय समिति की बैठक जिला के गैर-तकनीकी एवं तकनीकी पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय सभागार में संपन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागों को आपस में समन्वय बनाकर विकास योजनाओं को गति देने का निदेश दिया। उपायुक्त ने कहा कि विकास की योजनाएं प्रभावित ना हों इसके लिए सभी विकास आपस में समन्वय के साथ कार्य करें। जो भी समस्याएं विकास योजनाओं को पूर्ण करने में आ रही हों तो संबंधित विभाग के पदाधिकारी आपस में बात कर लें तो समस्या वहीं हल हो जाएगी। सभी योजनाओं को ससमय पूर्ण किया जाए।माननीय सुप्रीम कोर्ट के द्वारा पारित एक आदेश के उपरांत अब आवारा कुत्तों को रेबीज का इंजेक्शन लगाया जाएगा और उनकी नसबंदी की जाएगी। उसके उपरांत उन्हें वापस उसी स्थान पर छोड़ दिया जाएगा। वहीं आक्रामक और रेबीज संक्रमित कुत्तों को शेल्टर में रखा जाएगा। इस संबंध में उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को अग्रेतर कार्रवाई करने का निदेश दिया। जिला में कंबल आपूर्ति के लिए सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक को कार्यादेश जारी करने का निदेश दिया गया। साथ ही, केंद्र प्रायोजित सभी पेंशनधारकों का डिजिटल लाईफ सर्टिफिकेट बनाये जाने का कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में सिर्फ केवाईसी की वजह से योजना का लाभ नहीं ले पा रहे लाभुकों को केवाईसी का कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। जिला में सैटेलाइट टाउन के लिए भूमि चिन्हित करने का निदेश संबंधित अंचलाधिकारियों को दिया गया। धान अधिप्राप्ति के लिए कैरो प्रखण्ड स्थित लैम्प्स को भी चिन्हित करने का निदेश दिया गया। धान अधिप्राप्ति के लिए किसानों को अधिक से अधिक संख्या में रजिस्ट्रेशन कराने का निदेश दिया गया। सरकार की ओर से किसानों को प्रति क्विंटल धान की कीमत 24.50 रुपए दी जाएगी। धान अधिप्राप्ति 15 दिसंबर 2025 से जिला के चयनित धानप्राप्ति केंद्रों पर प्रारंभ होगी। उपायुक्त ने सभी विभागों से कहा कि जिला की कुल 24 करोड़ रुपए की राशि अनक्लेम्ड है जो विभिन्न विभागों की राशि है। इस राशि को क्लेम करने के लिए सभी संबंधित विभाग केवाईसी कराएं ताकि यह राशि आरबीआई से पास से वापस कोषागार में जमा कराया जा सके।

## सदर अस्पताल में मरीजों से पैसे मांगने वाले कर्मी पर कार्रवाई हो : प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



लातेहार। लातेहार भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड के मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और लातेहार उपायुक्त को एक्स हैंडल पर कहा है कि लातेहार जिले के सबसे बड़े अस्पताल की व्यवस्था इन दिनों बहुत ही बिगड़ गयी है। श्री शाहदेव ने कहा है कि लातेहार सदर अस्पताल में जहां गरीब असहाय और मजबूर तबके के लोग अपना इलाज कराने आते हैं तो लातेहार सदर अस्पताल में दलालों के द्वारा मोटी रकम की उगाही की जाती है। वहीं इसमें शामिल लातेहार सदर अस्पताल कर्मी भी रहते हैं। प्रतुल ने कहा कि सोमवार को यह वाकया देखने को मिला और लातेहार के ही होटवाग के रहने वाले एक आदिवासी परिवार का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा था। डॉक्टर के द्वारा ऑपरेशन करने के बाद पेशेंट रंजू कुमारी पति देव प्रसाद उरांव बायोप्सी जांच करने को लेकर 7000 की मांग की गयी। वहीं यह आरोप मरीज की मां रानी देवी ने लगायी है। पैसा नहीं देने पर बायोप्सी जांच सिस्ट को बोतल में बंद किए हुए। अस्पताल कर्मी जो ओटी असिस्टेंट दीपक कुमार परिजन को वापस दे दिया। यह दुर्भाग्य है कि यह अबुआ सरकार में झारखंड राज्य के आदिवासी मूलवासियों का इलाज एक सरकारी अस्पताल में पैसे देने पड़ रहे हैं और पैसा नहीं दिया जा रहा है तो इलाज भी नहीं किया जा रहा है। ऐसे व्यक्ति को राज्य सरकार के साथ-साथ जिला प्रशासन जांच कर कानूनी कार्रवाई करें और उसे सेवा से मुक्त करें ताकि राज्य के अंदर मूलवासी आदिवासी का स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कोई भी व्यक्ति नहीं कर सके।

## झालसा ने भ्रष्टाचार के खिलाफ ग्रामीणों को किया जागरूक



आजाद सिपाही संवाददाता

सेन्हा/ लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत के डांडू ढवठाटोली में झालसा रांची के निर्देशानुसार डालसा अध्यक्ष सह प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा एवं सचिव राजेश कुमार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से भ्रष्टाचार निरोधी दिवस पर मंगलवार को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। वही जागरूकता अभियान के दौरान पीएलवी पुनु देवी और प्रियांशु यादव के द्वारा ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया गया कि ग्रामीण अपनी जवाबदेही को समझें और भ्रष्टाचार जैसे बुराई को रोकने के लिये आवाज उठायें क्यों की भ्रष्टाचार इतना बुरा चीज है। जो की सत्यनिष्ठा,ईमानदारी और पारदर्शिता को प्रभावित करता है। वहीं युवाओं को संबोधित करते हुए भ्रष्टाचार आंदोलन में जुड़ने पर जोर दिया गया। मौके पर कैलाश प्रधान, निर्मला कुमारी, रामचन्द्र उरांव, सुषमा कुमारी, बिनोद उरांव, बुद्दु भोक्ता,दशमी उराइन,जितेंद्र खेरवार, राजकेश्वर उरांव, भागमनी उराइन, सोमो उराइन समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## अमतीपानी- चिरौडीह में खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह की तैयारियां जोरों पर

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह शुक्रवार (12/12/2025) को मनाया जायेगा, जिसकी तैयारी जोरों पर है। इस क्रम में पर्यावरणीय जागरूकता हेतु खनन क्षेत्र के आसपास के ग्रामों में महिला समूहों के सदस्यगण, स्कूलों के बच्चे के बीच भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में बच्चों के बीच पर्यावरणीय पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक तथा विभिन्न स्थानों पर पोस्टर, बैनर लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम आयोजित किए जाने हेतु जिसमें सर्वसम्मति से खान प्रबंधक योगेंद्र लिलहरे को अध्यक्ष, सुशोभन सामंता को सचिव, उपाध्यक्ष सहायक प्रबंधक सुमित कुमार, सह सचिव दिनेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र भगत, प्रचार प्रसार सीएसआर अधिकारी अनिल साहू समेत कई लोग शामिल हैं।

# 20 महिलाओं को जूट बैग बनाने का मिल रहा प्रशिक्षण, बनेंगी आत्मनिर्भर

आजाद सिपाही संवाददाता




लोहरदगा। मंगलवार को लोहरदगा प्रखंड में जिला उद्यमी समन्वयक की अध्यक्षता में लोहरदगा प्रखंड के इस्लाम नगर में 20 महिला उद्यमियों को कौशल उन्नयन योजना अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहां की उद्यमी मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के सहयोग से कौशल उन्नयन योजना अंतर्गत जूट क्राफ्ट में प्रशिक्षण लेकर विभिन्न प्रकार की बैग, हैंडबैग, बोरी इत्यादि उत्पाद का निर्माण करेंगी। यह प्रशिक्षण 25 दिन का होगा उसके बाद महिलाएं आत्मनिर्भर होकर अपना काम करेगी साथ ही मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के सहयोग से इसके लिए मार्केटिंग की व्यवस्था की जा रही है। प्रशिक्षण का कार्य जन जागरण एजेंसी के द्वारा दिया जा रहा है। यहां पर मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के सहयोग से एक सीएफसी भवन कॉमन फैसिलिटी सेंटर का निर्माण किया जाएगा इस केंद्र में यहां के महिलाएं एक साथ मिल बैठकर के काम कर पायेंगे साथ ही अपना आय, उत्पादन के साथ रोजगार को बढ़ा पायेंगे। इस उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के जिला उद्यमी समन्वयक, लोहरदगा साथ ही प्रखंड उद्यमी समन्वयक, लोहरदगा सदर, जन जागरण केंद्र के जैनुल, कलीम आदि उपस्थित हुए। मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के प्रयास से जिले के महिलाओं को लगातार विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिससे महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रखंड उद्यमी समन्वयक द्वारा बताया गया कि जूट बैग इको फ्रेंडली उत्पाद है राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्पाद निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में 25 दिवसीय जूट बैग और जूट फाइल बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।

# पर्यटकों को लुभा रहा है सुग्गा बांध, देखने के लिए उमड़ रही भीड़

मुकेश कुमार सिंह



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार दिसंबर का महीना शुरू होते ही पूरे लातेहार जिले में पर्यटन स्थलों पर रौनक बढ़ने लगी है। इन्हीं खूबसूरत स्थलों में से एक है सुग्गा बांध, जो इन दिनों पर्यटकों का पसंदीदा पिकनिक स्पॉट बनकर उभर रहा है। सुहावने मौसम, प्राकृतिक हरियाली और शांत वातावरण के कारण यहां आने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। चाहे स्थानीय निवासी हों या बाहर से आने वाले सैलानी, हर कोई सुग्गा बांध के मनमोहक नजारों का आनंद ले रहा है। सुग्गा बांध लातेहार जिले के प्रमुख आकर्षणों में से एक है। बांध के चारों ओर फैली हरी-भरी पहाड़ियां, झील जैसी शांत जलराशि और खुले आसमान का अद्भुत संगम दिसंबर में बेहद खूबसूरत दृश्य पेश करता है। यही वजह है कि सप्ताहांत और छुट्टियों में यहां पर्यटकों की भीड़ दोगुनी हो जाती है। परिवार, युवा समूह, छात्र और बच्चे पिकनिक का आनंद लेने के लिए सुबह से ही यहां पहुंच जाते हैं। पर्यटकों का कहना है कि सुग्गा बांध प्रकृति के बीच समय बिताने के लिए, एक आदर्श जगह है। यहां का वातावरण शहर की भीड़-भाड़ और शोर-गुल से दूर सुकून देता है। लोग यहां घंटों बैठकर झील की लहरों को निहारते हैं, पहाड़ों की तस्वीरें खींचते हैं और परिवार के साथ आनंदित समय बिताते हैं। कई पर्यटक बताते हैं कि दिसंबर की हल्की धूप और ठंडक यहां बिताए गए पलों को और भी खास बना देती है। स्थानीय युवाओं के लिए यह स्थान रोमांच और मनोरंजन का केंद्र बन गया है। कई युवक-युवतियां यहां आकर फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी करते हैं। सोशल मीडिया पर सुग्गा बांध की खूबसूरत तस्वीरें और वीडियो खूब साझा किए जा रहे हैं, जिससे इसकी लोकप्रियता और बढ़ रही है। कुछ युवा यहां ड्रोन कैमरे से भी शानदार दृश्य कैद करते दिखाई देते हैं। सुग्गा बांध को पर्यटन के लिहाज से विकसित करने की दिशा में भी प्रशासन सक्रिय दिख रहा है।

## स्वास्थ्य शिविर में 245 लोगों ने करायी जांच



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कल्याण विभाग झारखंड सरकार द्वारा वित पोषित कल्याण अस्पताल हेंसल बसारडीह लोहरदगा संचालित विकास भारती बिशनपुर में एक दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस मेगा हेल्थ कैंप में रांची के सुप्रसिद्ध चिकित्सकों के द्वारा लोहरदगा रांची लातेहार आदि जिलों के तकरीबन 67 गांव के ग्रामीणों का चिकित्सा जांच किया गया। इस मेगा हेल्थ कैंप में हड्डी जोड़ नस रोग विशेषज्ञ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ विजय पारस हॉस्पिटल रांची के डॉक्टर कुंवर अभिषेक एवं अन्वी चाइल्ड हॉस्पिटल रांची के डॉक्टर रवि शंकर सिंह नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ एवं एवं डॉक्टर अजीत कुमार अग्रवाल एवं कैलाश चंद लाल डॉक्टर अनुभव कुमार दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जगजीवन साहू प्रसाद ,जनरल फिजिशियन डॉ पी पी सिन्हा डॉ संजू कुमारी के द्वारा मरीजों का चिकित्सीय जांच एवं परामर्श दिया गया। इस मेगा हेल्थ कैंप में नस एवं हड्डी रोग के 65 आंख रोग के 84 दंत रोग के 17 सामान्य बीमारी के 25स्त्री रोग के 16 हृदय रोग 8 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया जिसमें 18मरीजों का एक्स-रे सिकल सेल एनीमिया टेस्ट 07 ,44 मरीज का 64 पैथोलॉजिकल टेस्ट किया गया। कुल मरीजों की संख्या 245 रही। सभी मरीजों को निशुल्क औषधि वितरण भी किया गया। मेगा हेल्थ सिविल को संपन्न करने में प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक, राजीव रंजन, मुकेश साहू, जमुना देवी, अरुण राम, वरुण सिंह, अंशु कुमारी, सीमा उरांव, अनीता केरकेट्टा, यशिका तिग्गा प्रमिका कुजूर अनीता देवी, प्रीति कुमारी फारूक अंसारी लक्ष्मी देवी सुखमय कुंडू प्रीति तिर्की आदि का योगदान रहा।

## अरु में आयुष विभाग ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अरु पंचायत स्थित नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय के मैदान में झारखण्ड सरकार के स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत आयुष प्रभाग के द्वारा शिविर आयोजित कर ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर नि:शुल्क दवा दिया गया। वहीं चिकित्सक द्वारा सर्दी जुकाम, बुखार, त्वचा रोग,शुगर तथा ब्लड प्रेशर, शरीर में दर्द सम्बंधित अन्य बीमारियों का जांच करने के उपरांत नि:शुल्क दवा दिया गया। डॉ सुलेखा कुमारी ने बताया कि झारखण्ड सरकार के निर्देशानुसार आयुष प्रभाग के माध्यम से ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर नि:शुल्क दवा देने का निर्देश है। ग्रामीणों को इलाज के लिये शहर में अस्पताल जाना पड़ता है। जिसे ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सम्बन्धी इलाज के लिये काफी परेशानी होती है। आम जनों के स्वास्थ्य के प्रति सरकार संवेदनशील है। जिससे स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार मंत्रालय के निर्देशानुसार जगह जगह पर कैंप लगा कर ग्रामीणों का बीमारियों का जांच कर नि:शुल्क दवा दिया जा रहा है। मौके पर योगा ट्रेनर स्वेता कुमारी,स्वास्थ्य सहिया, शोभा देवी, अनिता देवी, सुशीला देवी के अलावे साकिर अंसारी,लक्ष्मी देवी, जगमोहन महतो, इसराफिल अंसारी, विजय कुमार, जीवन राम, पूजा देवी, सगीर अंसारी, रफीक अंसारी समेत अन्य ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

## एनएसयूआइ का एनुअल फेस्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम सह फ्रेशर डे का पोस्टर जारी



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। एनएसयूआई छात्र संघ की ओर से आयोजित एनुअल फेस्ट 2025 सह फ्रेशर डे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 20 दिसंबर को बीएस कॉलेज परिसर स्थित ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इसी को लेकर आज बीएस कॉलेज कैंपस में एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव और जिला अध्यक्ष मनौवर आलम की उपस्थिति में लोहरदगा के विभिन्न सोशल मीडिया क्रिएटर्स के साथ कार्यक्रम का पोस्टर जारी किया गया। कार्यक्रम के दौरान बीएस कॉलेज और वूमेंस कॉलेज बरही के नये विद्यार्थियों का स्वागत किया जायेगा। आयोजन की तैयारी जोरों पर है और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स द्वारा लगातार इसका प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। मेंहदी और पेंटिंग प्रतियोगिता 18 दिसंबर को आयोजित की जायेगी। पोस्टर लॉन्च कार्यक्रम में एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव, जिला अध्यक्ष मनौवर आलम, उपाध्यक्ष तौसीफ अंसारी, रोशन राम, जिला महासचिव शैलेश कुमार सहित कई अन्य सोशल मीडिया क्रिएटर्स उपस्थित रहे। एनएसयूआई ने बताया कि यह कार्यक्रम जिले के युवाओं की प्रतिभा को मंच देने और नये विद्यार्थियों को स्वागत और प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

## अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गये चार मैच

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। बलदेव साहू महाविद्यालय में रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत आयोजित पांच दिवसीय अन्तर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन का दूसरा दिन था। जिसमें कुल 04 मैच खेले गए। पहले मैच पीपी केमहाविद्यालय, बुंडू एवं संत जेवियर महाविद्यालय रांची के बीच खेला गया, जिसमें संत जेवियर महाविद्यालय ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 155 बनायी, जिसमें उद्धव मिश्रा ने 41 बॉल पर शानदार 56 रन की पारी खेली। जिसका पीछा करते हुए पी.पी.के. महाविद्यालय की टीम ने 19.1 ओवर में 6 विकेट शेष रहते जीत दर्ज कर ली, जिसमें रमेश महतो ने 55 बॉल पर 69 रन की पारी खेली। दूसरा मैच गोस्सनर महाविद्यालय रांची एवं रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय रांची के बीच खेला गया, जिसमें गोस्सनर महाविद्यालय की टीम ने 4 विकेट खोकर 20 ओवर में 184 रन बनायी, शुभम प्रसाद ने 30 बॉल पर 54 रन एवं प्रभात बोयपा ने 43 बॉल पर 51 रन की शानदार पारी खेली। जवाब में रामलखन सिंह महाविद्यालय की टीम ने 111 रन 14.2 ओवर में खेलकर आउट हो गयी, इस प्रकार गोस्सनर महाविद्यालय की टीम विजयी हो गयी। मैच में रांची विश्वविद्यालय के क्रिकेट चयन समिति के सदस्य चंचल चटर्जी, लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव आलोक राय, बलदेव साहु महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शशि कुमार गुप्ता, खेल प्रभारी प्रो आनंद मांझी, महाविद्यालय के पी टी आई सोनू बड़ाईक, डॉ संतोष, डॉ सुमन, प्रो अजित, डॉ संजय, डॉ रोशन, प्रो अर्जुन, प्रो शेरॉन एवं अन्य उपस्थित थे।

## बालूमाथ में बढ़ रहे साइबर हमलों से लोगों में दहशत

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। बालूमाथ थाना सह पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे साइबर हमलों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। व्हाट्सऐप और मोबाइल फोन हैकिंग के मामलों में अचानक आई वृद्धि ने साइबर सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इसके बावजूद, बार-बार चेतावनी देने के बाद भी लोग बिना जांच-परख किए लिंक या पीडीएफ फाइल पर क्लिक कर दे रहे हैं, जिसका फायदा साइबर ठग उठा रहे हैं। मंगलवार को बालूमाथ क्षेत्र में दो लोगों के व्हाट्सऐप और मोबाइल फोन हैक होने की जानकारी सामने आयी है। पहला मामला भोपाल बैटरी वाले आफताब उर्फ मिंटू का है, जिनके फोन में आए संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने के बाद उनका व्हाट्सऐप हैक हो गया। दूसरा मामला हाजी टेक्सटाइल्स के फखरू का है, जिनके मोबाइल और व्हाट्सऐप अकाउंट पर किसी अनजान लिंक के जरिए साइबर ठगों ने कब्जा जमा लिया।

# शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ अंक प्राप्ति नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण भी है : अविनाश

संत मरियम स्कूल एवं एलन करियर इंस्टिट्यूट का संयुक्त संवाद, पलामू के मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा में मिलेगा सहयोग

शिक्षा तभी पूर्ण होती है जब उसमें संस्कार, अनुशासन और नैतिकता का समन्वय हो : अविनाश देव




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर भवन में मंगलवार को आयोजित संत मरियम स्कूल और एलन करियर इंस्टिट्यूट रांची टीम के संयुक्त संवाद कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा और उच्च शिक्षा दोनों स्तरों पर प्रभावी मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ एलन रांची सेंटर हेड हेमंत योगी, एडमिन हेड देवेंद्र अवस्थी, संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव, प्राचार्य कुमार आदर्श, प्रवीण दुबे, विकास कुलभूषण, अविनाश पाठक समेत अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में एलन टीम ने बोर्ड परीक्षा की तैयारी पर कई महत्वपूर्ण रणनीतियां साझा कीं। एडमिन हेड देवेंद्र अवस्थी ने कैरियर निर्माण, समय प्रबंधन और परीक्षा के दौरान मानसिक संतुलन पर चर्चा करते हुए कहा कि सफलता सही दिशा, प्रभावी रणनीति और निरंतर अभ्यास का परिणाम है।

वहीं डिवीजन हेड हेमंत योगी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि परिश्रम वह चाबी है जो हर कठिन दरवाजे को खोल देती है। संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि शिक्षा तभी पूर्ण होती है जब उसमें संस्कार, अनुशासन और नैतिकता का समन्वय हो। शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ अंक नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण भी है। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण दुबे ने किया। इस अवसर पर विकास विश्वकर्मा, श्याम किशोर पांडे, ललन प्रजापति सहित विद्यालय परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम न केवल बोर्ड परीक्षा की तैयारी में सहायक रहा, बल्कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी पलामू के विद्यार्थियों के लिए नयी संभावनाओं का द्वार खोल गया।

### संत मरियम विद्यालय परिवार छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सदैव समर्पित और कृत संकल्पित है : प्राचार्य

प्राचार्य कुमार आदर्श ने आश्वस्त किया कि संत मरियम विद्यालय परिवार छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सदैव समर्पित और कृत संकल्पित है। घोषणा किया कि पलामू के बच्चों को उच्च शिक्षा में अधिक से अधिक अवसर मिले इसके लिए विद्यालय विशेष पहल करेगा। दसवीं के बाद इंजीनियरिंग, मेडिकल के लिए देश के शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन के दौरान हर संभव आर्थिक सहयोग प्रदान करेगा। विद्यालय के हस्तक्षेप से छात्रों की फीस कम होगी तथा उत्कृष्ट एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए नि:शुल्क अध्ययन की भी व्यवस्था की जायेगी। इस पहल का उद्देश्य पलामू के मेधावी और इच्छुक बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी शिक्षा उपलब्ध कराना है।

# त्याग, सेवा और बलिदान की प्रतीक हैं सोनिया गांधी : डॉ मुन्नम संजय

सोनिया गांधी का जन्मदिन देवघर जिला कांग्रेस कमिटि ने धूमधाम से मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा मंगलवार को कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिलाध्यक्ष मुकुंद दास के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने कांग्रेस कार्यालय में केक काटकर उनके दीर्घ और स्वस्थ जीवन की कामना की।

जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ मुन्नम संजय ने भी केक काटकर सोनिया गांधी को शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी त्याग, सेवा और बलिदान की प्रतीक हैं। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की शहादत झेलने के बावजूद उन्होंने देशहित में लगातार कार्य किया और प्रधानमंत्री पद तक का त्याग कर संगठन को मजबूत किया।

मनरेगा, खाद्य सुरक्षा कानून और सूचना का अधिकार जैसे ऐतिहासिक कानून उनके आग्रह पर लागू हुए, जो देश के आम नागरिकों के लिए मील का पत्थर साबित हुए। जिलाध्यक्ष मुकुंद दास ने कहा कि सोनिया गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने लंबे समय तक देश को डॉ मनमोहन सिंह जैसे सक्षम प्रधानमंत्री दिया। उनके सुझावों पर सरकार ने कई जनकल्याणकारी एवं महत्वाकांक्षी योजनाएं लागू कीं, जिससे देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत हुई। पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने भी सोनिया गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनायें दीं। कार्यक्रम में जिला महासचिव-सह-प्रवक्ता दिनेश कुमार मंडल, विवेक मिश्रा, गणेश दास, प्रखंड अध्यक्ष हेमंत चौधरी, राजीव रंजन उर्फ गुलाब यादव, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष बेलालुद्दीन अंसारी, युवा नेता आशीष भारद्वाज, कुमार बाबा, अजय कुमार कृष्णा, एनएसयूआई के शैफ दानिश, अश्वनी, शंभु पाठक, अंकुर केसरी सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## मधुपुर महाविद्यालय में प्रोजेक्ट वर्क कार्यशाला



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** मधुपुर महाविद्यालय, मधुपुर में एफवाईयूजीपी सेमेस्टर-05 (सत्र 2022-26) के छात्र-छात्राओं के लिए दो दिवसीय प्रोजेक्ट वर्क कार्यशाला का आयोजन प्रभारी प्राचार्य डॉ रत्नाकर भारती की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय कुल-गीत से हुई। स्वागत वक्तव्य महाविद्यालय के बर्सर डॉ रंजीत कुमार ने दिया। मुख्य वक्ता डॉ. उत्तम कुमार शुक्ला, विभागाध्यक्ष (गणित) एवं नयी शिक्षा नीति 2020 के नोडल पदाधिकारी, ने प्रोजेक्ट वर्क के सिद्धांतों, प्रक्रियाओं और महत्व पर पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। प्रभारी प्राचार्य डॉ भारती ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे प्रोजेक्ट कार्य में मार्गदर्शन हेतु संबंधित प्राध्यापकों से संपर्क करें। इस अवसर पर प्रो महेंद्र एक्का, प्रो प्रेम रोशन एक्का, प्रो फोदो सोरेन, डॉ अश्विनी कुमार, प्रो आशुतोष कुमार, प्रो अनुपलाल सोरेन, प्रो उमेश कुमार, डॉ यतेंद्र प्रसाद झा, प्रो मनीषा कुमारी, प्रो संगीता कुमारी, डॉ अनुसुइया कुमारी, डॉ. मनीषा मधु बिलुंग, डॉ श्वेता शहदेव, प्रो पूनम कुजूर और सभी विषय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय जनता दरबार का आयोजन





**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** मधुपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार झामुमो के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय जनता दरबार का आयोजन गंगा प्रसाद दास की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जनता दरबार में विभिन्न पंचायतों के ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी समस्याएं रखीं।इस दौरान आवास योजना, पेंशन, मंईयां सम्मान योजना, जमीन संबंधित मुद्दों सहित अंचल, प्रखंड से लेकर थाना स्तर तक की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। नेताओं ने संबंधित अधिकारियों को इनका त्वरित समाधान करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर झामुमो के गंगा प्रसाद दास, मोहम्मद शाकिर अंसारी, मोहम्मद अख्तर हुसैन, मोहम्मद अली अहमद, नेंबो कुमार यादव, चंद्रा दास, सफदर साहिल, प्रदीप मरांडी, रामू कुमार, बबलू ठाकुर, नंदलाल दास, रामकुमार मुर्मू समेत पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र विकसित करने की पहल तेज, बीडीओ ने किया निरीक्षण


आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों से संवाद करते बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी।

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त पलामू के निर्देश पर हरिहरगंज प्रखंड में आंगनवाड़ी केंद्रों को मॉडल केंद्र के रूप में विकसित करने की पहल लगातार जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी ने अपने आवंटित आंगनवाड़ी केंद्र अंबा-1 का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने केंद्र में पंजीकृत बच्चों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं और पढ़ाई की स्थिति को समझने का प्रयास किया। बच्चों को अध्ययन सामग्री भी वितरण किया, ताकि उनकी सीखने की प्रक्रिया और प्रभावी हो सके। उन्होंने केंद्र परिसर में विकसित पोषण वाटिका का भी निरीक्षण किया और बेहतर पोषण के लिए स्थानीय स्तर पर सब्जियों के उत्पादन को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र बनने से बच्चों को बेहतर संबर्धन, पोषण और शिक्षा का वातावरण मिल सकेगा। मौके पर आंगनवाड़ी सेविका बिमला कुमारी और सहायिका सुनीता देवी उपस्थित रहीं।

## लैंगिक हिंसा को लेकर हुसैनाबाद थाना परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण विकास विभाग के निदेर्शानुसार झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) की ओर से संचालित जेंडर अभियान 'नयी चेतना 4.0 पहल बदलाव की ओर' के तहत हुसैनाबाद थाना परिसर में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में जेंडर समानता, महिलाओं के अधिकार, बालिका शिक्षा, घरेलू हिंसा की रोकथाम, समाज में महिलाओं की नेतृत्व भूमिका, और लैंगिक भेदभाव समाप्त करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई और जेंडर संवेदनशीलता की ओर प्रेरित किया गया। अभियान से जुड़े जेएसएलपीएस के प्रखंड कॉर्डिनेटर अंजनी कुमार ने बताया कि जेंडर अभियान 4.0 का उद्देश्य ग्रामीण समुदायों में सोच और व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाकर महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और निर्णय-क्षमता की भूमिका में सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में महिला समूह की दीदियां चांदनी कुमारी, निशा चौधरी, ममता कुमारी, बरत देवी, प्रिया देवी, अनिता देवी, एसआई नंदकिशोर राम, पूर्व मुखिया सुदेश्वर राम, महिला पुलिस और स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

# ऑल इंडिया रेलवे टिकट चेकिंग स्टाफ ने स्टेशन परिसर में करायी अलाव की व्यवस्था

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** कंपकपाती ठंड को देखते हुए डालटनगंज ऑल इंडिया टिकट चेकिंग स्टॉफ ऑर्गनाइजेशन की ओर से स्टेशन परिसर में अलाव की व्यवस्था की गयी। जीआरपी थाना प्रभारी डालटनगंज सतीश पांडे, धनबाद डिवीजन के इंडियन रेलवे टिकट चेकिंग स्टाफ आर्गेनाइजेशन के उपाध्यक्ष सह इस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस के केन्द्रीय संयुक्त महासचिव बीएम पांडेय, ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस के डालटनगंज शाखा सचिव संजय पासवान सहित ऑर्गनाइजेशन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में अलाव जलाया गया। जीआरपी थाना प्रभारी सतीश पांडेय ने कहा कि अचानक ठंड बढ़ गयी है ऐसी स्थिति में अलाव की व्यवस्था करना पुण्य का काम है। उल्लेखनीय है कि टिकट चेकिंग स्टॉफ ऑर्गनाइजेशन एवं ईसट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस अपने दायित्वों के निर्वहन से बचे समय का सदुपयोग समाजसेवा में करते रहा है।

ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस के केंद्रीय संयुक्त महासचिव सह आल इंडिया टिकट चेकिंग स्टाफ आगेर्नाइजेशन के धनबाद डिवीजन के उपाध्यक्ष टीटीआई इंस्पेक्टर बीएम पांडेय ने बताया कि समाजसेवा करने से न सिर्फ आत्मसंतुष्टि मिलती है, बल्कि सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन होने से मानव होने का फर्ज अदा होता है। मौके पर सीआईटी दिलीप कुमार यादव, टीटीआई रविंद्र कुमार दुबे, लक्षमण दुबे, संजीव सिन्हा, रवि रौशन झा, सत्येंद्र मिश्रा, आशीष तिवारी, श्रेयांस दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।

## पांकी पुलिस ने आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाया



**पांकी / पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी पुलिस ने मंगलवार को कुंदा थाना क्षेत्र के निवासी हिंदिया जिला चतरा अभियुक्त गिरेंद्र गंझु उर्फ गिरेंद्र जी पिता बिगन गंझु थाना कांड संख्या - 25/(1 ) (A) 25(1-B) (a) 26/35 आर्म्स एक्ट और 17 सिएलए एक्ट और अप्राथमिकी अभियुक्त के घर पर न्यायलय द्वारा निर्गत इश्तेहार चस्पा ढोल नगाड़ा बजाते हुए स्थानीय लोगों की उपस्थित में मुख्य दरवाजा सहित सार्वजनिक स्थल पर भी चिपकाया गया। थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि इसके बाद भी आरोपी सरेंडर नहीं करने पर नियमानुसार 15 दिन बाद कोर्ट से आदेश प्राप्त कर कुर्की जब्ती की जायेगी।

## एस्पायर इंटरनेशनल स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर(पलामू)।** एस्पायर इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल में मंगलवार को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी चित्रकला की क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के लिए छात्र-छात्राओं को चार वर्गों में विभक्त किया गया था। कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक के छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। चित्रकला का विषय था मेरा गांव। सफेद कागज पर रंग भरने वाले बच्चों ने चित्रकला का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। चित्रकला में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए प्राचार्या सुमन प्रजापति ने कहा कि चित्रकला बच्चों के मनोभावों का परिचायक है। बच्चों को अपने अंदर छिपे भाव को अवश्य प्रकट करना चाहिए। रंग हमारे जीवन में उत्साह का प्रतीक है जो जीवन में उर्जा का संचार करता है। कहा कि प्रतियोगिता में बच्चे अपनी कला क्षमता से मनोभावों को प्रकट करने में सफल रहे हैं। बच्चों को चित्रकला सिखाने वाले कला शिक्षक स्वाति केशर व पवन शर्मा की उन्होंने प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र प्रजापति ने कहा कि बच्चों के मन में बन रहे छवि को कागज पर उतारने की कला एक बहुत उत्कृष्ट कला है। मौके पर दर्जनों शिक्षक सहित छात्र- छात्राएं और अभिभावक मौजूद थें।

# धान क्रय केंद्र में देरी से किसानों का नुकसान व्यापारियों की मनमानी पर विभाग निशाने पर

आजाद सिपाही संवाददाता


किसानों से खरीदी गयी धान ट्रक पर लाद कर ले जाते व्यापारी।

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज और पीपरा प्रखंड में इस वर्ष धान की बंपर पैदावार होने के बावजूद सरकारी धान क्रय केंद्र अब तक नहीं खुल सके हैं। इसका सबसे बड़ा खामियाजा क्षेत्र के किसानों को उठाना पड़ रहा है। मजबूरी में उन्हें व्यापारियों के हाथों औने-पौने दाम पर धान बेचना पड़ रहा है। जबकि पिछले वर्ष धान 2400 रुपये प्रति क्विंटल तक बिका था। वहीं सरकारी खरीद बंद होने का फायदा उठाते हुए व्यापारी मनमानी दर तय कर रहे हैं। जिससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति हो रही है।

कई प्रगतिशील किसानों ने बताया कि गेहूं की बुवाई और अन्य कृषि कार्यों के लिए तत्काल पैसे की जरूरत होती है। लेकिन सरकारी स्तर से खरीद शुरू न होने के कारण वे विवश हैं और बिना मोलभाव के ही अपना अनाज सस्ते में बेच रहे हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि व्यापारियों की यह मनमानी विभागीय लापरवाही का परिणाम है। यदि प्रशासन समय पर क्रय केंद्र चालू कर देता, तो किसानों को उचित मूल्य मिलता और शोषण से बचाव होता।

इस संबंध में बीएओ ब्रजेश कुमार ने बताया कि जिला स्तर पर बैठक हो चुकी है और जल्द ही केंद्र खोलने का निर्देश मिला है। उनके अनुसार आगामी 15 दिसंबर तक धान क्रय केंद्र खोल दिए जायेंगे। परंतु सवाल यह है कि जब धान किसानों के घरों में ढेर बनकर पड़ा है, तब प्रशासन की यह देर आखिर क्यों? विभाग की यह सुस्ती व्यापारियों को लाभ और किसानों को घाटा पहुंचा रही है। किसानों का कहना है कि यदि व्यवस्था समय पर नहीं सुधरी, तो उनकी मेहनत का मूल्य लगातार घटता जायेगा और इसकी जिम्मेदारी प्रशासन को लेनी होगी।

# इक्का-दुक्का पत्ते गिर जाने से पेड़ नहीं गिर जाता, आजसू पार्टी बरगद का पेड़ है : आदर्श

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** देवघर मंगलवार को आजसू पार्टी देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि 'इक्का-दुक्का पत्ते गिर जाने से पेड़ नहीं गिर जाता, आजसू पार्टी बरगद का पेड़ है।' उन्होंने कहा कि देवघर जिले में आजसू पार्टी का मजबूत जनाधार है और पार्टी किसी की मोहताज नहीं है। उन्होंने बताया कि देवघर जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में आजसू पार्टी 2029 के चुनाव की तैयारी में पूर्ण सक्रियता के साथ जुटी हुई है। विशेष रूप से युवाओं को संगठन से जोड़ने और बूथ स्तर पर ढांचे को सुदृढ़ करने पर जोर दिया जा रहा है। जिलाध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने एनडीए गठबंधन के घटक दलों को आपसी तोड़फोड़ की राजनीति से बचने की नसीहत देते हुए कहा कि ऐसी राजनीति से गठबंधन को नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ईंट का जवाब पत्थर से देना हम भी जानते हैं।

ज्ञात हो कि पिछले दिनों एक कार्यक्रम में आजसू पार्टी के कुछ कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए थे, जहां उन्हें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा सदस्यता ग्रहण कराई गयी। इसी घटनाक्रम के बाद आजसू पार्टी देवघर जिलाध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने यह प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के चले जाने से संगठन कमजोर नहीं होता, बल्कि पार्टी और अधिक सशक्त संकल्प और नयी ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेगी। आजसू पार्टी देवघर जिले में अपने संगठनात्मक विस्तार और जनाधार को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# देवीपुर प्रखंड में लंबित योजनाओं की प्रगति पर उपविकास आयुक्त ने की विस्तृत समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** उपविकास आयुक्त पीयूष सिन्हा ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय देवीपुर के सभागार में पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता सहित विभिन्न पंचायत स्तर के पदाधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना एवं मनरेगा अंतर्गत वर्ष 2022-23 से पूर्व की लंबित योजनाओं की गहन समीक्षा की। बैठक के दौरान बिरसा सिंचाई संवर्धन कूप मिशन, पोटो हो खेल योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, डोभा, टीसीबी सहित अन्य योजनाओं की पंचायतवार प्रगति रिपोर्ट ली गयी। उपविकास आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि विभागीय दिशा-निर्देशों के आलोक में इन योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूर्ण कराया जाये। उन्होंने विगत पांच वर्षों की सभी योजनाओं में अनिवार्य रूप से सूचनापट्ट लगाने का निर्देश देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी देवीपुर को एक सप्ताह के भीतर सभी योजनाओं में सूचना पट्ट लगाने की जिम्मेदारी सौंपी।

साथ ही सभी पंचायत सेवक एवं रोजगार सेवक को पंचायत स्तरीय संचिकाओं को सुव्यवस्थित रखने तथा मनरेगा की सात अनिवार्य पंजी को एक सप्ताह के भीतर अद्यतन करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में लंबित आवास योजनाओं को एक सप्ताह में पूर्ण करने पर भी जोर दिया गया। लाभुकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और आवास योजनाओं का नियमित पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण करने का निर्देश भी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में डीआरडीए देवघर की निदेशक सागरी बराल, परियोजना पदाधिकारी प्रीति कुमारी सहित प्रखंड समन्वयक, विभिन्न पंचायतों के पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, कनीय एवं सहायक अभियंता उपस्थित रहे।

## गुजरात में आत्महत्या के बाद घर पहुंचा युवक का शव


मृतक का फाइल फोटो।

**चैनपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)।** गुजरात कमाने गये चैनपुर के नेउरा गांव निवासी एक युवक ने गुजरात में ही एक कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। मिली जानकारी के अनुसार चैनपुर थाना क्षेत्र के नेउरा गांव निवासी रघुनाथ प्रजापति के 20 वर्षीय बेटा सोनू प्रजापति का शव मंगलवार को एक एंबुलेंस द्वारा उसके घर पहुंचाया गया है, शव घर पहुंचते ही परिजनों दहाड़ दहाड़ मार कर रोने लगे इस घटना से पूरा गांव में मातम छा गया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि इसी वर्ष मृतक सोनू 29 नवंबर को गुजरात के अहमदाबाद में अपने मौसा के पास काम करने गया था। 5 दिसंबर दिन शुक्रवार को फोन के द्वारा सूचना हमलोगों को मिला की सोनू अपने ही कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। मृतक सोनू माता-पिता का एकलौता पुत्र था।

## नीलाम पत्र वादों के त्वरित निष्पादन के लिए अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित



**देवघर (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्ता हीरा कुमार की अध्यक्षता में नीलाम पत्र वादों से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिले के लंबित नीलाम पत्र वादों की विस्तृत समीक्षा की गयी तथा संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अपर समाहर्ता ने कहा कि नीलाम पत्र वादों का वर्गीकरण कम ऋण देनदार और अधिक ऋण देनदार के आधार पर किया जाये, ताकि निष्पादन में तेजी लाई जा सके। उन्होंने नोटिस तामिला की प्रक्रिया पर भी जोर देते हुए निर्देश दिया कि देनदार घर पर उपलब्ध न हों तो उनके मुख्य द्वार या दीवार पर नोटिस चिपकाया जाये तथा आसपास के लोगों से हस्ताक्षर करवाए जायें। निर्धारित तिथि पर उपस्थित न होने वाले देनदारों के विरुद्ध वारंट जारी करने का भी आदेश दिया गया। एसबीआई करौं प्रकरण पर संज्ञान लेते हुए अपर समाहर्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जब भी देनदार संपूर्ण राशि का भुगतान कर दें, तो उन्हें समय पर 'नो ड्यूज सर्टिफिकेट' उपलब्ध कराया जाये। साथ ही सभी नीलाम पदाधिकारियों को पंजी कएवं को अद्यतन कर इस महीने के अंत तक रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर राजीव कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमर कुमार, प्रभारी पदाधिकारी नीलाम पत्र शाखा ओम प्रियदर्शी, सभी अंचलाधिकारी, एलडीएम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## सरिता बेहराटोली में वृद्ध ने लगायी फांसी

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गांव सरिता बेहराटोली मे 70 वर्षीय एक व्यक्ति जितवाहन मांझी ने अपने घर के पीछे एक पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की खबर मिलते की कामडारा पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे मे लेने के उपरांत शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दी। इधर मृतक व्यक्ति के पुत्र बुधराम मांझी ने पुलिस को बताया कि उसके पिता जितवाहन मांझी प्रत्येक दिन सुबह में जल्दी उठकर शराब पीने के लिये गांव की ओर जाते थे। वह काफी देर तक घर वापस नहीं लौटे तो उसे आसपास में काफी ढुंढा गया। लेकिन कुछ भी पता नहीं चला। इसी दौरान ढूंढने के क्रम जब घर के पीछे जाकर देखा गया तो वहां पर पेड़ मे अपना गमछा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर चुके है। इसके बाद कामडारा पुलिस को सूचना दी गयी। फिलहाल पुलिस उक्त मामले को लेकर सभी विंदुओं पर अपने स्तर से जांच पड़ताल कर रही है।

## गुंटूर से लौटे बसिया के नन्हे कलाकार फोक ग्रुप सांग राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम



**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया के 12 छात्रों व संगीत शिक्षक के छठे राष्ट्रीय सांस्कृतिक व कला उत्सव, उद्भव-2025 में प्रतिभागिता कर गुंटूर, आंध्र प्रदेश से वापस आने पर विद्यालय में गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत हुआ। एकलव्य विद्यालयों के राष्ट्रीय स्तर के इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकलव्य विद्यालय, बसिया के बच्चों ने झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए कुल सात कार्यक्रमों में अपना प्रदर्शन दिया था जिसमें से तीन बेहतरीन प्रदर्शन को पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्राप्त पुरस्कारों में फोक ग्रुप सांग को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं क्लासिकल ऑर्केस्ट्रा तथा ट्राईबल डांस को द्वितीय स्थान मिला है। राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय के बच्चों को मिली इस बड़ी सफलता से विद्यालय में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य संजय कुमार सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी, गुमला आलोक रंजन, विद्या विकास समिति, झारखंड के विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार और ओम प्रकाश सिन्हा के साथ-साथ प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा ने भी विजयी छात्रों को बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं है।

## घाघरा में कांग्रेस का सम्मान समारोह



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त प्रखंड अध्यक्ष आदित्य भगत की अध्यक्षता में संगम उत्सव बैंक्वट हॉल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडेय को अंग-वस्त्र, सोल, पेन और डायरी देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रदेश महासचिव शिवकुमार भगत एवं प्रखंड अध्यक्ष आदित्य भगत द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। इस दौरान प्रदेश महासचिव शिवकुमार भगत ने नव नियुक्त अध्यक्ष आदित्य भगत को सोल भेंट कर स्वागत एवं शुभकामनाएं दीं। स्वागत संबोधन में आदित्य भगत ने कहा कि वे पार्टी की नीति, सिद्धांत और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि संगठन में सभी कार्यकर्ताओ को सम्मान मिलेगा और वे हर सुख-दुख में साथ रहकर सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए, जिनमें प्रमुख रूप से शिवकुमार भगत, अरुण कुमार पाण्डेय, महेश अगस्टिन कुजूर,दिशा के सदस्य अनिरुद्ध चौबे, दिलीप उरांव, फ्रांसिस जेवियर लकड़ा, संदीप मिंज, अनूप टोप्पो, दिलबहार अंसारी, परमेश्वर उरांव, सुखनाथ उरांव, बुधवा उरांव, रामकुमार भगत, विजय राम, बबलू खान, गुलाब राय, सुदर्शन टाना भगत, अमर उरांव, सुसारी उरांव, हरि भगत, सहदेव भगत, सुनील भगत, घुड़ा उरांव, सौरभ कुमार भगत, इलाही राय, अगनू पहान, चांद खान, तकदीर खान, झरी उरांव शामिल थे।

## 16 और 17 को ललित उरांव स्टेडियम महुआडीपा में होगा खेलकूद प्रतियोगिता



**सिसई (आजाद सिपाही)।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई द्वारा दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 16 व 17 दिसंबर 2025 को आयोजन किया जायेगा। खेलकूद प्रतियोगिता ललित उरांव स्टेडियम महुआडीपा, सिसई में आयोजित होगा। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता को लेकर मंगलवार को महाविद्यालय में नवजीवन एथलेटिक्स के पदाधिकारियों और महाविद्यालय प्रशासन के बीच बैठक हुई। वहीं इस बैठक में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता को सफल बनाने को लेकर रणनीति बनायी गयी। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का रुपरेखा प्राचार्य प्रो अमिताभ भारती ने रखा। नेशनल खिलाड़ी सह खेलो इंडिया गुमला के प्रशिक्षक महाबीर राम लोहरा ने कहा कि यह अच्छा पहल है। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता से महाविद्यालय के खिलाड़ियों का जीवन निखरेगा। प्राचार्य प्रो अमिताभ भारती ने कहा कि लंबे समय से महाविद्यालय की ओर से वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता नहीं हुआ था। इस बार खेलकूद प्रतियोगिता में एथलेटिक्स को प्राथमिकता दिया जा रहा है। सुविधा व संसाधन को देखते हुए ललित उरांव स्टेडियम महुआडीपा का चयन किया गया है। इस प्रतियोगिता को कराने में नवजीवन एथलेटिक्स महुआडीपा के पदाधिकारियों का भी साथ मिल रहा है। जिसको लेकर महाविद्यालय परिवार काफी उत्साहित है। बैठक में नेशनल खिलाड़ी महाबीर राम लोहरा, नवजीवन एथलेटिक्स कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद उरांव, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ रंजीत कुल्लू, भुगोल विभागाध्यक्ष डॉ निसार अहमद,खेल प्रभारी डॉ अरुण कुमार दास, प्रधान सहायक सुरेश साहु, सीटीओ डॉ श्रवण कुमार तिवारी,नवजीवन एथलेटिक्स कमेटी के सचिव दीपक कुमार अधिकारी, खेलप्रेमी रोहित शर्मा, डेबोर्डिंग प्रशिक्षक संदीप उरांव एवं महाविद्यालय के खेल प्रशिक्षक निरंजन तिर्की शामिल थे।

## सदर अस्पताल से मोबाइल की चोरी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला सदर थाना क्षेत्र के मिशन हाता निवासी कुंवर एक्का का मोबाइल गुमला सदर अस्पताल से अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया। इस संबंध में कुंवर एक्का ने अस्पताल प्रबंधन व गुमला थाना में आवेदन सौंप कर चोरों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। कुंवर ने बताया कि उसकी बेटी सिमरन एक्का वार्ड संख्या 223 के बेड नंबर आठ में इलाजरत है। मंगलवार की सुबह पांच बजे वार्ड में कोई अज्ञात चोर आया और बेड में रखा हुआ मोबाइल चोरी करके फरार हो गया। इस संबंध में उन्होंने चोर को पकड़ने और मोबाइल बरामदगी का मांग किया है।

### आजाद सिपाही में छापी गयी खबर का असर

# नवजात खरीद-फरोख्त मामले के तीन आरोपियों ने किया सरेंडर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला/ रायडीह।** रायडीह थाना क्षेत्र में दो नवजात शिशुओं की खरीद-फरोख्त मामले का खुलासा आजाद सिपाही ने विगत पांच अक्टूबर को किया था। मामले में खुलासे के बाद में सीडब्लूसी और पुलिस हरकत में आई और दोनों को नवजातों को बरामद कर लिया। पुलिस के दबाव में तीन आरोपियों ने सोमवार को न्यायलय में आत्मसमर्पण कर दिया।

**बीटीटी, सहिया और करीना ने किया आत्मसमर्पण :** आत्मसमर्पण करने वालों में प्राथमिक अभियुक्त पुराना रायडीह निवासी बीटीटी सुमन एक्का , मोकरा निवासी करीना भगत और सहिया पार्वती देवी के नाम शामिल हैं। इस मामले में कुल पांच लोगों बीटीटी सुमन कुजूर, सहिया पार्वती देवी, रिमझिम लकड़ा, सुमन एक्का और करीना भगत के खिलाफ बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। एफआइआर के बाद सभी आरोपित पुलिस गिरफ्त से बाहर थे, लेकिन लगातार दबाव के बाद तीन ने न्यायालय की शरण ली।

**अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं दो आरोपी :** फिलहाल दो आरोपी अब भी पुलिस गिरफ्त से दूर हैं। रायडीह पुलिस के अनुसार जल्द ही बचे हुए दोनों आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे।


रायडीह स्वास्थ्य केंद्र की कर्मी करती है नवजातों का सौदा!
▪ 'सुमन दीदी' प्रसूताओं को जाल में फंसा कर बेचती है नवजातों को
▪ राजधानी रांची के साथ छत्तीसगढ़-ओड़िशा तक फैला है नेटवर्क
प्रेम प्रसंग में मां बनी युवती के बच्चे को भी बेचा गया

**नब्बे हजार और एक लाख रुपये में बेचे गये थे दोनों नवजात**

यहां बता दें कि 5 अक्टूबर 2025 को दो नवजात शिशुओं की खरीद-फरोख्त का मामला आजाद सिपाही के द्वारा प्रकाश में आया था। बच्चा बेचने वालों ने यह स्वीकार किया था कि एक नवजात शिशु को एक लाख रुपये और दूसरे को 90 हजार रुपये में बेचा गया है। जिसके बाद तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों नवजातों को छापेमारी कर सुरक्षित बरामद किया गया था।

## कुआं में गिरने से महिला की मौत

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चट्टी पतराटोली गांव में पानी भरने के क्रम में कुआं में गिरकर डूबने से फूलों देवी की मौत हो गयी। वहीं परिजनों द्वारा आनन फानन में कुआं से निकालकर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस शब को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। घटना के बाबत परिजनों ने बताया कि आज सुबह लगभग दिन के 10 बजे फूलों देवी घर के काम के लिए पानी लाने कुआं गयी थी। कुआं में पानी भरने के क्रम में वह गिर गयी। कुछ देर बाद नहीं लौटी तो पास जाकर कुआं के पास खोजबीन की गयी। जिसके बाद कुआं से उसे निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## गुरुकुल के तीन विद्यार्थियों का अग्निवीर में चयन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला मुख्यालय स्थित डीएसपी रोड के गुरुकुल शिक्षण संस्थान के तीन प्रतिभाशाली विद्यार्थी बुधेश्वर खड़िया, निर्मल नागेशिया एवं आकाश उरांव का चयन अग्निवीर भर्ती में हुआ है। तीनों विद्यार्थी सोमवार को ज्वाइन करने हेतु रवाना हुए। उनके प्रस्थान से पूर्व संस्थान परिसर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सफल अभ्यर्थियों को पूरे उत्साह एवं गरिमा के साथ सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान गुरुकुल के शिक्षकों द्वारा चयनित विद्यार्थियों को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर गुरुकुल शिक्षण संस्थान के निदेशक रविन्द्र सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि अग्निवीर जैसी प्रतिष्ठित सेवा में चयनित होना न केवल विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है बल्कि गुरुकुल परिवार के लिए गौरव का विषय भी है। आज का यह मुकाम आपको और अधिक अनुशासन, परिश्रम एवं उत्कृष्टता की ओर अग्रसर करेगा। जीवन में हर चुनौती को अवसर समझकर आगे बढ़ें और अपने परिवार, समाज तथा राष्ट्र का नाम रोशन करें। गुरुकुल आपके हर कदम पर आपके साथ है।

सम्मान समारोह में संस्थान के शिक्षक अंकित भगत, ऋषभ ऋतिक एवं अनुपा कुमारी उपस्थित रहे और तीनों चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

सफल अभ्यर्थियों की ओर से संस्थान के वर्तमान विद्यार्थियों के लिए एक सामूहिक संदेश भी दिया गया, जिसमें उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। अनुशासन, निरंतर अभ्यास और अपने लक्ष्य के प्रति सच्ची निष्ठा ही सफलता की कुंजी है। गुरुकुल के शिक्षकों ने हमें दिशा दी, हम आपको यही संदेश देना चाहते हैं कि स्वयं पर विश्वास रखें और प्रतिदिन अपने लक्ष्य की ओर एक कदम आगे बढ़ाते रहें।

## एनसीसी कैंप में कैडेटों को कराया गया योगाभ्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** बीएन जालान महाविद्यालय परिसर में 46 वें बटालियन गुमला के द्वारा आयोजित किए जा रहे एनसीसी कैंप में शामिल कैडेटों को योग गुरु गजराज महतो के सानिध्य में योगाभ्यास कराया गया। योग गुरु के द्वारा निरोग रहने के निमित्त विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया और बताया गया कि अभी शीतलहरी के वजह से ठंड का प्रकोप काफी बढ़ गया है इससे बचने के लिए शरीर के अंदर और बाहर के सभी अंगों की सक्रियता हेतु योगिक जोगिंग, सूक्ष्म व्यायाम बहुत ही जरूरी है। उन्होंने तन मन की पवित्रता के लिए रोज सुबह ध्यान योग करने की बातें कही। योग गुरु गजराज जी ने योगाभ्यास के दौरान बताया कि हमारे शरीर के सभी अंगों की आयु लगभग 400 वर्षों की है लेकिन आजकल के भागदौड़ एवं तनाव भरी जीवन, अनियमित दिनचर्या, विषाक्त भोजन के कारण हमारी आयु मात्र 60 से 80 वर्षों के बीच सिमट कर रह गयी है। हमें हरहाल में योग के विभिन्न क्रियाओं को अपनाकर अपने शरीर को 100 से 110 वर्षों तक निरोगी रखना है और आनंदमय जीवन जीना है। समापन से पूर्व सभी प्रतिभागियों को परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्य पालन हेतु शपथ दिलायी गये।

## डॉन बॉस्को स्कूल के सामने चला जांच अभियान, 60 हजार जुर्माने की वसूली



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला परिवहन विभाग ने मंगलवार को डॉन बॉस्को स्कूल के सामने सघन जांच अभियान चलाया। डीटीओ ज्ञान शंकर जायसवाल के निर्देश पर एमवीआइ रॉबिन अजय सिंह एवं प्रदीप कुमार तिर्की की टीम द्वारा की गयी इस औचक कार्रवाई में यातायात नियम तोड़ने वालों में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान 30 से अधिक चालकों पर कार्रवाई करते हुए कुल 59,950 का जुर्माना वसूला गया।

जांच में बिना हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाना, कागजात की कमी, ओवरलोडिंग, प्रेशर हॉर्न और अवैध एक्स्ट्रा लाइट जैसे गंभीर उल्लंघन सामने आये। अधिकारियों ने चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया। डीटीओ की टीम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जिले भर में ऐसे बिना सूचना वाले अभियान लगातार जारी रहेंगे और नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

## धान खरीद में गलती पाये जाने पर संबंधित कर्मियों के खिलाफ होगी कार्रवाई : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** प्रखंड परिसर स्थित शहीद नयमन कुजूर अनुमंडल स्तरीय पुस्तकालय में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा और अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता की अध्यक्षता में धान खरीद की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पंचायत सचिव, कृषि मित्र, बीटीएम, एटीएम, राजस्व कर्मचारी, लैंपस-पैक्स के अध्यक्ष-सचिव, और प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी शामिल हुए। प्रखंड में कटकाही, बरवेनगर, और कुरूमगाड़ इन तीन लैंपस-पैक्स केंद्रों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की दर पर किसानों से धान की खरीदारी की जायेगी।

बीडीओ यादव बैठा ने सभी कर्मियों को उपायुक्त के सख़्त निर्देश से अवगत कराते हुए कहा कि धान खरीदारी में पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करें। यदि कुछ भी गलत पाया गया, तो संबंधित कर्मी पर निश्चित कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने किसानों को पंजीकरण कराने और लैंप्स-पैक्स तक धान बेचकर सरकारी दरों का लाभ लेने के लिए प्रेरित करने को कहा। अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय में धान खरीद-बिक्री करने वाले दुकानदारों को भी नियमों का पालन करना होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि जिस किसान का धान खरीदा जायेगा, उसका रजिस्टर पंजी बनाना आवश्यक है, खरीदारी एमएसपी के दर पर ही की जाए,धान कहीं भेजते समय, उसके साथ चलान सहित सभी वैद्य कागजात रहना अनिवार्य है, ताकि जांच के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

बैठक में प्रखंड को मिले धान खरीद के लक्ष्य को निष्ठापूर्वक प्राप्त करने पर जोर दिया गया। किसानों को जागरूक करने और उनका पंजीकरण कराने की प्रक्रिया भी बतायी गयी। रजिस्ट्रेशन के लिए किसान संपर्क कर सकते हैं नजदीकी कृषि मित्र, बीटीएम, या एटीएम, प्रखंड कृषि पदाधिकारी। धान की बिक्री इ-पॉस के माध्यम से आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन पर होगी। साथ ही, किसान अपने मोबाइल ऐप का उपयोग करके बिक्री के लिए स्लॉट बुकिंग भी कर सकेंगे। बैठक में चैनपुर के बीटीएम, एटीएम, राजस्व कर्मचारी, पंचायत सचिव, लैंप्स-पैक्स के अध्यक्ष-सचिव, और कृषि मित्र मौजूद रहे।

## राजी पहाड़ सरना प्रार्थना सभा भारत के जिलाध्यक्ष बने संजय उरांव



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** राजी पहाड़ सरना प्रार्थना सभा भारत के शाखा समिति ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए संजय उरांव को जिला अध्यक्ष का दायित्व सौंपा। संजय उरांव को जिला अध्यक्ष चुने जाने के बाद पूरे आदिवासी समाज में उत्साह और हर्ष का माहौल देखने को मिल रहा है। नये दायित्व की घोषणा होते ही धर्मगुरु बंधन तिग्गा सहित प्रखंड एवं आसपास के इलाकों से पहुंचे आदिवासी समाज के लोगों ने संजय उरांव को फूल-मालाओं से स्वागत कर बधाइयां और शुभकामनाएं दीं। समाज के लोगों का कहना है कि संजय उरांव जमीन से जुड़े, संघर्षशील और समाज में एकता व संस्कृति संरक्षण के लिए लगातार कार्यरत रहने वाले व्यक्तित्व हैं। उनके जिला अध्यक्ष बनने से सरना धर्मावलंबियों की आवाज और मजबूत होगी तथा धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियों को नयी दिशा मिलेगी।संजय उरांव ने भरोसा दिलाया कि वे संगठन के नियम-सिद्धांतों का पालन करते हुए समाज की परंपराओं, धार्मिक आस्था और प्राकृतिक पूजा-पद्धति के संरक्षण के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करेंगे। उन्होंने सभी समाज प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी चुनौती भी है। उनकी नियुक्ति से आदिवासी समाज में नयी ऊर्जा का संचार हुआ है और लोग संगठन से बड़े बदलाव की उम्मीद कर रहे हैं।

## बिशुनपुर में कल मनाया जायेगा पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह , तैयारियां जोरों पर



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह 11 दिसंबर 2025 दिन गुरुवार को मनाया जायेगा जिसकी तैयारियां जोरो पर है। इसी क्रम में पर्यावरणीय जागरूकता हेतु खनन क्षेत्र के आसपास के गांवों में महीला समूहों के सदस्यगण, स्कूलों के बच्चों के बीच भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में बच्चों के बीच पर्यावरणीय जागरूकता, पेंटिंग प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक तथा विभिन्न स्थानों पर पोस्टर, बैनर लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इधर हिंडालको के सहभागी खनिज और खनिज (मिनरल्स एंड मिनरल्स) अमतीपानी चिरोडीह खान क्षेत्र में बैठक आयोजन कर कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से खान प्रबंधक प्रदीप कुमार को अध्यक्ष, सहायक खान प्रबंधक जीवन मोहंती को सचिव, सहायक मानव संसाधन नागेश वर्मा को कोषाध्यक्ष, सहायक भूगर्भ शास्त्री अमित प्रधान को उपाध्यक्ष जिसमें अन्य सहायक सीएसआर मनोरंजन कुमार, निशार दास, तनय करण, आशिफ अंसारी सभी सहयोगीगण उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में तीन घायल, एक रिम्स रेफर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिसई थाना क्षेत्र के महुआडीपा के समीप सड़क हादसा में तीन किशोर गिरकर घायल हो गये। घायलों में सिसई महादेव चेगरी निवासी मनीष साहू, बादल उरांव और सोमरा उरांव है। घटना के बाद तीनों घायलों को गुमला सदर अस्पताल लाया गया। जहां मनीष का गंभीर स्थिति देखते हुए डाक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार तीनों दोस्त एक बाइक में सवार होकर गुमला ही ओर आ रहे थे। उसी दौरान महुआडीपा के समीप एक बैल बीच में दौड़ गया। जिसे बचाते के दौरान वो तीनों बाइक से अनियंत्रित होकर गिर गये।

## चैंबर की आम सभा आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह ने गुमला के व्यापारियों को समाचार पत्रों के माध्यम से सूचित किया है कि बस स्टैंड रोड स्थित चैंबर कार्यालय में बुधवार को संध्या के 7 :30 बजे से आम सभा की बैठक आयोजित की गयी है। इसमें चेंबर के सदस्यों के साथ सभी आम व्यापारियों को आमंत्रित किया गया है आम व्यापारी उपस्थित हों और चेंबर के क्रियाकलापों के बारे में विचार विमर्श करें आने वाले दिन में चेंबर किस तरह से कार्य करें इस पर अपना अपना सुझाव दें। गुमला चेंबर के सदस्यों का नवीकरण का काम जोर-शोर से चल रहा है। चैंबर के सभी पदाधिकारी गण नवीकरण के काम में लगे हुए हैं आशा व्यक्त की जाती है कि आम सभा से पहले नवीकरण का काम पूरा कर लिया जायेगा अगर किन्हीं सदस्य व्यापारी का नवीकरण किसी वजह से छूट जाता है तो तत्कालीन चैंबर सचिव बबलू वर्मा से संपर्क करके अपना नवीकरण का रशीद प्राप्त कर सकते हैं। आम सभा के दिन ही आगामी चुनाव के लिए चुनाव पदाधिकारीयों व चुनाव की तिथि घोषित कर दी जायेगी।

## मनरखन गोप फुटबॉल टूर्नामेंट में रेड आर्मी गुमला और जूनियर शतरंजी के बीच होगा फाइनल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** स्व मनरखन गोप स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का फाइनल मुकाबला रेड आर्मी गुमला और जूनियर फुटबाल क्लब शतरंजी रांची के बीच होगा। मंगलवार को हुए दूसरे सेमी फाइनल में मुख्य अतिथि पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष दीप नारायण उरांव के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। अतिथि के रूप में डॉ सुचांद मुंडा और वार्ड पार्षद हेमलता मौजूद थे। पहले सेमीफाइनल में रेड आर्मी गुमला की टीम ने रोहित मुंडा के हैट्रिक गोल के बदौलत टोप्पो ब्रदर्श को 7-1 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल मैच जूनियर एफसी शतरंजी रांची और टोप्पो ब्रदर्श रांची के बीच खेला गया जिसमें दोनों टीमें 1-1 गोल से बराबरी पर रही ट्राई ब्रेकर में जूनियर एफसी शतरंजी रांची ने जीत दर्ज की। उपस्थित सदस्यों में संरक्षक दुर्जय पासवान, तेंबू उरांव, राजनील तिग्गा, शशि प्रिया बंटी,शिव दयाल गोप, अशोक यादव, रमेश उरांव, मदन साहू, अध्यक्ष कृष्णा उरांव, उपाध्यक्ष अजय सिंह राणा, मनीष सिंह, सचिव कुंदन कुमार, सह सचिव रोहित उरांव, कोषाध्यक्ष अभिषेक सोरेंग, कार्यकारणी सदस्यों में मनोज साहू, आशीष गोप, सुरेश उरांव, मनोज साहू, रोशन मिंज , वीणा केरकेट्टा , मोहरलाल उरांव मंगल राम भगत सहित हजारों खेलप्रेमी मौजूद थे।

## दो अलग-अलग स्थानों से बाइक की चोरी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला थाना में दो अलग-अलग स्थानों से बाइक चोरी का मामला दर्ज कराया गया है। पहला मामला में बसिया प्रखंड के मुंडरडीह लसिया निवासी असियन टोप्पो ने अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें कहा गया है कि वो अपना बाइक लेकर पालकोट रोड जायसवाल आटो दुकान के पास गया हुआ था। वहां से लौटने पर बाइक गायब पाया। दूसरा मामला सदर थाना क्षेत्र के तिगरा बाजार के पास की है। इस मामले में तेलगांव निवासी तरहुला उरांव ने प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कहा कि वो तिगरा बाजार सब्जी खरीदने गया था। इसी दौरान उसका बाइक अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया।

## सांसद कार्यालय पास पेड़ की कटाई करते दो गिरफ्तार



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट की जमीन पर स्थित एक बेशकीमती पेड़ की अवैध कटाई का मामला गंभीर रूप ले चुका है। घटना बोकारो सेक्टर-1 स्थित सांसद कार्यालय के समीप की है, जहां एक विशालकाय पेड़ काटे जाने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। मौके से दो मजदूरों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ जारी है। बताया जाता है कि बरमसिया से लाए गए ये मजदूर स्वचालित मशीनों की सहायता से पेड़ काट रहे थे। मजदूरों ने पेड़ को गिराकर उसके बड़े-बड़े टुकड़े भी कर दिये थे और एक ट्रक पर लोड कर लकड़ी मिल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी थी। कुछ लकड़ी के टुकड़े मिल तक पहुंच भी गये थे। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली और टीम मौके पर पहुंच गयी। अवैध कटाई में इस्तेमाल की गयी मशीन जब्त कर ली गयी तथा शेष लकड़ियां भी बरामद कर ली गयी। पूछताछ में मजदूरों ने बताया कि उन्हें यह काम सोनू सिंह नामक व्यक्ति के निर्देश पर दिया गया था। इसी वजह से मामले में प्रखंड अध्यक्ष का नाम भी सामने आया है, जिन पर पेड़ पर पहले से नजर रखने का आरोप लग रहा है। हालांकि, पुलिस कार्रवाई के बाद संबंधित व्यक्तियों ने मामले से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि पेड़ पहले से गिरा हुआ था और वे इससे जुड़े नहीं हैं। पुलिस अब सोनू सिंह से पूछताछ की तैयारी में है और उसे थाना आने का निर्देश दिया है। जांच का दायरा बढ़ाया जा रहा है ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि पेड़ की अवैध कटाई में किन लोगों की क्या भूमिका थी।

## बीएसएल के एचआर-एलएंडडी विभाग में सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** 9 दिसंबर को बोकारो स्टील के एचआर-एलएंडडी विभाग में सीजीएम, विभागाध्यक्ष, डिपार्टमेंटल सेफ्टी ऑफिसर (डीएसओ) तथा लाइन मैनेजर्स के लिए सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल सुरक्षा के प्रति संगठनात्मक प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना, नेतृत्व स्तर पर जागरूकता बढ़ाना तथा सभी परिचालन इकाइयों में सक्रिय सुरक्षा प्रबंधन को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रिय रंजन तथा अनुप कुमार दत्त द्वारा किया गया। अपने संबोधन में दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने मजबूत सुरक्षा संस्कृति के निर्माण, परिचालन अनुशासन को बनाए रखने तथा सुरक्षित कार्य प्रणाली के लिए उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने में वरिष्ठ नेतृत्व की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है और इसे निर्णय लेने की प्रत्येक प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए। सत्र की शुरूआत नीता बा, सीजीएम (एचआर-एलएंडडी) के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने सुरक्षा प्रक्रियाओं पर निरंतर जागरूकता, क्षमता निर्माण तथा सर्वोत्तम प्रथाओं के पालन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने प्रतिभागियों से सक्रिय रूप से चर्चा में शामिल होने और अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में सुरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने हेतु इस कार्यशाला का लाभ उठाने की अपील की।

## स्वतंत्रता सेनानी को दी गयी श्रद्धांजलि



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** अमर स्वतंत्रता सेनानी कोका कमार की याद में उनके जन्मस्थल बोकारो जिला के कसमार प्रखंड स्थित ओरमो गांव से लायी गयी पवित्र मिट्टी पर स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा बोकारो के पर्यावरण-मित्र चौक स्थित पर्यावरण-मित्र वाटिका के स्वतंत्रता सेनानी स्मृति उद्यान में एक पौधा रोपित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा 'मुकुल' ने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में कोका कमार का अतुलनीय योगदान रहा है। मगर, ऐसे स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग को सरकार और जिला प्रशासन द्वारा भुला दिया जाना चिंताजनक है। ज्ञात हो कि इस स्वतंत्रता सेनानी स्मृति उद्यान का शुभारंभ बोकारो इस्पात संयंत्र के तत्कालीन निदेशक प्रभारी बीके तिवारी द्वारा अमर शहीद सिदो, कान्हु, चांद, भैरव, फूलो और झानो के नाम पर उनके जन्मस्थल से लायी गयी पवित्र मिट्टी के ऊपर पौधों को रोपित करके किया गया है। इस उद्यान में कई स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर पौधों का रोपण किया गया है। कुछ माह पूर्व में देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री माननीय संजय सेठ ने भी अमर स्वतंत्रता सेनानी काशीश्वर प्रसाद चौबे के नाम पर वृक्षारोपण किया है। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा इस उद्यान में स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर लगे पौधों को पूर्व में भी जानबूझ कर नुकसान पहुंचाया गया था तथा अभी भी पहुंचाया जा रहा है। मुकुल ओझा ने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से आग्रह है कि स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर लगे पौधों को नुकसान पहुंचाने वालों पर उचित कार्रवाई करे। अमर स्वतंत्रता सेनानी कोका कमार की स्मृति में उनके नाम पर पौधा रोपण कार्यक्रम में रघुवर प्रसाद, शशि भूषण ओझा 'मुकुल', अखिलेश ओझा, लक्ष्मण शर्मा, मृणाल चौबे, ललित कुमार, वीरेंद्र चौबे, अजीत भगत, दिलीप तिवारी सहित कई पर्यावरण रक्षक उपस्थित थे।

## अस्पताल, मॉल और बैंक सभी अग्नि सुरक्षा मानक पूरा करें : डीसी



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक मंगलवार को उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने जिला अंतर्गत स्थित सभी सरकारी एवं गैर सरकारी अस्पतालों, नर्सिंग होम, होटल, मॉल, रेस्टोरेंट एवं सभी बैंकों में अग्नि सुरक्षा से संबंधित ऑडिट रिपोर्ट अगले 15 दिनों में समर्पित करने का निर्देश दिया। बैठक के दरम्यान जिला आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से आपदा की स्थिति में उपयोग किए जाने वाले आवश्यक एवं उपयोगी उपकरणों का वितरण किया गया। जिसमें सायरन, लाइफ जैकेट, लाइफ सेविंग रिंग, मेगा फोन, स्ट्रेचर एवं फर्स्ट एड बॉक्स दी गयी। उपायुक्त ने कहा कि आम नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है इसलिए ऐसे सभी संस्थान जहां आम नागरिकों की सुरक्षा का संबंध हो वैसे सभी संस्थाओं में सुरक्षा के हर मानक सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने अग्निशमन पदाधिकारी को सभी होटल, रेस्टोरेंट, अस्पताल, नर्सिंग होम आदि में अग्नि सुरक्षा ऑडिट करते हुए व्यापक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने नगर क्षेत्र में अवस्थित हाईराइज बिल्डिंग्स, अपार्टमेंट में भी अग्नि सुरक्षा एवं अन्य सुरक्षात्मक मानकों के ऑडिट का निर्देश दिया। वैसे हाईराइस बिल्डिंग्स जो निगम के अनुमति के बगैर निर्माण किये गये हैं, जो भवन निर्माण के सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं करते उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई का भी निर्देश दिया।

### महुदा इंटर कॉलेज में 'शिक्षा का आपातकाल'

# न्याय की लड़ाई पर उतरे कर्मचारी

**सचिव-प्राचार्य पर आंदोलन कुचलने की साजिश का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** शिक्षा जगत में महुदा इंटर महाविद्यालय दागदार हो चुकी हैं, संस्थान इन दिनों शिक्षा के किले पर मंडराते आपातकाल की भयावह तस्वीर पेश कर रहा है। कभी गुणवत्ता और मयार्दा का पर्याय रहा यह संस्थान आज भ्रष्टाचार, मनमानी और दमनकारी तंत्र के आरोपों में बुरी तरह घिर चुका है। सचिव दीप नारायण शर्मा और प्रबंधन की कथित तानाशाही से त्रस्त कर्मचारियों का सब्र आखिरकार टूट गया, और मंगलवार को वे आमरण अनशन पर बैठने को मजबूर हो गये। शाम ढलते ही आंदोलन की चिंगारी लपटों में बदल गयी मशालों की रोशनी में गूंजते नारों के साथ जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और युवा सड़क पर उतर आए। कॉलेज प्रबंधन के विरुद्ध यह जुलूस स्पष्ट संकेत दे रहा था कि अब जनता अन्याय और अराजकता को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। अनशन पर बैठे सुरेश रजक ने कई गंभीर और विस्फोटक मांगें रखते हुए आरोप लगाया कि कॉलेज प्रशासन मनमर्जी से शिक्षकों ५'र कर्मियों को बर्खास्त कर रहा है, और एक अयोग्य कनिष्ठ शिक्षक को प्रभारी प्राचार्य बनाकर योग्यता तथा नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। साथ ही सचिव पर 1998 से 2014 तक इपीएफओ में कथित रूप से फर्जी कर्मचारी बनकर राशि जमा कराने जैसे गंभीर आरोप लगाये गये। बकाया वेतन का तत्काल भुगतान, फ्रिज बैंक खाता चालू करने, पिछले दस वर्षों का सामाजिक अंकेक्षण, दान राशि का पारदर्शी ब्योरा प्रकाशित करने तथा इंटर और डिग्री कॉलेज के प्रबंधन को अलग-अलग संस्थाओं के रूप में चलाने की मांग भी जोड़ी गये। उधर सचिव और प्रभारी प्राचार्य द्वारा आंदोलनकारियों को 'शांति भंग' का हवाला देते हुए न्यायालय जाने का अल्टीमेटम थमाना, कर्मचारियों ने सीधे-सीधे धमकाने और आंदोलन कुचलने की साजिश बताया। सुरेश रजक और गौतम महतो ने महुदा थाना प्रभारी को लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया कि प्रबंधन असामाजिक तत्वों के सहारे धरना तोड़ने की तैयारी में है और वातावरण को भयभीत करने की कोशिश हो रही है। पीड़ितों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, उनका आमरण संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।

# बीएसएल ने पहली बार चेकर प्लेट रोलिंग कर रचा इतिहास



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट ने पहली बार सफलतापूर्वक चेकर प्लेट रोलिंग कर उत्पादन क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। यह सफलता न केवल बीएसएल की उच्च तकनीकी दक्षता को प्रमाणित करती है, बल्कि उत्पाद विविधीकरण एवं बाजार विस्तार की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है. प्रायोगिक चरण में 1,250 मिमी से 1,500 मिमी चौड़ाई तथा 5 से 6 मिमी मोटाई के कुल 12 कॉयल्स का उत्पादन किया गया। संपूर्ण प्रक्रिया को बीएसएल की कुशल तकनीकी टीम ने आंतरिक संसाधनों के माध्यम से अपने माइक्रो प्लानिंग, उपयुक्त मशीन सेट-अप और सतत निगरानी के साथ सफलतापूर्वक अंजाम दिया। गौरतलब है कि देश में चेकर प्लेट की वार्षिक मांग लगभग 3,60,000 टन आंकी गयी है। बीएसएल में चेकर प्लेट के वाणिज्यिक उत्पादन आरंभ होने के साथ, नियमित एचआर कॉयल उत्पादन के अतिरिक्त प्रतिमाह लगभग 30,000 टन की वृद्धि का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही, एचआर कॉयल की तुलना में प्रति टन लगभग 1,500 रूपए अधिक नेट सेल्स रियलाइजेशन (ठरफ) प्राप्त होने से बीएसएल के वित्तीय प्रदर्शन में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी सुनिश्चित होगी। बीएसएल में वाणिज्यिक उत्पादन को गति प्रदान करने हेतु एडामाइट रोल्स की खरीद, एल 1 एवं एल 2 ऑटोमेशन सिस्टम्स का उन्नयन तथा आवश्यक आईएसओ प्रमाणन सहित तकनीकी आधुनिकीकरण कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है, जिसके जनवरी 2026 तक पूर्ण होने की संभावना है। यह उपलब्धि अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन, अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन) अनूप कुमार दत्त तथा मुख्य महाप्रबंधक (हॉट स्ट्रिप मिल) पीके वर्मा के नेतृत्व में संभव हो सकी है। शीर्ष प्रबंधन ने पूरी टीम के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना करते हुए सभी को बधाई दी।

## नगर निगम की जमीन पर निजी कार्यालय निर्माण की जांच शुरू

**कांग्रेस नेता उपेंद्र सिंह पर आरोप, जन शिकायत के बाद टीम पहुंची स्थल पर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** नगर निगम ने मंगलवार को पुराना बाजार, रेलवे सिनेमा रोड स्थित कांग्रेस नेता उपेंद्र सिंह के निजी कार्यालय की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि हरिसभा मंदिर और प्रभात होटल के मध्य स्थित निगम की भूमि पर बिना अनुमति निजी कार्यालय निर्माण कराने की शिकायत उपायुक्त के पास दर्ज करायी गयी थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने नगर निगम को तत्काल मामले की जांच का आदेश दिया था। इसी क्रम में मंगलवार दोपहर नगर निगम की टीम हरिसभा मंदिर के समीप बने उपेंद्र सिंह के निजी कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंची। टीम ने मौके पर जाकर निर्माण स्थल का बारीकी से मुआयना किया और नक्शे तथा दस्तावेजों की तुलना की। सूत्रों के अनुसार नगर निगम अब अपने पुराने रिकॉर्ड, नक्शे और बाजार समिति के दस्तावेजों की जांच कर रहा है। निगम अधिकारियों ने बताया कि बाजार समिति की विस्तृत रिपोर्ट मिलने के बाद यह स्पष्ट होगा कि निर्माण अधिकृत है या अवैध। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई की जायेगी।

## माकपा ने इंडिगो की विफलता की जांच कराने की रखी मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिंदरी/ धनबाद।** सीपीएम के जिला सचिव कामरेड विकास कुमार ठाकुर ने देश में विमान यात्रियों की घोर अनदेखी पर अपनी कड़ी नाराजगी जतायी है और इसकी जांच कराने की मांग की है। कामरेड विकास ने कहा कि नागरिक उड्डयन महानिदेशक (डीजीसीए) द्वारा लाये गये नये नियमनों, उसके बाद आये न्यायिक निर्देशों का मकसद विमान चालक दल, खासतौर पर विमान चालकों की थकान से निपटना था और आम तौर पर विमान यात्रियों की सुरक्षा चिंताओं का समाधान करना था। एक ओर तो, ऐसा करने के लिए पर्याप्त समय होने के बावजूद, इंडिगो ने पर्याप्त तैयारियां नहीं कीं और इस तरह अपनी सेवाओं को करीब-करीब ठप्प ही कर दिया। इन अभूतपूर्व हालात के सामने, वे डीजीसीए को धकियाकर इसके लिए राजी करने में भी कामयाब हो गये कि इन नियमों के परिपालन को स्थगित कर दे और इस प्रकार सुरक्षा के साथ गंभीर रूप से समझौता करे। उन्होंने कहा कि वर्तमान संकट, उस ढांचागत खामी का नतीजा है, जो पिछले कई वर्षों में विमान परिवहन क्षेत्र में पैदा कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि इन अनुचित घटनाक्रमों को देखते हुए, सीपीएम मांग करता है कि फौरन, चाहे सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में या एक संयुक्त संसदीय कमेटी के जरिए, एक समुचित स्वतंत्र जांच करायी जाए, ताकि जो लोग भी जिम्मेदार हैं, उनकी जवाबदेही तय की जा सके।

## दि पेंटिकॉस्टल असेंबली के छात्रों ने किया साइंस सिटी का भ्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** दि पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल, बोकारो ने चौथी से सातवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों हेतु साइंस सिटी, पुरुलिया की शैक्षणिक यात्रा आयोजित की। इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के सिद्धांतों, वैज्ञानिक प्रयोगों तथा आधुनिक तकनीक को प्रत्यक्ष रूप से देखने और समझने का अवसर प्रदान करना था। पुरुलिया साइंस सिटी एक आधुनिक, शैक्षणिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने वाली संस्था है। जिसका उद्देश्य छात्रों और आम लोगों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा, प्रयोगधर्मिता और नवाचार को बढ़ावा देना है। यह स्थान विज्ञान को केवल सिद्धांत नहीं, बल्कि अनुभव और प्रयोग के रूप में समझाने के लिए विशेष रूप से विकसित किया गया है। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के वास्तविक मॉडलों, प्रयोगों और तकनीकी प्रदर्शनों से प्रत्यक्ष परिचय कराना था, ताकि वे किताबों में पढ़े सिद्धांतों को व्यवहार में समझ सकें। इस वैज्ञानिक शैक्षणिक यात्रा में लगभग 414 विद्यार्थी शामिल थे। साइंस सिटी पहुंचते ही छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी भवन का निरीक्षण किया। जीव-विज्ञान प्रयोगशाला में बच्चों ने वैज्ञानिक उपकरणों, मॉडल्स और जीवों के नमूनों को देखा। बच्चों को माइक्रोस्कोप (सूक्ष्मदर्शी ) से पौधों एवं जंतुओं की छोटी-छोटी कोशिकाओं को देखने और समझने का अवसर मिला। विद्यार्थियों ने डीएनए संरचना तथा डायनासोर की हड्डियों के ढांचे को देखते हुए उसके बारे में भी जाना। इस यात्रा का मुख्य आकर्षण था विज्ञान दीर्घा जहां भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान और पर्यावरण से जुड़े अनेक प्रदर्शन रखे गये हैं। घर्षण, प्रकाश परावर्तन, चुम्बकत्व, ध्वनि तरंगों और ऊर्जा परिवर्तन के प्रयोग छात्रों के लिए अत्यंत रोचक रहे। वहीं, इनोवेशन जोन में छात्रों को सरल वैज्ञानिक यंत्रों के मॉडल देखने और चलाने का अवसर मिला। वाटर पम्प, मिनी जनरेटर, टरबाइन, सोलर मॉडल इत्यादि ने तकनीकी ज्ञान को और गहरा किया। मौके पर बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए प्रधानाचार्या डॉ करुणा प्रसाद ने कहा कि साइंस सिटी केवल देखने की जगह नहीं बल्कि यह एक ऐसा शिक्षण-केंद्र भी है, जहां प्रत्येक मॉडल आपको विज्ञान के सिद्धांतों को सरल एवं अनुभवात्मक रूप में समझाता है।

## गैस रिसाव से प्रभावित लोगों को राहत दिलाये बीसीसीएल : अनुपमा सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**केंदुआ/ धनबाद।** लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी एवं राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की वर्किंग प्रेसिडेंट अनुपमा सिंह ने गैस रिसाव प्रभावित इलाकों का दौरा किया और पीड़ितों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जहरीली गैस रिसाव की घटना में निर्दोष लोगों की मृत्यु पर मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करती हूं। यह अत्यंत दुखद और हृदयविदारक घटना है। मैं केंद्र सरकार की अनुषंगी इकाई बीसीसीएल से मांग करती हूं कि मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये का उचित मुआवजा दिया जाये। राज्य की हमारी अबुआ सरकार में सर्वप्रथम घोषित 4-4 लाख रुपये दिये जायेंगे। आगे कहा गैस रिसाव को प्राथमिकता के आधार पर तुरंत रोका जाये, न कि विस्थापन के नाम पर लोगों को डराया धमकाया ना जाए। यहां के लोग कई पीढ़ियों से इसी क्षेत्र में रहकर अपना आजीविका चला रहे हैं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि धनबाद जैसे शहर में डीजीएम एस सिंफर और आइएसएम जैसे राष्ट्रीय स्तरीय संस्थान होने के बावजूद गैस रिसाव जैसी गंभीर समस्या पर विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा – यह सरासर गलत है। इस दौरान स्थानीय लोगों ने अनुपमा सिंह को बताया कि आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा हेवी ब्लास्टिंग की जा रही है, गैर-कानूनी ढंग से कोयला निकासी हो रही है तथा चानक में लगे वेंटिलेशन फैन हटाए जा चुके हैं, जिसके कारण अंदर ही अंदर गैस का दबाव बढ़ रहा है। श्रीमती सिंह ने प्रशासन से मांग की है कि प्रशासन बीसीसीएल व आउटसोर्सिंग कंपनियां सख्त कार्रवाई करे सुरक्षा के सभी मापदंडों के अनुरूप कार्य हूं और यह सुनिश्चित करे कि स्थानीय लोगों को विस्थापन के नाम पर डराया न जाये। यहां रहने वाले परिवारों को सभी सुविधाएं, सुरक्षा और संरक्षण दिया जाये।


JAPIT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology

(An Autonomous body under Department of Information Technology, Govt. of Jharkhand)
Ground Floor, Engineer's Hostel – I,
Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401040, 2401067 Fax.- 0651-2401040

NOTICE INVITING TENDER (NIT)

On behalf of the MGM Medical College, Jamshedpur, JAP-IT re-invites Online Bids through Jharkhand e-procurement portal (https:\\Jharkhand tenders.gov.in) for "Selection of System Integrator for Annual Maintenance of Items Installed at MGM Medical College, Jamshedpur". Details are as follows :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender Reference number | JAP-IT/AMC/02/2025 |
| 2. | Name of Work | Selection of System Integrator for Annual Maintenance of Items Installed at MGM Medical College, Jamshedpur |
| 3. | Tender Fee | INR 10,000/-(Rupees Ten Thousand only) through Jharkhand e-Procurement portal |
| 4. | Earnest Money Deposit (EMD) | INR 1,00,000/- (Rupees One Lakh Only) through Jharkhand e-Procurement portal |
| 5. | Start date/time of downloading Tender document | 17-12-2025, 03:00 PM |
| 6. | Site Visit Schedule | 22-12-2025 to 26-12-2025 (From 11.30 AM at 4.30 PM) |
| 7. | Start date of bid submission | 26-12-2025, 03:00 PM |
| 8. | Last date and time of Online Bid Submission | 19-01-2026, 03:00 PM |
| 9. | Technical Bid Opening | 20-01-2026, 03:30 PM |
| 10. | Commercial Bid Opening | To be informed later. |
| 11. | Place of Bid Submission/ Bid Opening | JAP-IT, Ground Floor, Engineers Hostel 1, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 12. | Contact for Site Visit | Principal, MGM Medical College, Jamshedpur Dimna Road, Mango, Jamshedpur, East Singhbhum, Jharkhand, Pin -831020 Email ID :- mgmmedicalcollege.jamshedpur@gmail.com |
| 13. | Contact e-mail ID | Tel: 0651-2401044 Email: ceo.japit@jharkhandmail.gov.in / japit_doit@rediffmail.com |

Note: 1. JAP-IT reserves the right to change the conditions or cancel the tendering process at any stage without assigning any reason thereof. Please visit the portal regularly for the same.
2. The Bidders are advised to submit the Bids well in advance as JAP-IT/GoJ will not be responsible for non-submission of the bids because of any technical glitches

Sd/-
Officer on Special Duty,
JAP-IT

PR 368114 Information Technology(25-26).D



कार्यालय उपायुक्त-सह जिला दण्डाधिकारी, राँची
(जिला समाज कल्याण शाखा)

आवश्यक सूचना

राँची जिला अन्तर्गत हिंसा से पीड़ित/निराश्रित महिलाओं को आश्रय प्रदान करने हेतु "शक्ति सदन" का संचालन अरसण्डे, काँके, राँची में किया जा रहा है।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि कोई निराश्रित महिला आपके आस–पास है तो उन्हें "शक्ति सदन", अरसण्डे, काँके, राँची में आश्रय दिलाने हेतु Toll Free No. 181 पर Call कर सकते हैं अथवा अपने प्रखण्ड के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी/जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, राँची से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,
राँची

PR 368097 Social Welfare,Women and Child Development (25-26)_D



Jharkhand Education Project Council, Ranchi
An ISO 9001:2015 certified

e-Procurement Notice

Jharkhand Education Project Council invites Request for Proposal (RFP) for empanelment of Vocational Training Providers (VTPs) for providing Vocational Trainers in 272 schools consisting 139 PM SHRI schools, 109 Samagra Shiksha Schools, and 24 Netaji Subhash Chandra Bose Avasiya Vidyalaya (NSCBAV) for total 520 school units under National Skill Qualification Framework (NSQF) subjects approved under PM SHRI, Samagra Shiksha and State Budget. The detailed tender document can be seen in the website https://gem.gov.in/ only. Interested bidder can submit their bid through the portal https://gem.gov.in/.

Notice Ref No: VOC/40/JEPC/03/2024/6125
Dated : 04.12.2025

Sd/-
(Shashi Ranjan)
State Project Director

PR 368109 (Jharkhand Education Project Council) 25-26 (D)

# वंदे मातरम का विरोध गांधी परिवार के खून में : अमित शाह

- नेहरू ने 1937 में 2 हिस्सों में बांटा, गीत न बंटता तो देश भी न बंटता

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम पर मंगलवार को चर्चा हुई। इस दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू ने 1937 में वंदे मातरम के केवल दो अंतरों को मान्यता दी थी। यहीं से देश में तुष्टीकरण की राजनीति शुरू हुई। शाह ने कहा कि इस तरह के फैसलों ने आगे चल कर देश के विभाजन का रास्ता तैयार किया। अगर उस समय पूरा वंदे मातरम स्वीकार किया जाता तो शायद भारत का विभाजन न होता।

शाह ने संबोधन में कहा कि जब वंदे मातरम 100 साल का हुआ, पूरे देश को बंदी बना दिया गया। जब 150 साल पर कल सदन (लोकसभा) में चर्चा शुरू हुई, गांधी परिवार के दोनों सदस्य (राहुल-प्रियंका) नदारद थे। वंदे मातरम का विरोध नेहरू से लेकर आज तक गांधी परिवार के खून में है। दरअसल राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के मौके पर भारत सरकार की ओर से सालभर का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस क्रम में 8 दिसंबर को लोकसभा और 8 दिसंबर को राज्यसभा में चर्चा की गयी।


### वंदे मातरम पर चर्चा चुनाव से जुड़ी नहीं

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- जो लोग वंदे मातरम के महत्व को नहीं जानते वे इसे चुनाव से जोड़ रहे हैं। शाह के बयान को प्रियंका गांधी के बयान से जोड़ कर देखा जा रहा है। दरअसल एक दिन पहले लोकसभा में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा था- वंदे मातरम गीत 150 साल से देश की आत्मा का हिस्सा है। आज इस पर बहस क्यों हो रही है? मैं बताती हूं- क्योंकि बंगाल का चुनाव आ रहा। मोदी जी उसमें अपनी भूमिका निभाना चाहते हैं।

# जीडी गोयनका विद्यालय में एडवेंचर कैंप आयोजित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जीडी गोयनका विद्यालय में पिछले चार दिनों से विद्यालय के समस्त छात्रों के लिए एक रोचक डे-नाइट एडवेंचर कैंप का आयोजन किया गया है। इस कैंप में नर्सरी से लेकर कक्षा 11 तक के छात्रों ने पूरी उत्सुकता के साथ अपनी भागीदारी प्रस्तुत की है। टैरोलिनक्लाइंबिंग, जिपलाइनिंग, रिवर क्रॉसिंग, रैपलिंग, लैडर क्लाइंबिंग, रोप क्लाइंबिंग जैसे गतिविधियों को छात्रों ने बड़े धैर्य और उत्साह के साथ पूर्ण किया। यह कैंप 5 से 9 दिसंबर तक विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया था, कैंप के अंतिम दिन छात्रों ने विद्यालय में नाइट स्टे किया। रात्रि गतिविधि में नाना रोचक गतिविधियों के साथ-साथ बोन फायरिंग में गीत संगीत नृत्य द्वारा छात्रों ने अपने उत्साह और प्रसन्नता को प्रदर्शित किया।



विद्यालय ने इस कैंप के आयोजन के लिए एल्टीट्यूड एक्सपीडिशन कंपनी से प्रशिक्षित 18 प्रशिक्षकों को आमंत्रित किया था। इनकी देखरेख और विद्यालय के शिक्षकों के निरीक्षण में ये समस्त गतिविधियां संपन्न हुई।

प्रधानाचार्य डॉक्टर सुनील कुमार ने कहा कि ऐसी गतिविधियां छात्रों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़ कर व्यावहारिक अनुभव समस्या समाधान कौशल और प्रकृति से जुड़ाव प्रदान करने में सहायक है।

वाइस चेयरमैन अमन कुमार सिंह ने कहा छात्रों में अनुशासन धैर्य जिम्मेदारियां और सहकारिता की भावना को मजबूत करने के लिए भी बीच-बीच में ऐसे कैंप अति आवश्यक है। स्कूल प्रबंधन ने भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की घोषणा की।

# भाजपा चुनाव सुधार नहीं चाहती : राहुल गांधी

## चुनाव आयोग को कंट्रोल कर रही

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा में चुनाव सुधार (रक्फ़) पर 28 मिनट की स्पीच दी। कहा कि आरएसएस और भाजपा देश की संस्थाओं पर कब्जा कर रही हैं। इनमें चुनाव आयोग, इडी, सीबीआई, आईबी, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट शामिल हैं। इससे साफ है कि बीजेपी चुनाव आयोग को कंट्रोल और निर्देशित (डायरेक्ट) कर रही है। इससे लोकतंत्र को नुकसान हो रहा है। राहुल की स्पीच के दौरान 5 बार हंगामा हुआ। हरियाणा की वोटर लिस्ट में ब्राजीलियन मॉडल के जिक्र के समय कांग्रेस सांसदों द्वारा मॉडल की तस्वीर दिखाने पर स्पीकर ओम बिरला नाराज हो गए। कहा- ऐसे सदन नहीं चलेगा।

### तीन मांगें रखीं

1. मशीन रीडेबल वोटर लिस्ट सभी राजनीतिक दलों को चुनाव से एक माहपहले दी जानी चाहिए।
2. सीसीटीवी फुटेज डिस्ट्रॉय करने का नियम भी बदला जाना चाहिए।
3. चुनाव के बाद इवीएम देखने के लिए दिया जाये। वोट चोरी से बड़ा कोई एंटी नेशनल काम नहीं है। सरकार चुनाव सुधार नहीं चाहती।

### तीन सवाल पूछे

1. चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से उखकको क्यों हटाया गया।
2. दिसंबर 2023 में कानून बदला कि चुनाव आयुक्त को दंडित नहीं किया जा सकता।
3. चुनाव के 45 दिन बाद सीसीटीवी फुटेज क्यों डिलीट किये।

# बाबरी मस्जिद को दान देने के लिए लगातार आ रहे हैं फोन

- दुबई, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, मुंबई, हरियाणा और राजस्थान से 200 से ज्यादा फोन काल आने का किया दावा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर की प्रस्तावित बाबरी मस्जिद के लिए दान देने को टीएमसी के एक और विधायक व पूर्व आइपीएस अधिकारी हुमायूं कबीर के भी पास लगातार फोन आ रहे हैं। कोई उनसे क्यूआर कोड मांग रहा है तो कोई यूपीआइ आइडी। हुमायूं कबीर लोगों को यह कहते-कहते थक गए हैं कि वह बाबरी मस्जिद बनाने वाले हुमायूं कबीर नहीं हैं। हालात यहां तक पहुंच गए हैं कि हुमायूं को अपनी फेसबुक वाल पर यह पोस्ट करने पर मजबूर होना पड़ा है-मैं नहीं, हुजूर कोई और है, सियासत में जरूर साथ हैं। बता दें कि मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की आधारशिला रखने वाले हुमायूं कबीर जिले के भरतपुर के विधायक हैं।

पश्चिम मेदिनीपुर के डेबरा के विधायक हुमायूं कबीर का कहना है कि पिछले दो दिनों से उन्हें दुबई, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, मुंबई, हरियाणा, राजस्थान से दो सौ से ज्यादा काल आ चुकी हैं। सबकी एक ही गुजारिश है-आप मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद बनवा रहे हैं। मैं भी आपका साझीदार बनना चाहता हूं। हर कोई आनलाइन आर्थिक मदद करने को आतुर है।

हुमायूं ने बताया कि सबसे ज्यादा फोन बंगाल से नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश के देवबंद से आए हैं। कुछ लोग यह भी पूछ रहे हैं कि मस्जिद तक कैसे पहुंचा जाये, रहने की व्यवस्था है या नहीं, या खाने का क्या इंतजाम है? हुमायूं भी मुस्कुराते हुए जवाब दे रहे हैं कि सब कुछ है। निश्चिंत होकर जाइए। हालांकि हुमायूं ने कहा कि इसमें उन भोले-भाले लोगों का कोई कोई दोष नहीं। हम दोनों का नाम एक है और एक ही पार्टी के विधायक हैं। हुमायूं ने हंसते हुए मजकिया लहजे में कहा कि अगर मैंने सबको क्यूआर कोड भेज दिया होता, तो अब तक मेरे खाते में कुछ करोड़ रुपये जमा हो गये होते।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान को आइएमएफ से दूसरा लोन

## संकट से उबरने के लिए 11,000 करोड़ दिये, इकोनॉमी की तारीफ भी की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आइएमएफ) ने पाकिस्तान को आर्थिक संकट से उबरने के लिए 1.2 बिलियन डॉलर (करीब 11 हजार करोड़ रुपए) के फंड को मंजूरी दी है। इसमें 1 बिलियन डॉलर का लोन और क्लाइमेट प्रोग्राम के तहत 200 मिलियन डॉलर की सहायता शामिल है। आइएमएफ ने पाकिस्तान की तारीफ भी की और कहा कि उसने चुनौतियों के बावजूद इकोनॉमी को स्थिर रखा है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह दूसरा मौका है, जब आइएमएफ ने पाकिस्तान को लोन दिया है। उसने इससे पहले 9 मई को 1.4 बिलियन डॉलर (करीब 12,600 करोड़) का लोन दिया था। तब भारत ने आइएमएफ की एग्जीक्यूटिव बोर्ड की मीटिंग में फंडिंग पर चिंता जताई और कहा था कि पाकिस्तान इस फंड का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवाद फैलाने के लिए करता है। भारत समीक्षा पर वोटिंग का विरोध करते हुए उसमें शामिल नहीं हुआ। भारत ने तब कहा था- सीमा पार आतंकवाद को लगातार स्पॉन्सरशिप देना ग्लोबल कम्युनिटी को एक खतरनाक संदेश भेजता है। यह फंडिंग एजेंसियों और डोनर्स की प्रतिष्ठा को जोखिम में डालता है और वैश्विक मूल्यों का मजाक उड़ाता है। हमारी चिंता यह है कि आइएमएफ जैसे इंटरनेशनल फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन से आने वाले फंड का दुरुपयोग सैन्य और राज्य प्रायोजित सीमा पार आतंकवादी उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है।

### तीन किस्तों में 30 हजार करोड़ मिले

पाकिस्तान को यह फंडिंग 2024 में मिले एक बेलआउट प्रोग्राम का हिस्सा है, जो 37 महीनों तक चलेगा। इसमें किस्तों में उसे कुल 7 बिलियन डॉलर दिये जाने हैं। यह उसकी तीसरी किस्त है। जो पिछली यानी दूसरी किस्त के रिव्यू के बाद अप्रूव हुई है। मंगलवार (9 दिसंबर) को आइएमएफ के एग्जीक्यूटिव बोर्ड ने पाकिस्तान के इकोनॉमिक प्रोग्राम की दो रिव्यू पूरी की और 1.2 बिलियन डॉलर की अतिरिक्त फंडिंग को मंजूरी दे दी। पिछले साल से अब तक पाकिस्तान को आइएमएफ से कुल 3.3 अरब डॉलर (29.65 हजार करोड़ रुपये) मिल चुके हैं।

# केंद्र सरकार ने इंडिगो की उड़ानों में 10% कटौती की

- यह स्लॉट दूसरी एयरलाइंस को मिलेंगे
- 10 बड़े एयरपोर्ट पर आइएएस भेजे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में लगातार 8 दिन से चल रहे संकट के बीच सरकार ने इंडिगो पर भी सख्त एक्शन लिया है। सोमवार को सिविल एविएशन मंत्रालय की हाई लेवल मीटिंग के दौरान एयरलाइन की 10% फ्लाइट्स में कटौती का निर्देश जारी किया गया। यह कटौती हाई-डिमांड, हाई-फ्रीक्वेंसी रूट पर फ्लाइट में गयी है। इसका असर इंडिगो की रोजाना ऑपरेट होने वाली 2300 फ्लाइट्स पर पड़ेगा। यानी लगभग 230 फ्लाइट्स घट जायेंगी। इसके अलावा इंडिगो को बुधवार शाम 5 बजे तक डीजीसीए को एक बदला हुआ शेड्यूल जमा करने का भी निर्देश दिया गया है।

इधर केंद्र ने मौजूदा हालात की जांच के लिए 10 बडे एयरपोर्ट पर सीनियर अफसरों को तैनात किया है। ये लोग पता लगायेंगे कि यात्रियों को कौन-कौन सी परेशानी आ रही है। ये अफसर डिप्टी सेक्रेटरी, डायरेक्टर और जॉइंट सेक्रेटरी लेवल के हैं। 10 बड़े एयरपोर्ट में मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता, चेन्नई, अहमदाबाद, पुणे, गुवाहाटी, गोवा और तिरुवनंतपुरम शामिल हैं। उधर, मंगलवार को इंडिगो की 400 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल होने का सिलसिला मंगलवार को भी जारी है।

# बंगाल में मृत और स्थानांतरित मतदाता विहीन बूथों की संख्या घट कर मात्र दो रह गयी है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** बंगाल में ऐसे बूथों की संख्या 2,208 से घटते-घटते मात्र दो पर आ गयी है, जहां एक भी मृत व स्थानांतरित मतदाता नहीं हैं। जब 2,208 बूथों के नाम सामने आये थे, तब इसे लेकर प्रश्न उठे थे। चुनाव आयोग ने संबधित जिला चुनाव अधिकारियों, जो कि जिलाधिकारी हैं, से इस पर रिपोर्ट मांगी थी। उसके बाद से ऐसे बूथों की संख्या तेजी से घटने लगी।

नयी रिपोर्ट के अनुसार अब मात्र दो बूथ ही ऐसे हैं, जहां पिछले एक साल में किसी मतदाता की मृत्यु नहीं हुई है और कोई स्थानांतरित नहीं हुआ है। इनमें हावड़ा व पश्चिम मेदिनीपुर जिले के एक-एक बूथ हैं।

पहले इस सूची में सबसे अधिक बूथ दक्षिण 24 परगना जिले में थे। वहां के 760 बूथों में बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) ने जितने गणना प्रपत्र वितरित किये थे, उतने ही भरकर वापस आये थे।






## केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने वामपंथी उग्रवाद पर पूछे गये सवाल का दिया जवाब

# वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ समग्र और प्रभावी ठोस नीति बनायी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी बुनियादी ढांचे से संबंधित योजना के बारे में मंगलवार को लोकसभा में पूछे गये एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मोदी सरकार ने वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ एक समग्र और प्रभावी ठोस नीति बनायी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सक्षम नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में सरकार ने वामपंथी उग्रवाद के उन्मूलन के लिए प्रभावी कदम उठाये हैं और इसके बहुत अच्छे परिणाम आये हैं।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने जवाब देते हुए कहा कि वामपंथी उग्रवादी को न तो भारत के संविधान में विश्वास है, न ही भारत के लोकतंत्र में विश्वास है। भारत राष्ट्र के संस्थापक सिद्धांतों पर इनको कोई भरोसा नहीं है। इन वामपंथी उग्रवादियो ने हजारो-हजार निर्दोष लोगों की हत्या की है। हजारों बच्चों को अनाथ किया है और हजारों महिलाओं का सुहाग उजाड़ा है। वामपंथी उग्रवाद की समस्या वर्ष 1967 से चली आ रही है।

उन्होंने कहा कि एक समय था जब पशुपतिनाथ से लेकर तिरुपति तक का पूरा क्षेत्र रेड कॉरिडोर कहलाता था, अब सिमट थोड़ा बचा हैं। प्रधानमंत्री के सक्षम नेतृत्व मे और गृहमंत्री के सफल मार्गदर्शन में मार्च 2026 तक वामपंथी उग्रवाद का सफाया हो जायेगा। अब बचने वाला नहीं है।

उन्होंने कहा कि पहले की सरकारें वामपंथी उग्रवाद को राज्य की समस्या मानती थीं, जिसके कारण केन्द्र ने वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ कोई ठोस नीति नहीं बनायी थी। लेकिन मोदी सरकार ने वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ एक समग्र और प्रभावी ठोस नीति बनायी। जहां केंद्र सरकार ने वामपंथी उग्रवाद का सफाया करने का संकल्प लिया। राज्य सरकारों के साथ मिलकर इस अभियान को सफल बनाया जा रहा है ।

मोदी सरकार ने इस हिंसक उग्रवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी अपनायी। चहुमुखी विकास सुनिश्चित करने के लिए मोदी सरकार ने वर्ष 2015 में Whole of Government approach अपनाते हुए एक समग्र नीति एवं कार्ययोजना बनायी। इसके तहत विभिन्न सुरक्षा एवं विकास कार्य किये गये हैं। राज्यों को आवश्यकतानुसार सीएपीएफ बटालियन दी गयी हैं। वर्तमान में 574 कंपनिया वामपंथी उग्रवाद क्षेत्र में तैनात हैं।

### 2014 से अब तक 9,588 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया



आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के पुनर्वास के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाये गये कदमों के बारे में पूछे गये पूरक सवाल के जवाब में केंद्रीय गृह राज्य मंत्रीनित्यानंद राय ने कहा कि सरकार के सुरक्षा तंत्र और आसूचना तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए किए गए प्रयासों के फलस्वरूप जून 2019 से अब तक 29 टॉप नक्सली लीडर्स न्यूट्रलाइज्ड किये गये है, जिनमें से इसी वर्ष 14 सीसीएम/पीबीएम न्यूट्रलाइज्ड किये गये। 2019 से लेकर अब तक 1106 एलडब्ल्यूइ काडर मारे गये, 7311 अरेस्ट हुए तथा 5571 नक्सलियों ने सरेंडर किया। आत्मसमर्पण करने वाले वामपंथी उग्रवादियों को तत्काल अनुदान एवं अन्य वित्तीय सहायता दी जा रही हैं, जैसे उच्च कैडर को 5 लाख, अन्य कैडर को 2.50 लाख, हथियार के साथ आत्मसमर्पण पर अतिरिक्त वित्तीय प्रोत्साहन तथा प्रशिक्षण हेतु 3 वर्षों तक 10 हजार मासिक वजीफा दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, गृह मंत्रालय ने राज्यों को प्रोत्साहित करके उनकी पुनर्वास नीतियां बनवाई हैं, जिनमें भारत सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं के कन्वर्जेन्स को भी सुनिश्चित किया गया है। इनमें पीड़ित परिवार के बच्चों को निशुल्क शिक्षा/ छात्रावास, संस्थानों में प्रवेश में वरीयता और शिक्षण संस्थानों में छात्रवृत्ति दी जा रही है। घायल या अपंग व्यक्तियों को राहत राशि, मुफ्त उपचार, कृषि भूमि/आवासीय भूमि की सहायता, रोजगार/ औद्योगिक अनुदान, दिव्यांगजन योजनाओं में प्राथमिकता। महिलाओं को राहत राशि, योजनाओं में प्राथमिकता, कुटीर उद्योग से रोजगार व बाजार सुविधा , बाजार में निशुल्क दुकान/ सुविधा, निशुल्क कौशल प्रशिक्षण। पुलिस सहयोगियों को राहत राशि , कृषि भूमि/आवासीय भूमि की सहायता , राज्य सरकार में नौकरी/अनुदान, डीडीयू आवास योजना में 2% आरक्षण, नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण आदि। यह हमारे लिए हर्ष की बात है कि प्रभावशाली पुनर्वास नीति का लाभ अब तक इस वर्ष में 2,167 माओवादियों द्वारा लिया जा चुका है जिन्हे अब मुख्य धारा में शामिल किया जा रहा है। इससे शेष बचे काडर को भी मुख्य धारा में शामिल होने की प्रेरणा मिल रही है।


VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**